सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 13 नम्बर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 307, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 821 अंकों की गिरावट

सेंसेक्स 820 .97 अंक या 0 .01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,675 .18 अंक पर बंद हुआ। } 14

## हमारे अस्तित्व के लिए बेहद अहम है पर्यावरण संरक्षण

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उज्जैन में अखिल भारतीय कालिदास समारोह के उद्घाटन समारोह में कहा कि आज की ज्वलंत समस्या पर्यावरण की है। पर्यावरण का संरक्षण हमारे अस्तित्व के लिए अहम है। } 16



संक्षेप

### एयर इंडिया में विस्तारा एयरलाइंस का विलय



नयी दिल्ली। तेजी से बढ़ते भारतीय विमानन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण एकीकरण के तहत एयर इंडिया ने मंगलवार को विस्तारा के साथ विलय को पूरा कर लिया। अस्तित्व में आई इस एकीकृत एयरलाइन का आंशिक स्वामित्व सिंगापुर एयरलाइंस (एसआईए) के पास रहेगा। यह एयरलाइन प्रतिदिन 1,20,000 से अधिक यात्रियों को सेवाएं देगी और 90 से अधिक गंतव्यों को जोड़ेगी। विलय की घोषणा नवंबर, 2022 में की गई थी।

### व्यापारी ने की पत्नी व तीन बच्चों की हत्या

इटावा (उप्र)। जिले में एक आभूषण व्यापारी ने सोमवार को अपनी पत्नी, दो बेटियों और एक बेटे को जहरीला पदार्थ खिलाकर कथित तौर पर मार डाला और फिर इटावा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। इटावा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने सोमवार देर रात बताया कि शहर क्षेत्र के कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला लालपुरा में चार मंजिला एक मकान में चार भाई अपने अपने परिवार के साथ एक-एक मंजिल पर रह रहे थे। उन्होंने बताया कि इनमें से आभूषण व्यापारी मुकेश वर्मा की पत्नी रेखा (40), उनकी दो बेटियों भव्या (22), काव्या (17) और बेटे अभीष्ट (12) के शव अलग-अलग कमरों में पड़े मिले। उन्होंने बताया कि यह घटना तब सामने आई जब सोमवार की शाम मुकेश वर्मा ने अपनी पत्नी और बच्चों के शवों के फोटो अपने मोबाइल फोन के स्टेटस पर अपलोड किए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के अनुसार, स्टेटस देखने के ...शेष पृष्ठ 14 पर

### सलमान को धमकाने वाला कर्नाटक से गिरफ्तार

मुम्बई। एक उभरते गीतकार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उस पर सलमान खान को कथित तौर पर धमकी भरे संदेश भेजने और गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर उनसे पांच करोड़ रुपये मांगने के आरोप हैं। पुलिस ने दावे के मुताबिक कर्नाटक के रायचूर से पकड़ा गया सोहेल पाशा अपने लिखे एक गीत को मशहूर करना चाहता था, इसी वजह से उसने यह तरीका अपनाया। मुंबई ट्रैफिक पुलिस की व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर 7 नवंबर को कई संदेश आए, जिसमें कहा गया था कि संदेश भेजने वाला बिश्नोई गिरोह का सदस्य है। इस संदेश में चेतावनी दी गई थी कि अगर सलमान खान ने पांच करोड़ रुपये नहीं दिए तो उनकी हत्या कर दी जाएगी।

## लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने आज ओडिशा के तट पर चांदीपुर में मौजूद एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से मोबाइल आर्टिकुलेटेड लॉन्चर से लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल (एलआरएलएसीएम) का पहला उड़ान परीक्षण किया।

इस परीक्षण के दौरान, सभी उप-प्रणालियों ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया और प्राथमिक मिशन उद्देश्यों को पूरा किया। इस मिसाइल के प्रदर्शन की निगरानी रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम (ईओटीएस) और टेलीमेट्री जैसे ...शेष पृष्ठ 14 पर



लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का परीक्षण

## दलित, पिछड़ों, आदिवासियों को बांटना चाहती है कांग्रेस : मोदी

### एकजुटता टूटी तो शाही परिवार सबसे पहले गरीबों से छीन लेगा आरक्षण

एजेंसी

चिमूर (महाराष्ट्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस आरक्षण से चिढ़ती है और उसके शाही परिवार की हमेशा से मानसिकता रही है कि उसका जन्म देश पर शासन करने के लिए ही हुआ है। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले चिमूर में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा यही कारण है कि आजादी के बाद कांग्रेस ने दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों को कभी प्रगति नहीं करने दी। उन्होंने कहा कांग्रेस आरक्षण (के विषय) से चिढ़ती है। 1980 के दशक में राजीव गांधी के नेतृत्व में पार्टी द्वारा एक विज्ञापन प्रकाशित कर दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों को मिले




महाराष्ट्र में चुनावी रैली के दौरान जनता का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

विशेष अधिकारों पर सवाल उठाए गए थे। मोदी ने कहा कि यह पुराना विज्ञापन सोशल मीडिया पर साझा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पार्टी के आरक्षण विरोधी रवैये को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि देश में आदिवासी समाज की जनसंख्या करीब 10 प्रतिशत के आसपास है और कांग्रेस अब आदिवासी समाज को जातियों में बांटकर कमजोर करना चाहती है। उन्होंने कहा कांग्रेस चाहती है कि हमारे आदिवासी भाई एसटी के रूप में अपनी पहचान खो दें, उनकी ताकत से उनकी जो पहचान बनी है, वह बिखर जाए। आपकी एकता टूट जाए, ये कांग्रेस का खतरनाक खेल है। मोदी ने कहा कि आदिवासी समाज जातियों में बंटेगा तो उसकी पहचान और ताकत खत्म हो जाएगी। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 14 पर

# महाराष्ट्र को लव, भूमि जिहाद का अड्डा बना रहा विपक्ष

### महिला, गरीब और शोषित वर्ग की सुरक्षा के लिए यूपी सरकार ने अपनाया सख्त रुख : योगी

एजेंसी

अमरावती (महाराष्ट्र)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान हिंदू एकजुटता पर जोर देते हुए अपने पहले के नारे बटेंगे तो कटेंगे में बदलाव करते हुए एक हैं तो सेफ हैं की वकालत की। आदित्यनाथ ने अमरावती के अचलपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) पर महाराष्ट्र को लव जिहाद और भूमि जिहाद का अड्डा बनाने का आरोप लगाया और आगाह किया कि राज्य को (ऐसे कृत्यों के लिए) प्रयोगशाला नहीं बनना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और एमवीए गठबंधन के बीच विरोधाभास का उल्लेख किया। एमवीए में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) शामिल हैं। भारत के ऐतिहासिक विभाजन का जिक्र करते हुए




महाराष्ट्र में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

आदित्यनाथ ने कहा क्योंकि आप बंटे थे, इसलिए यह देश विभाजित हुआ और हिंदुओं को इसलिए मारा गया क्योंकि वे बंटे थे। इसलिए मैं आपसे कहने आया हूं: बंटिए मत। एक हैं तो सेफ हैं। उन्होंने अयोध्या मुद्दे का भी जिक्र करते हुए कहा कि हिंदुओं को 500 साल तक अपमान सहना पड़ा क्योंकि वे बंटे थे। आदित्यनाथ ने कहा, हम बंटे थे और इसीलिए हमें कष्ट सहना पड़ा। हम बंटे थे इसलिए कटे थे। आदित्यनाथ ने अयोध्या विवाद के समाधान की प्रशंसा की और इस मुद्दे के अंतिम समाधान के लिए 2014 से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और 2017 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल को श्रेय दिया। उन्होंने कहा, कांग्रेस कभी भी अयोध्या मुद्दे को हल नहीं करना चाहती थी, जिसे आखिरकार 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सुलझाया गया। आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नया भारत सबका साथ और सबका विकास के लिए काम करता है और सभी की सुरक्षा और प्रगति की गारंटी देता है। उन्होंने कहा अमरावती में लोकसभा चुनाव वाली गलती मत दोहराइए। अगर आप फिर से बंटे तो भगवान गणेश की पूजा पर हमला होगा और लव और भूमि जिहाद के नाम पर यहां की जमीनों पर कब्जा किया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। इस साल आम चुनाव में, कांग्रेस ने भाजपा उम्मीदवार नवनीत राणा को लगभग 20,000 मतों से हराकर अमरावती निर्वाचन क्षेत्र में जीत हासिल की थी। आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में लव जिहाद या भूमि जिहाद जैसा कोई मुद्दा नहीं है। आदित्यनाथ ने महिलाओं और गरीबों की सुरक्षा के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## महंगाई दर 14 माह के उच्चस्तर पर

नयी दिल्ली। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढ़कर 6.21 प्रतिशत हो गई, जो इससे पिछले महीने यानी सितंबर में 5.49 प्रतिशत थी। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने से खुदरा मुद्रास्फीति बढ़ी है। इस तरह खुदरा मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर के ऊपर निकल गई है। पिछले साल इसी महीने में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 4.87 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों से पता चलता है कि खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढ़कर 10.87 प्रतिशत हो गई, जो सितंबर में 9.24 प्रतिशत और पिछले साल अक्टूबर में 6.61 प्रतिशत थी। आरबीआई ने पिछले महीने नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखा था। सरकार ने केंद्रीय बैंक को मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत (दो प्रतिशत घट-बढ़) पर रखने की जिम्मेदारी दी हुई है। खुदरा मुद्रास्फीति पिछले साल सितंबर से आरबीआई के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से नीचे चल रही ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कासगंज : दीवार गिरी, मलबे में दबकर चार लोगों की मौत



जिला संवाददाता

कासगंज/आगरा (उप्र)। जिले के कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक दीवार ढहने से उसके मलबे में दबकर 10 साल की बच्ची समेत चार महिलाओं की मृत्यु हो गई। पुलिस के मुताबिक, कासगंज में पुल निर्माण के लिए खोदी गई खाई से मिट्टी निकालते समय यह हादसा हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद कासगंज के मोहनपुरा में मिट्टी का ढेर गिरने से हुए हादसे में जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। घटना ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यमुना घाटी के धार्मिक क्षेत्रों को करेंगे विकसित

### घाटों पर होगी विशेष आरती, युवाओं को मिलेगा रोजगार : धामी

प्रमुख संवाददाता

उत्तरकाशी (उत्तराखंड)। यमुना घाटी क्षेत्र के मनोरम प्राकृतिक सौन्दर्य और आध्यात्मिक महत्व के चलते इस क्षेत्र में पर्यटन व तीर्थाटन के विकास की विपुल संभावनाएं हैं। जिन्हें साकार करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार ने यमुना घाटी क्षेत्र के धार्मिक क्षेत्रों को विकसित कर 'श्रीकृष्ण यमुना तीर्थ सर्किट' विकसित करने का बीड़ा उठाया है।

यमुना नदी के तटों पर विभिन्न प्रकार के घाट बनाकर विशेष आरती की व्यवस्थाएं की जाएंगी। जिससे आजीविका के नए अवसर प्राप्त होंगे और आर्थिकी को भी सम्बल मिलेगा। उक्त बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार उत्तरकाशी के डामटा में



आयोजित यमुनाघाटी क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विकास समारोह को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। मुख्यमंत्री के डामटा कांडी में आयोजित इस समारोह में हजारों की संख्या में जुटे स्थानीय लोगों ने पारंपरिक ढंग से मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने मेले में जुटे ग्रामीणों के साथ रवांई-जौनसार-जौनपुर क्षेत्र के पारंपरिक लोक नृत्य में भी हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उपस्थित जन समुदाय को इस समारोह के आयोजन एवं लोक पर्व इगास बग्वाल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस क्षेत्र के लोगों ने अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने तथा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए इस समारोह के जरिए महत्वपूर्ण एवं सराहनीय प्रयास किया है। राज्य सरकार इस तरह के प्रयासों को निरंतर प्रोत्साहन देगी। मुख्यमंत्री ने इस समारोह के आयोजन के लिए पॉंच लाख रुपए देने की घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## प्रयागराज में दूसरे दिन भी जारी छात्रों का आंदोलन



जिला संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के पीसीएस प्री और आरओ-एआरओ की परीक्षा दो दिन में संपन्न कराने के निर्णय के विरोध में सोमवार को शुरू हुआ छात्र आंदोलन मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी है। देर रात जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस आयुक्त ने आयोग में बैठक की, जो बेनतीजा रही। आंदोलनरत छात्रों ने रात खुले आसमान के नीचे गुजारी और मंगलवार की सुबह फिर से धरना प्रदर्शन में ...शेष पृष्ठ 14 पर



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 30.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 20.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें


- कासगंज के चंदन हत्याकांड में फैसला सुरक्षित (पृष्ठ-02)
- किसान रजिस्ट्री, केसीसी तथा सर्वे में आयेगी तेजी (पृष्ठ-02)
- एक पैसा टूटकर सर्वकालिक निचले स्तर पर रुपया (पृष्ठ-14)
- शेयर बाजार में गिरावट से 5.29 लाख करोड़ डूबे (पृष्ठ-14)
- राज्यों के वित्त मंत्रियों से मिलेंगी निर्मला सीतारमण (पृष्ठ-14)


विशेष खबर — कमला बहुगुणा जन्मशताब्दी वर्ष पर वाद-विवाद प्रतियोगिता सम्पन्न

# डॉ .अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में मनाया गया कमला बहुगुणा जन्मशताब्दी वर्ष








स्वर्गीय कमला बहुगुणा के जन्मशताब्दी वर्ष पर हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता को किया गया सम्मानित, दीप प्रज्जवलित करते पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ . दिनेश शर्मा व उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्या

लखनऊ। स्वर्गीय कमला बहुगुणा की जन्मशताब्दी वर्ष पर हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति के तत्वावधान में मंगलवार को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के 40 विश्वविद्यालयों में आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता का फाइनल राउंड डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। इसका संचालन प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बीबीडी यूनिवर्सिटी की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता शामिल हुईं, इस मौके पर उनका सम्मान किया गया। साथ ही बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास भी मौजूद थीं। इसके अलावा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड विधानसभा की अध्यक्ष ऋतु खंडूरी ने शिरकत की, जबकि अध्यक्षता पूर्व उपमुख्यमंत्री व सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने की। उत्तर ...शेष पृष्ठ 14 पर

# योगी सरकार का पौष्टिक स्नैक्स बच्चों को बनायेगा हेल्दी

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य में सुधार की दिशा में उठाया ऐतिहासिक कदम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार द्वारा प्रदेश के बेसिक और जूनियर हाई स्कूल के बच्चों के समग्र विकास के लिए पौष्टिक भोजन के साथ पौष्टिक स्नैक्स उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। यह पौष्टिक स्नैक्स बच्चों को विशेष साप्ताहिक पोषण कार्यक्रम के तहत

- **बेसिक और जूनियर हाई स्कूल के बच्चों को पौष्टिक भोजन संग दिया जायेगा पौष्टिक स्नैक्स**
- **विशेष साप्ताहिक पोषण कार्यक्रम के तहत हर गुरुवार को दिया जायेगा पौष्टिक स्नैक्स**



दिये जाएंगे। इसमें मूंगफली की चिक्की, बाजरे के लड्डू और भुना चना आदि शामिल है। योगी सरकार ने मध्याह्न भोजन योजना को और अधिक प्रभावी संग लाभकारी बनाने के लिए पहल की है। यह पहल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगी।

**पौष्टिक स्नैक्स पर 95 करोड़ रुपये खर्च करेगी योगी सरकार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को नवंबर से बेसिक और जूनियर हाई स्कूल के बच्चों को विशेष साप्ताहिक पोषण कार्यक्रम के तहत हर गुरुवार को पौष्टिक स्नैक्स उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पीएम पोषण योजना के तहत कक्षा 1 से 8 तक के 1.74 करोड़ छात्रों को पौष्टिक भोजन प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से बच्चों को हर दिन 100 से 150 ग्राम अनाज दिया जा रहा है। इसी क्रम में उन्होंने बच्चों के पोषण को ध्यान में रखते हुए चक्की के लड्डू, बाजरे के लड्डू, मूंगफली की चिक्की, भुना चना जैसे खाद्य पदार्थ भी योजना में शामिल करने के निर्देश दिये हैं। इसके लिए योगी सरकार करीब 95 करोड़ रुपये खर्च करेगी। छात्रों को पौष्टिक स्नैक्स का लाभ देने के लिए प्रदेश भर में 3.72 लाख रसोइयों को नियुक्त किया गया है। इन्हे प्रत्येक माह 2000 रुपये का मानदेय और साल में एक बार यूनिफॉर्म के लिए 500 रुपये की सुविधा दी जा रही है। इसके अलावा रसोइयों को नियमित प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, ताकि वे बच्चों के लिए पोषण युक्त और स्वादिष्ट भोजन तैयार कर सकें। यह कदम योजना की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने और रसोइयों को बेहतर सेवाएं देने के लिए उठाया गया है।

**विशेष साप्ताहिक पोषण योजना की होगी डिजिटल निगरानी और सोशल ऑडिट :** बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योजना के कार्यान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए डिजिटल निगरानी और सोशल ऑडिट करने के निर्देश दिये हैं। इससे खाद्यान्न की आपूर्ति और उपयोग की सही जानकारी प्राप्त होगी। साथ ही योजना

- **योगी सरकार पौष्टिक स्नैक्स पर खर्च करेगी 95 करोड़ रुपये**
- **पौष्टिक स्नैक्स में बच्चों को मिलेगी मूंगफली की चिक्की, बाजरे के लड्डू और भुना चना**

के निष्पक्षता और प्रभावशीलता को सुनिश्चित किया जा सकेगा। बता दें कि वर्तमान में जिलों में नियमित निरीक्षणों के माध्यम से योजना की गुणवत्ता पर नजर रखी जा रही है, लेकिन यह काफी नहीं है। ऐसे में डिजिटल निगरानी और सोशल ऑडिट का निर्णय लिया गया है।

# किसान रजिस्ट्री, केसीसी तथा डिजिटल क्रॉप सर्वे के काम में आयेगी तेजी : शाही

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय में किसान क्रेडिट कार्ड, डिजिटल क्रॉप सर्वे तथा फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में समीक्षा बैठक की गयी। इसके साथ ही उन्होंने धान बुआई की डीएसआर तकनीक को क्रियान्वित किये जाने के संबंध में भी एक बैठक ली।

- **मंत्री ने अधिकारियों को दिये निर्देश, धान बुआई की डीएसआर तकनीक पर ली बैठक**

किसान क्रेडिट कार्ड, डिजिटल क्रॉप सर्वे तथा फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि किसान रजिस्ट्री का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत किसानों को किसान पहचान पत्र जारी किये जायेंगे। इसके लिए गॉवों में कैम्प लगाकर किसानों को जागरूक किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह रजिस्ट्री चार मोड में की जा सकेगी। पहला मोड वह स्वयं द्वारा, दूसरा मोड कामन सर्विस सेंटर द्वारा, तीसरा मोड सहायक द्वारा तथा चौथा मोड विभागीय कैम्प में शामिल होकर किसान स्वयं



को रजिस्टर कर सकते हैं। उन्होंने बैकों से आये प्रतिनिधियों को किसान क्रेडिट कार्ड बनाने में गति तीव्र करने के निर्देश दिये। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि गॉवों के नक्शों का मिलान ग्रामीणों के पास उपलब्ध नक्शों से करा लिया जाए। इस कार्यक्रम का संचालन राजस्व विभाग के साथ समन्वय कर किया जाए। बैठक में अपर सचिव कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार डा. प्रमोद कुमार महेन्द्र, मुख्य ज्ञान अधिकारी राजीव चावला, प्रमुख सचिव कृषि रवीन्द्र, सचिव कृषि अनुराग यादव, कृषि निदेशक, कृषि विभाग के अन्य उच्चाधिकारी तथा बैकों के प्रतिनिधि शामिल रहे। धान बुआई की डीएसआर तकनीक (सीधे खेत में धान बुआई की तकनीक अर्थात जिसमें रोपाई नहीं करनी पड़ती) पर आयोजित बैठक के दौरान कृषि मंत्री ने निर्देश दिये कि इस तकनीक को किसानों तक पहुंचाने से पूर्व इसकी सभी संभावित चुनौतियों पर विचार कर लिया जाना चाहिए। इसमें यह भी ध्यान रखना होगा कि यह तकनीक यूपी की कृषि परिस्थितियों पर प्रभावी हो। इस बैठक के दौरान प्रमुख सचिव कृषि रवीन्द्र, सचिव कृषि अनुराग यादव, अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान के निदेशक सुधांशु सिंह तथा विश्व बैक के प्रतिनिधि अजीथा राधाकृष्णन उपस्थित रहे।

# विकास कार्य धरातल पर नजर आने चाहिए : केशव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम्य विकास विभाग के बजट का समय से सदुपयोग किया जाना सुनिश्चित किया जाए। आवंटन के सापेक्ष व्यय और अधिक बढ़ाया जाए।

- **ग्राम्य विकास विभाग में सभी खाली पदों को भरने की प्रभावी कार्यवाही की जाये**
- **ग्राम चौपालों को और अधिक प्रबल व प्रभावी रूप से सफल बनाया जाये**
- **ग्राम्य विकास विभाग के बजट का समय से सदुपयोग किया जाना सुनिश्चित किया जाये**

इसकी लगातार समीक्षा व अनुश्रवण किया जाए। विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण किये जाये और प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

केशव के निर्देश दिए हैं कि ग्राम्य विकास विभाग में सभी खाली पदों को भरने की प्रभावी कार्यवाही की जाये। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि विभाग में भर्ती में आरक्षण के नियमों का अक्षरशः पालन किया जाना सुनिश्चित किया जाए। सभी पदों की सूची उपलब्ध करायी जाये। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन पदों का अधियाचन भेजा जाना अभी बाकी हो, उनका अधियाचन भी तत्काल भेजा जाये। इसमें कहीं किन्हीं औपचारिकताओं को पूर्ण किया जाना बाकी हो या कहीं कोई अड़चन हो, तो सम्बन्धित अधिकारी आपस में समन्वय कर समाधान सुनिश्चित करें। जो अधियाचन भेजे गये हैं उसकी समेकित सूचना उन्हें उपलब्ध करायी जाय।



मौर्य मंगलवार को अपने कैम्प कार्यालय पर आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बृहद स्तर पर की जाने वाली चौपालों के आयोजन की प्रभावी व ठोस रणनीति बनायी जाये। उन्होंने कहा कि चौपालों की गम्भीरता बनाये रखी जाये। चौपालों को भव्य स्वरूप दिया जाये। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक बसावटों को पीएमजीएसवाई की सड़कों से जोड़ने के लिए भारत सरकार को प्रपोजल भेजा जाये और इस योजना की सभी सड़कें एफडीआर तकनीक पर ही बनायी जायें। एफडीआर तकनीक से बनायी गयी सड़कों में बचत की गयी लगभग 2500 करोड़ की धनराशि का ब्यौरा देते हुए उसके सापेक्ष यूपी के लिए अतिरिक्त धनराशि आवंटन के प्रपोजल भेजने का कार्यवाही की जाये। कहा कि सड़कें निर्धारित मानकों के अनुरूप ही बने और गुणवत्तापूर्ण बने। उन्होंन निर्देश दिए कि टीएचआर प्लांटो को सोलर एनर्जी से जोड़ने की कार्यवाही कर उन्हें अनुदान दिलाने की कार्यवाही की जाये। जहां-जहां सोलर एनर्जी से जोड़ा गया है, उसकी सूची उपलब्ध करायी जाये। समूहों के उत्पादों की पैकेजिंग, गुणवत्ता व विपणन के लिए प्रभावी कदम उठाए जाये तथा समूहों द्वारा आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का भुगतान समय कराया जाये। डिप्टी सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश 30 लाख लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य की ओर लगातार अग्रसर है। इस कार्य में आजीविका रजिस्टर पर फीडिंग के कार्य में तेजी लायी जाये।

समूहों की दीदियों को अलग-अलग विभागों की स्कीमों से जोड़ने के प्रभावी प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा विभागीय कार्यों की प्रगति रिपोर्ट समय से उपलब्ध करायी जाये। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ग्राम्य विकास विभाग की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किया जाए। सभी अच्छे कार्य, गतिविधियां, आडियो, वीडियो, फोटोग्राफ समय से लगातार अपलोड किये जाते रहें। सोशल मीडिया के बेहतर प्रबंधन पर विशेष रूप से फोकस किया जाये। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मृतक आश्रितों को सेवायोजित करने व पेन्शन प्रकरणों के निस्तारण में तत्परता बरती जाए, किसी के देय लम्बित न रहें, इसके लिए नियमानुसार कार्यवाही की जाये।

# खनन पट्टों पर निगरानी एप से रखी जायेगी नजर: माला श्रीवास्तव

**लखनऊ।** भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय द्वारा सचल दल के माध्यम से पट्टा क्षेत्रो में निगरानी के लिए निरीक्षण एप को विकसित किया गया है। इस ऐप के माध्यम से खनन पट्टा क्षेत्रों की निरीक्षण सम्बन्धी जांच पूरी पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ-साथ जांच सिंगल क्लिक पर देखा जा सकता हैं। भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की निदेशक माला श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश के खनन पट्टो पर निगरानी एप से अंकुश लग सकेगा। अवैध खनन पर प्रभावी कार्यवाही एप के माध्यम से देखा जा सकता है। जिलों में खनन पट्टो की जानकारी इस ऐप के माध्यम से ऑनलाइन देखा जा सकता है। माला श्रीवास्तव ने बताया कि भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय द्वारा विकसित निरीक्षण/निगरानी एप से अवैध खनन पर अंकुश लगेगा और संबंधित अधिकारी कर्मचारी सहित खनन पट्टा धारक की जवाबदेही भी तय हो सकेगी। निगरानी निरीक्षण एप के माध्यम से जहां एक ओर अवैध खनन पर रोक लगेगी। वहीं, राजस्व मे भी इजाफा होगा।

# कासगंज के चंदन हत्याकांड में फैसला सुरक्षित

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** 2018 में कासगंज में एक तिरंगा यात्रा के दौरान हुए चंदन हत्याकांड मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई पूरी होने के पश्चात फैसला सुरक्षित कर लिया गया है। मंगलवार को न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ के समक्ष मामले के एक अभियुक्त नसीम जावेद की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई पूरी हो गई। अभियुक्त की ओर से

- **एनआईए कोर्ट में ट्रायल चलाने को अभियुक्त ने दी है चुनौती फिलहाल ट्रायल के अंतिम सुनवाई पर है हाईकोर्ट की रोक**

एनआईए कोर्ट के समक्ष ट्रायल चलाई जाने को चुनौती दी गई है।




कहा गया है कि एनआईए एक्ट की धारा 6 के तहत केंद्र सरकार से मामले की विवेचना के लिए अनुमति नहीं ली गई है। यह भी दलील दी गई है कि राजद्रोह से संबंधित आईपीसी की धारा 124 ए के तहत आरोप तय किए जाने पर शीर्ष अदालत एसजी वोम्बटकेरे मामले में दिए अपने फैसले के तहत रोक लगा चुकी है, बावजूद इसके वर्तमान मामले में 124 ए के तहत भी ट्रायल चल रहा है। याचिका में ट्रायल सुनने वाले अपर सत्र न्यायाधीश की वरिष्ठता को भी लेकर प्रश्न उठाए गए हैं। राज्य सरकार व वादी की ओर से अभियुक्त की याचिका का विरोध किया गया है।

राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई है कि मामले में सुप्रीम कोर्ट का आदेश आने के पूर्व ही 124 ए के तहत आरोप तय कर दिया गया था, वर्तमान में मामले में 124 ए के संबंध में ट्रायल चल रहा है अथवा नहीं, इस बात को ट्रायल कोर्ट से स्पष्ट कराए बगैर अभियुक्त ने वर्तमान याचिका दाखिल की है। यह भी दलील दी गई कि मामले में 30 महीने से एनआईए कोर्ट में ट्रायल चल रहा है, लेकिन अभियुक्त ने वर्तमान याचिका तब दाखिल की है जबकि ट्रायल पूरा हो चुका है व अंतिम बहस की जानी है। यह भी कहा गया कि ट्रायल के दौरान अभियुक्त की ओर से सभी अभियोजन साक्षियों से जिरह की गई परंतु कोई आपत्ति तब नहीं उठाई गई।

# छात्रों को लाठी की जगह रोजगार देना सुनिश्चित करे सरकार : अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि प्रदेश भर के लाखों प्रतियोगी छात्र भाजपा सरकार में प्रतियोगी परीक्षाओं में जो भ्रष्टाचार फैला है उससे अपने

- **प्रतियोगी छात्र को लेकर सरकार पर हमलावर हुआ विपक्ष**

भविष्य को लेकर सशंकित है। इसके पूर्व आयोग की परीक्षाओं का पेपर लीक हो गया। उसके बाद जज बनाने के लिए होने वाली परीक्षा पीसीएस (जे) की कॉपियां बदल दी गयी, जिसके लिए छात्रों को न्यायालय की शरण लेना पड़ा। इसके कारण छात्रों को न तो आयोग पर विश्वास रह गया है और न ही भाजपा की सरकार पर। वह आयोग के नॉर्मलाइजेशन की नीति के खिलाफ आंदोलनरत हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार केवल नौजवानों के साथ खिलवाड़



कर रही है। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग भी ठप्प पड़ा है। शिक्षा सेवा चयन आयोग बनाने के नाम पर लाखों शिक्षकों के पद खाली पडे.हैं। भाजपा सरकार की नीति है कि सरकारी नौकरी जो गरीब, पिछड़े, दलित, वंचित वर्ग को अपनी दशा बदलने का अवसर प्रदान करती थी उससे उनको वंचित करने का प्रयास है। कांग्रेस उनको इस मंसूबे में कभी भी सफल नहीं होने देगी। राय ने कहा कि हजारों छात्र कल से ही लोक सेवा आयोग के समक्ष अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं, जिसमें हमारी बच्चियां भी अपने भविष्य को बचाने के लिए रात भर धरने में शामिल रहीं। सरकार छात्रों की मांगों को ध्यान में रखते हुए पीसीएस और आरओ-एआरओ की परीक्षा में नार्मलाइजेशन को समाप्त करके एक ही दिन में एक पाली में शुचितापूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराये। सरकार छात्रों को लाठी की जगह जल्द से जल्द रोजगार देना सुनिश्चित करे, उनके रोजगार प्राप्त करने के रास्ते में नार्मलाइजेशन जैसी बाधाओं को न खड़ा करे।

# एक बार में ही परीक्षा व्यवस्था जरूरी है

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के पीसीएस प्री और आरओ..एआरओ की परीक्षा दो दिन में संपन्न कराने के निर्णय के विरोध में जारी छात्रों के आंदोलन के प्रति समर्थन जताते हुए बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने मंगलवार को पूछा कि क्या यूपी के पास एक समय में परीक्षा कराने की बुनियादी सुविधाओं का इतना अभाव है कि पीसीएस आदि जैसी विशिष्ट परीक्षा दो दिन में करानी पड़ रही है। मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, कि उत्तर प्रदेश संघ लोक सेवा आयोग द्वारा पीसीएस तथा आरओ-एआरओ की भी प्रारंभिक परीक्षा-2024 एक समय में कराने में विफलता को लेकर आक्रोशित छात्रों पर पुलिस कार्रवाई से उत्पन्न स्थिति संबंधी खबर का व्यापक चर्चा में रहना स्वाभाविक है। एक बार में ही परीक्षा व्यवस्था जरूरी है।

# यूपी का माहौल योगी बनाम प्रतियोगी छात्र : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि आज उत्तर प्रदेश का माहौल योगी बनाम प्रतियोगी छात्र हो गया है। उत्तर प्रदेश के प्रतियोगी परीक्षाओं के हर अभ्यर्थी, हर छात्र, हर युवक-युवती की जुबान पर है कि नौकरी भाजपा के एजेंडे में है ही नहीं। प्रतियोगी छात्रों पर लाठी-डंडा उन्होंने चलवाया जिनका एजेंडा नौकरी नहीं है, प्रदेश को ऐसी अनुपयोगी सरकार नही चाहिए, अयोग्य लोगों का अयोग्य आयोग नहीं चाहिए।

उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग, जनता को रोजी-रोटी के संघर्ष में उलझाये रखने की राजनीति करते हैं, जिससे भाजपाई साम्प्रदायिक राजनीति की आड़ में भ्रष्टाचार करते रहें। सालों-साल वैकेंसी या तो निकलती नहीं है या फिर परीक्षा की प्रक्रिया पूरी नहीं होती है। भाजपा ने छात्रों को पढ़ाई की मेज से उठाकर सड़कों पर लाकर खड़ा कर दिया है। नौकरीपेशा, पढ़ा-लिखा मध्यवर्ग अब भावना में बहकर भाजपा के बहलावे-फुसलावे में नही आने वाला है। अब तो वाट्सऐप ग्रुप के झूठे भाजपाई प्रचार के शिकार अभिभावकों को भी समझ आ गया है कि अपनी सत्ता पाने और बचाने के लिए भाजपा ने कैसे उनका भावनात्मक शोषण किया है। अब ये लोग भी भाजपा की नकारात्मक राजनीति के झांसे में नही आने वाले है और बांटने वाली साम्प्रदायिक राजनीति को नकार के जोड़ने वाली सकारात्मक राजनीति को गले लगा रहे हैं। अब कोई भाजपाइयों का मानसिक गुलाम बनने को तैयार नहीं हैं। अब सब समझ गये हैं, भाजपा सरकार के रहते कुछ भी नहीं होने वाला। भाजपा के पतन में ही छात्रों का उत्थान है। भाजपा और नौकरी में विरोधाभासी संबंध है। जब भाजपा जाएगी, तभी नौकरी आएगी।



भाजपाई जिस शिद्दत से नाइंसाफी का बुलडोजर चला रहे हैं, अगर उसी शिद्दत से सरकार चलाई होती तो आज भाजपाइयों को छात्र आक्रोश से डरकर, अपने घरों में छुपकर नहीं बैठना पड़ता। आंदोलनकारियों के गुस्से से घबराकर भाजपाइयों के घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों और गाड़ियों से भाजपा के झंडे उतर गये हैं। आंदोलनकारी युवा पूछ रहे हैं अब कहां गायब हैं दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी का दावा करने वाली भाजपा के नेता और कार्यकर्ता? क्या ये सिर्फ समाज को बांटने के लिए बाहर निकलते हैं। जिस समय छात्रों की आवाज में आवाज मिलाने का समय है, उस समय भाजपाई सत्ता के अहंकार में प्रतियोगी छात्रों पर लाठियां चलवा रहे है। नकारात्मक भाजपा और उसकी नकारात्मक झूठी राजनीति का समय पूरा हो गया है। अखिलेश यादव ने कहा कि वन नेशन वन एलेक्शन की बात करने वाली भाजपा सरकार एक प्रदेश में एक साथ एक परीक्षा नहीं करवा सकती। भाजपा के ढ़ोग का भंडाभोड़ हो गया है। भाजपा के एजेंडे में सिर्फ चुनाव रहता है। इस सरकार में अभ्यर्थियों को तनाव के अलावा कुछ नहीं मिला।

# यूपी उपचुनाव : मीरापुर में रालोद और सपा के बीच सीधी टक्कर

## मीरापुर सीट पर सबसे ज्यादा एक लाख 32 हजार मतदाता मुस्लिम, दलित मतदाताओं की भी अच्छी संख्या, जाट, गुर्जर, सैनी मतदाता भी कम नहीं

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के सहारनपुर मंडल की मीरापुर विधानसभा सीट पर 20 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में मुख्य मुकाबला जयंत चौधरी की पार्टी राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) प्रत्याशी मिथलेश पाल और समाजवादी पार्टी (सपा) उम्मीदवार पूर्व सांसद कादिर राणा की पुत्रवधु सुंबुल राणा के बीच है। दोनों तरफ से महिलाओं के मैदान में होने से न सिर्फ लड़ाई रोचक दिख रही है, बल्कि कांटे की है। दोनों की लड़ाई के बीच रालोद से ज्यादा ताकत भाजपा ने झोंक रखी है। इसके एक नहीं कई कारण भी हैं। उपचुनाव में रालोद से ज्यादा भाजपा और खासकर सीएम योगी की प्रतिष्ठा दांव पर है। दूसरा रालोद की तरफ से उतरीं मिथिलेश पाल तकनीकी रूप से भाजपा की सदस्य हैं। हालांकि इससे पहले भी वह रालोद से विधायक रही हैं लेकिन उसके बाद सपा और फिर भाजपा में शामिल हो गई थीं। टिकट की घोषणा के समय तक वह भाजपा की ही सदस्य थीं। उपचुनाव की वोटिंग में अभी नौ दिन का समय हैं, लेकिन राजनीतिक विश्लेषक भी किसी दल की जीत की घोषणा करने में खुद को असमर्थ पा रहे हैं। वजह यह है कि मीरापुर सीट पर सबसे ज्यादा मतदाता मुस्लिम हैं। जिनकी संख्या करीब एक लाख 32 हजार है। दलित मतदाताओं की भी अच्छी संख्या हैं। जाट, गुर्जर, सैनी मतदाता भी अच्छी खासी संख्या में हैं। कैबिनेट मंत्री रालोद नेता अनिल कुमार के मुताबिक चौधरी साहब महिला और अति पिछड़ा समाज को प्रतिनिधत्वि देना चाहते थे इसलिए उन्होंने मिथलेश पाल को प्रत्याशी के तौर पर चुना। रालोद उम्मीदवार मिथलेश पाल (गडरिया) बिरादरी से ताल्लुक रखती हैं। इस जाति के मतदाताओं की संख्या दस से बारह हजार है। चौधरी दो बार और मुख्यमंत्री योगी आदत्यिनाथ एक बार मीरापुर क्षेत्र में आकर मतदाताओं से मिथलेश पाल को जिताने की अपील कर चुके हैं। सांसद के तौर पर यहां का प्रतिनिधत्वि युवा रालोद नेता चंदन चौहान करते हैं। जाटों के साथ-साथ





गूर्जर बिरादरी का मीरापुर क्षेत्र में वर्चस्व माना जाता है। चंदन चौहान स्वयं 2022 के विधानसभा चुनाव में यहां से रालोद-सपा गठबंधन से विधायक चुने गए थे। उनके पिता दिवंगत संजय चौहान भी इस सीट से विधायक रह चुके हैं। वह 2019 में लोकसभा सदस्य भी रालोद से चुने गए थे। इस सीट पर चंदन चौहान के दादा चौधरी नारायण सिंह भी दो बार प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। ऐसा माना जा रहा है कि यदि भाजपा-रालोद गठबंधन चंदन चौहान की पत्नी याशिका चौहान को उम्मीदवार बनाता तो उनकी निर्विवाद रूप से जीत तय थी। चौहान के पड़ोसी विपक्षी सांसदों चंद्रशेखर आजाद, इकरा हसन, हरेंद्र मलिक, इमरान मसूद से भी मत्रिवत संबंध हैं। इसका चुनाव में लाभ याशिका चौहान को मिलता, लेकिन ऐसा ना होने की स्थिति में सत्तारूढ़ गठबंधन की उम्मीदवार मिथलेश पाल को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उधर, विपक्षी कादिर राणा मुजफ्फरनगर के दबंग मुस्लिम नेताओं में शामिल हैं। वह बसपा से 2009 में सांसद रह चुके हैं। कादिर स्वयं अपनी पुत्रवधु की चुनावी बागडोर संभाले हुए हैं और वह मीरापुर क्षेत्र के लोगों से दिनरात संपर्क में जुटे हैं। अभी अखिलेश यादव ने मीरापुर क्षेत्र में कोई चुनावी सभा नहीं की है। विपक्षी इंडिया समूह के सांसदों का भी सपा उम्मीदवार को सहयोग और समर्थन मिल रहा है। इस सीट पर चंद्रशेखर, मायावती और असदुद्दीन ओवेसी ने मुस्लिम उम्मीदवार खड़े किए हैं। चंद्रशेखर और मायावती के उम्मीदवार दलित वोटों में अच्छा खासा बंटवारा करेंगे। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों में दलितों की मायावती से बेरूखी सामने आई थी और इंडिया समूह को दलितों का भारी समर्थन मिला था। इस कारण उत्तर प्रदेश में कांग्रेस-सपा ने जबरदस्त सफलता हासिल की थी। मीरापुर सीट पर सपा उम्मीदवार बसपा के शीर्ष नेता और मायावती के करीबी मुन्काद अली त्यागी की पुत्री है। उस कारण मीरापुर क्षेत्र में बसपा समर्थित वोटों का बड़ा हिस्सा उनकी अली की पुत्री के पक्ष में मतदान करेगा। इसमें कोई संदेह नहीं है और यही बात सपा के पक्ष में जाती है और यदि वह जीतती हैं तो इसमें बड़ी भूमिका दलित मतदाताओं की होगी। रालोद के दलित नेता केबिनेट मंत्री अनिल कुमार पूरी ताकत से दलितों के बीच जा रहे हैं और उनका प्रयास है कि दलितों का ज्यादा से ज्यादा मतदान वह मिथलेश पाल के पक्ष में करा सकें। चौहान भी लगातार दावा कर रहे हैं कि वह मिथिलेश पाल को जिताकर विधानसभा भेजेंगे।

# प्रदर्शनकारी छात्रों की आवाज को ही कुचलने का प्रयास : लोकदल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने उत्तर प्रदेश में युवाओं को रोजगार पाने के लिए आंदोलन का शरण लिये जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि ये बड़े ही शर्म की बात है। एक तरफ युवा को रोजगार देने वाली सरकार नौकरी का प्रमाण पत्र दे रही है और फोटो खिंचवाती है, तो दूसरी ओर बोरोजगार युवाओं को पुलिस से लाठी मरवा रही है। लोकदल उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के पीसीएस प्री और आरओ-एआरओ की परीक्षा दो दिन में संपन्न कराने के निर्णय के विरोध में छात्र आंदोलन प्रयागराज में यूपीपीएससी मुख्यालय के सामने आज दूसरे दिन भी समर्थन किया है। भाजपा के लोग एक देश एक चुनाव की बात तो करते है वह आज एक साथ परीक्षा नहीं करा पा रहे हैं क्यों?



नॉर्मलाइजेशन की यह प्रक्रिया भ्रष्टाचार के लिए लूपहोल है। यह गलत परंपरा को जन्म देगी। भाजपा सरकार गरीबों, पिछड़ों, दलित वंचितों अन्य वर्गों को सरकारी नौकरी को उनके पहुंच से दूर करने का प्रयास कर रही है। बेरोजगार युवाओं पर अत्याचार बंद करिए। छात्रों की मांग लोकदल की मांग है।

# हमें योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाना होगा

## अनुश्रवण समिति दिशा की बैठक में शामिल हुए केन्द्रीय ग्रामीण राज्य मंत्री कमलेश पासवान




गोरखपुर। गोरखपुर के सर्किट हाउस स्थित एनेक्सी भवन सभागार में मंगलवार को बांसगांव सांसद एवं केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में विकास कार्यो की एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत समीक्षा के साथ जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाये गये सड़क, पानी, आवास, बिजली के मुद्दो पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। बैठक में गत बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन पर भी विस्तृत समीक्षा और चर्चा की गयी। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी का हमेशा से विजन रहा है कि अंत्योदय के लक्ष्य के साथ हमें योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाना है और विकास कार्यों में सुशासन स्थापित करना है। उन्होने कहा कि जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक विभाग एक दूसरे के पूरक है और दोनों का प्रमुख कार्य समाज के प्रत्येक व्यक्ति का विकास और कल्याण करना है। उन्होंने कहा कि जनता की सारी अपेक्षाएं जनप्रतिनिधियों से जुड़ी होती है। इसलिए उनके द्वारा जनता के उठाये गये समस्याओं को गंभीरता से ले, और संवाद बनाकर उनका निस्तारण करें। और किसी भी विकास कार्य के सम्बंध में जनप्रतिनिधियों को अवश्य अवगत कराये। उन्होंने कहा कि योजनाओ के क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों में प्रगति स्थिति को लगातार बढ़ाते रहे। इस अवसर पर केन्द्र सरकार की विभिन्न विभाग यथा ग्रामीण विकास विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, पंचायती राज मंत्रालय, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, परिवार एवं स्वास्थ्य कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा चलाये जाने वाली योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने इन योजनाओं के क्रियान्वयन में और भी तेजी लाने का निर्देश दिया। जनपद में सड़कों के विकास की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि जहां भी सड़के खराब है या निर्माणधीन है वहां निर्माण की कार्यवाही जल्द से जल्द करें।

इस दौरान विधायक चिल्लूपार राजेश त्रिपाठी ने उरूवां से धुरियापार जाने वाली सड़क की स्थिति को सुधारने के मुद्दे को अध्यक्ष के समक्ष रखा। विधायक बांसगांव डा0 विमलेश पासवान ने कौड़ीराम गजपुर मार्ग पर अधूरे नाली निर्माण के मुद्दे को उठाया जिसके निस्तारण के निर्देश केन्द्रीय मंत्री ने लोक निर्माण विभाग को दिया। जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न मार्गो पर बाईपास, सर्विस लेन तथा कट के निर्माण के लिए अध्यक्ष जी से आग्रह किया। स्वच्छ भारत मिशन योजना की समीक्षा के दौरान केन्द्रीय मंत्री ने इस मिशन को अभियान के तौर पर पुनः तेजी से प्रचार प्रसार कर जागरूकता लाने का निर्देश दिया। विभिन्न जनप्रतनिधियों ने ग्राम पंचायतो एवं नगर पंचायतो में बंद सामुदायिक शौचालयों के बंद होने का मुद्दा उठाया। जिसके लिए केन्द्रीय मंत्री ने जिला पंचायत राज अधिकारी को उचित कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के समीक्षा के दौरान यह बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत जनपद में 51314 के लक्ष्य के सापेक्ष 50035 आवासों को निर्माण हो चुका है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत भारत सरकार द्वारा जारी नये मानक के अनुसार सर्वेयर नियुक्त कर सर्वे का कार्य तेजी से कियाा जा रहा है।

बैठक में चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी, सहजनवां विधायक प्रदीप शुक्ल, ग्रामीण विधायक विपिन सिंह, बांसगांव विधायक डॉ विमलेश पासवान, पिपराइच विधायक महेंद्र पाल सिंह, सहित जनपद के समस्त मा. जनप्रतिनिधि गण व अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## यातयात के नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया




इटावा। सेंटमेरी इंटर कालेज में यातायात माह के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देकर उनका पालन करने के लिए प्रेरित किया। मंगलवार को सेंटमेरी इंटर कालेज के ऑडिटोरियम हाल में आयोजित यातायात जागरूकता अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि हादसों में मृत्यु दर बढ़ रही है जिसको रोकने के लिए हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहन चालक हैलमेट लगाकर और चार पहिया चालक सेफ्टी बैल्ट लगाकर ही वाहन ड्राइव करें। वाहन को उचित स्थान पर पार्क करें और वाहन संबंधी सभी पेपर रखे, वाहन को तेज गति और शराब पीकर न चलायें। उन्होंने बताया कि यातायात माह मनाने का उद्देश्य जनता में जागरूकता पैदा करना है। इस पूरे माह में जनसाधारण तथा स्कूल के बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है और जो व्यक्ति यातायात नियमों का उल्लंघन करेगा उसके विरुद्ध एमवी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा कि यातायात नियमों का पालन करें, जागरूक बनें और लोगों को जागरूक करें। यातायात नियमों को विस्तार से बताते हुए कहा कि हेलमेट व सीटबेल्ट का प्रयोग, नम्बर प्लेट पर सही अंकन, बाइक पर तीन सवारी नहीं बैठाएं, शराब पीकर वाहन न चलायें, ओवर स्पीड से वाहन न चलायें, वाहन के समस्त कागजात पूर्ण हों व साथ रखें तथा वाहन हमेशा अपनी साइड पर ही चलायें। सेंटमेरी इंटर कालेज में आगमन पर एसएसपी का प्रिंसिपल फादर शिजू जॉर्ज, अबू थामस सहित सेंटमेरी परिवार ने बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात द्रविड़ कुमार, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी सच्चिदानंद सिंह व यातायात निरीक्षक सूबेदार सिंह उपस्थित रहे।

## सरकारी स्कूलों के बच्चों को मिष्ठान वितरण



इटावा। संगठन अधिकारों की ताकत के पदाधिकारियों ने क्षेत्र में स्थित निम्न प्राथमिक विद्यालय रामलीला मार्ग प्राथमिक पाठशाला लालपुर लाला लाजपत राय माध्यमिक विद्यालय कंपोजिट विद्यालय कटरा फतेह मामूर खां उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट देसरमऊ प्राथमिक विद्यालय रामपुर नावली उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा साहब खां प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहकमर आदि सरकारी प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों एवं गणेश छात्रावास के बच्चों को मिष्ठान वितरित कर बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष महाशक्ति ने संगठन की विचारधारा देशप्रेम जगाओ भ्रष्टाचार भगाओ से बच्चों को अवगत कराया और सदैव अपने जीवन में देशहित में कार्य करने की प्रेरणा दी। प्रदेश महासचिव सुबोध बाबू प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष पोरवाल प्रदेश सचिव जयवीर सिंह जिला उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा जिला सचिव दीपांशु गुप्ता शिवम शंखवार और श्याम प्रजापति व सदस्य सुमित आदि उपस्थित रहें।

## संक्षेप

### युवक लापता गुमशुदगी दर्ज

बकेवर, इटावा। कस्बा लखना के पचपेडा मुहाल से 23 बर्षीय छात्र बिना बताये घर कही चला गया है जब वह वापस नही लौटा तो बड़े भाई ने थाने में गुमशुदगी दर्ज करायी। कस्बा लखना के पचपेडा मुहाल निवासी हर्ष यादव पुत्र स्वं कपूर सिंह यादव ने बकेवर थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसका 23 वर्षीय छोटा भाई शुभम यादव 9 नवम्बर को दिन में 11 बजे घर से बिना बताये चला गया है जब वह देर शाम तक घर नहीं आया तो परिजनो को चिन्ता होने लगी पास पड़ोस मोहल्ले व रिश्तेदारी में पता किया लेकिन उसका कोई अता पता नही लग सका पुलिस ने पीड़ित भाई के शिकायती पत्र पर गुशुदगी दर्ज कर ली है। परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है। बकेवर प्रभारी निरीक्षक राकेश शर्मा ने बताया कि लापता हुए शुभम का 9नवम्बर को बीटीसी का परिणाम निकला था जिसमे वह फेल हो गया था उसी बजह के चलते घर पर मोबाइल फोन छोड़कर बिना बताये कही चला गया है पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### प्रस्तावित कार्य न शुरू होने पर दो सचिवों से जवाब-तलब

जसवंतनगर, इटावा। खंड विकास अधिकारी स्वेता गर्ग ने क्षेत्र की दो गोशालाओं का ओचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां प्रस्तावित कार्यों को शुरू न होने पर वहां से सचिवो से स्पष्टीकरण मांगे। खंड विकास अधिकारी सबसे पहले ग्राम फुलरई पहुची जहा पर कुल 26 गोवंश थे वहां उन्होंने गोवंशो के लिए हरा चारा न मिलने पर वहां के केयरटेकरों को फटकार लगाई तथा गोवंशो को हरा चारा देने के निर्देश दिए इसके अलावा वहां गौशाला में प्रस्तावित कार्य शुरू न होने पर सचिव पूजा भदौरिया को फटकार लगाते हुए लिखित स्पष्टीकरण मांगा। इसी प्रकार वे जगसोरा गोशाला पहुची जहा पर कुल 30 गोवंश पाए तथा वहां पर भी पहुंचमार्ग का कार्य शुरू न होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए वहां के सचिव आरुशी अग्रवाल को तुरंत कार्य प्रारंभ करने को कहा तथा स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने क्षेत्र में स्थित सभी गौशालाओं के सचिवों को सख्त निर्देश दिए हैं कि शासन की प्राथमिकता है कि गोवंशों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इस पर वह कतई कोताई ना वरते, समय से गोवंशों को चारा पानी उपलब्ध कराये, वरना उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

### पूर्ति निरीक्षक मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

ऊसराहार, इटावा। दस सूत्रीय मांगों को लेकर पूर्ति निरीक्षक अनिश्चितकालीन सांकेतिक हड़ताल पर चल रहे हैं कार्यालयों मे पूर्ति निरीक्षक काली पट्टी बांधकर काम कर रहे हैं। यूपी फूड एंड सिविल सप्लायज इंस्पेक्टर्स, आफिसर्स एशोसियेशन के आवाहन पर जनपद के पूर्ति निरीक्षक अनिश्चितकालीन सांकेतिक हड़ताल पर चल रहे हैं सभी पूर्ति निरीक्षक अपने कार्यालयों मे अब हाथ मे काली पट्टी बांधकर काम कर रहे हैं ताखा मे भी पूर्ति निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह अनिश्चितकालीन सांकेतिक हडताल पर रहकर कार्यलय मे काम कर रहे हैं उन्होंने बताया उनकी बाजिब मांगो को लेकर शासन गंभीर नही है शासन से लगातार मांग के बाद कोई समाधान न मिलने पर एशोसियेशन के आवाहन पर जनपद एंव प्रदेश मे पूर्ति निरीक्षक सांकेतिक हड़ताल पर रहकर काम करते हुए आंदोलन कर रहे हैं दस सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहे आंदोलन मे पूर्ति निरीक्षकों ने अपनी समस्याओं को लेकर मांग करते बताया बर्तमान समय मे प्रत्येक तहसील मे तैनात पूर्ति निनिरीक्ष के कार्यलय मे किसी भी जगह कंप्यूटर आपरेटर को तैनात नही किया गया है जबकि इस समय सभी कार्य आनलायन हो रहे हैं शासन की सूचनाओं को आनलायन के आधार पर समय पर देना होता आनलायन शिकायतो का सामाधान भी करना होता है लेकिन किसी भी कार्यलय मे कंप्यूटर आपरेटर न होने के कारण उक्त कार्यो को पूर्ति निरीक्षक को अपने निजी संसाधनों से ही करना पडता है बर्तमान समय में पूर्ति निरीक्षण को प्रति माह केवल सात सौ रूपए यात्रा भत्ता दिया जाता है जबकि पूर्ति निरीक्षक को प्रति माह तमाम निरीक्षण करने के अलावा अन्य कार्यो के लिए आना जाना पडता है।

### सूचना

मेरा नाम त्रुटिवश बृजेश अंकित हैए जबकि मेरा शुद्ध नाम बृजेश विश्वकर्मा सुत रामेस्वर निवासी ग्राम कोछित थाना भालेसुल्तान शहीद स्मारक मुसाफिरखाना अमेठी है। इसी नाम से जाना व पहचाना पढ़ा लिखा जाय।

## विवेचक पर पक्षपात कर फाइनल रिपोर्ट लगाने का आरोप

मंझगांवा, गोरखपुर। बड़हलगंज कोतवाली क्षेत्र में मारपीट की एक घटना में विवेचक पर पक्षपात करते हुए फाइनल रिपोर्ट लगाने का आरोप लगा है। इस मामले के वादी मुकदमा ने एसएसपी व सीओ गोला को शिकायती पत्र देकर विवेचक को बदलने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक, खुटभार निवासी रणजीत सिंह पुत्र मुसाफिर सिंह ने पुलिस उच्चधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में कहा कि कुछ माह पहले गांव के कुछ लोगों से विवाद हुआ था। घटना में शामिल लोगों ने मारपीट करते हुए उन पर जानलेवा हमला किया था। बड़हलगंज कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की जांच थाने के एक दारोगा को सौंपी गयी। आरोप है कि विवेचक पीड़ित से आरोप पत्र दाखिल के एवज में रुपए की मांग कर रहे थे। पैसा नहीं देने पर विवेचक ने पिछले महीने मुकदमे की फाइनल रिपोर्ट के लिए पर्चा काट दिया। पीड़ित ने क्षेत्राधिकारी गोला से मामले की जांच करते हुए विवेचक बदलने और जांच अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## भारतीय रेल ने किया रिकॉर्ड संख्या में 7,724 पूजा विशेष ट्रेनों का संचलन



**गोरखपुर।** भारतीय रेलवे ने दिवाली से लेकर छठ पूजा को लेकर यात्रियों के अतिरिक्त भीड़ व उनके सुगम यातायात के मद्देनजर रिकॉर्ड संख्या में 7,724 पूजा विशेष ट्रेनों का संचलन किया जा रहा है। इसी क्रम में, पूर्वोत्तर रेलवे से/होकर 259 पूजा विशेष ट्रेनें 1,725 फेरों में चलाई जा रही हैं, जबकि पिछले वर्ष 147 विशेष ट्रेनें 556 फेरों में चलाई गई थीं। इस वर्ष पूर्वोत्तर रेलवे पर तीन गुना से अधिक विशेष ट्रेनों का संचलन किया जा रहा है, जो एक नया रिकॉर्ड है। उक्त जानकारी देते हुए पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज सिंह ने बताया कि 10 नवम्बर, 2024 को इस रेलवे के गोरखपुर जं स्टेशन से रिकॉर्ड 201, गोंडा स्टेशन से 134 एवं छपरा स्टेशन से 106 ट्रेनों को आवागमन हुआ, जिससे यात्रियों को पर्व के उपरान्त अपने गंतव्य तक पहुँचने में काफी सुविधा हुई। यात्रियों की अतिरिक्त संख्या को देखते हुये स्टेशन पर उनकी सुविधा के लिये व्यापक प्रबन्ध किये गये हैं। रेलवे सुरक्षा बल (आर.पी.एफ.) द्वारा यात्रियों को कतारबद्ध तरीके से ट्रेन में प्रवेश कराया जा रहा है तथा वृद्ध एवं दिव्यांग यात्रियों को सकुशल ट्रेनों में बैठाया जा रहा है। रेलवे प्रशासन द्वारा पूजा पर्वों पर यात्रियों के सुगम आवागमन के लिये किये गये प्रबन्ध की यात्रियों द्वारा प्रशंसा की जा रही है। भीड़ प्रबन्धन के तहत गोरखपुर जं. सहित पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख स्टेशनों पर यात्री होल्डिंग एरिया बनाये गये हैं, जिसमें सिटिंग एरिया में पर्याप्त बैठने की व्यवस्था के साथ उद्घोषणा प्रणाली, ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, सी.सी.टी.वी. कैमरे, निःशुल्क भोजन एवं पानी इत्यादि की व्यवस्था की गई है। गोरखपुर जं. पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 05 होल्डिंग एरिया बनाये गये हैं; जहाँ मोबाइल ट्वायलेट, हेल्प डेस्क, ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, उद्घोषणा प्रणाली, सिटिंग एरिया, सी.सी.टी.वी. कैमरा आदि की व्यवस्था की गई है। गोरखपुर जं. स्टेशन पर 30 अतिरिक्त सी.सी.टी.वी. कैमरों द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है। विभिन्न स्टेशनों पर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त टिकट काउंटर खोले गये हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के 72 स्टेशनों पर लगाये गये 108 ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (ए.टी.वी.एम.) तथा 623 क्यू.आर. कोड के माध्यम से शीघ्र भुगतान होने से टिकटिंग में काफी कम समय लग रहा है। 5,000 यात्रियों को निःशुल्क भोजन कराया गया। इसके अतिरिक्त उन्हें बिस्किट एवं पानी की बोतलें निःशुल्क वितरित की गईं। स्टेशन पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। 04 नवम्बर, 2024 को भारतीय रेल ने एक दिन में सबसे ज्यादा यात्रियों को यात्रा कराई। लगभग तीन करोड़ यात्री रेलवे में सवार हुये, जो ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की संयुक्त आबादी से भी ज्यादा है। 04 नवम्बर, 2024 को 120.72 लाख (19.43 लाख आरक्षित एवं 101.29 लाख अनारक्षित गैर-उपनगरीय) यात्रियों ने यात्रा की। 180 लाख उपनगरीय यातायात भारतीय रेल द्वारा नियंत्रित किया गया। यह चालू वर्ष के लिये एक दिन में यात्रियों की सबसे अधिक संख्या है।

## मनबढ़ों ने युवक को पीटा, केस दर्ज

गोला, गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के कोहना गांव में बीच सड़क पर खड़ी कार हटाने की बात कहने पर मनबढों ने गांव निवासी बाइक सवार एक युवक को पीट दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मनबढो के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल कर रही। जानकारी के मुताबिक, कोहना गांव निवासी सत्येन्द्र यादव पुत्र स्व रामसजन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बीते शनिवार की शाम बाइक से गोपालपुर से घर जा रहा था, इसी दौरान गांव के मुख्य मार्ग पर स्थित जय प्रकाश यादव के दरवाजे के सामने सड़क पर ही कार व बाइक खड़ी कर रास्ता बाधित कर दिया गया था। रास्ते से कार हटाने की बात कहते ही मनबढो ने उसे बुरी तरह पिटाई कर दिया और जान-माल की धमकी भी दिया। पीड़ित सत्येंद्र की तहरीर पर पुलिस ने जय प्रकाश यादव उनके बेटे अरूण यादव तथा गांव निवासी आदित्य यादव समेत तीन-चार अन्य लोगों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 191(2),115(2), 352 व 351(3) के तहत मंगलवार को मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

## करवल माता मंदिर में नाबालिग की शादी रुकवाई गई

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के करवल माता मंदिर पर मंगलवार को एक नाबालिग लड़की की शादी रुकवाई गई। पुजारी दिलीप बाबा ने शादी के लिए आधार कार्ड मांगा, जिस पर लड़की के परिजन आनाकानी करने लगे। पुजारी ने गगहा पुलिस को सूचना दी।

## छात्रा की रोडवेज बस की टक्कर से मौत

इटावा। चैबिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कबूली में रोडवेज के बस चालक ने स्कूटी सवार युवती को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई परिजन उसे आनन फानन में जिला अस्पताल इलाज के लिए लाए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फ्रेंडस कालोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिवानगर निवासी राकेश की 16 वर्षीय पुत्री आस्था चैबिया थाना के ग्राम कबूली में उसकी बड़ी बहन सुमन पत्नी शीलू के यहां गई थी।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई–ऑक्शन सूचना
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना। एडमिन यूनिट/जोनः लखनऊ–पू.उ.रे.मण्डल–वाणिज्य/पू.उ.रे. नीलामी सूची सं./लॉट सं:LJN-FSLR-21-24 नीलामी सूची प्रकाशन तिथिः 11.11.2024 समय 17:46 बजे नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट): 03.12.2024 समय 13:00 बजे नीलामी बन्द करने की तिथि व समय : 03.12.2024 समय 14:20 बजे नीलामी का प्रकार : Close Ended वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। : E-Auction Module of www.ireps.gov.in
मंडल वाणिज्य प्रबन्धक, लखनऊ
मुजाधि/वा.–180
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## छापे की खबर से दुकानदार फरार, दुकान सीज

ऊसराहार, इटावा। नकली खाद बेचने की सूचना पर एसडीएम, तहसीलदार व जिला कृषि अधिकारी ने दुकान पर छापा मारा वही छापा पढने की भनक लगते ही दुकानदार आटो मे बोरिया लादकर फरार हो गया फिलहाल दुकान को सीज कर दिया गया है और खाद का सैपिंल जाच के लिए भेजा गया है।

ताखा क्षेत्र में नकली डीएपी की सूचना मंगलवार को एसडीएम श्वेता मिश्रा मिली तो वह तहसीलदार मोहम्मद असलम व जिला कृषि अधिकारी की टीम के साथ पालन अडडा पहुंची जहां दुकानदार दो आटो से खाद लोडकर दुकान में ताला मार कर फरार हो गया, मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने दुकान का ताला तुडवाकर जांच की और रखी खाद की सैंपलिंग करायी दुकान में 15 बोरी आईपीएल की डीएपी व दो बोरी कृभको की डीएपी बगल में बने घर से बरामद की गई, कृभको की डीएपी को लेकर मकान मालिक ने बताया कि वह उसने खाद ऊसराहार समिति से खरीदी हैं जब अधिकारियों ने ऊसराहार समिति के सचिव से बात कर जानकारी की गई तो उन्होंने बताया की पिछले दो माह से उनके यहां कृभको की डीएपी नहीं आयी है, भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र व जिले भर में डीएपी नहीं है किसान डीएपी के लिए चक्कर काट रहे हैं तहसीलदार मोहम्मद असलम ने बताया नकली डीएपी खाद बेचने व आईपीएल कंपनी की डीएपी आटो से भेजी जाने की सूचना उपजिलाधिकारी को मिली थी जिसके आधार पर कार्यवाही की गई है लोगो ने बताया कि आसपास के जनपदों में दो महीने से आईपीएल की डीएपी नहीं आयी है और ना किसी बडे. दुकानदार व सप्लायर पर खाद है लेकिन पालन अड्डा पर नकली खाद खुलेआम बेचकर किसानों को चूना लगाया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी ने टीम के साथ ताखा क्षेत्र के कस्बा ऊसराहार भरतिया, समथर समेत करीब एक दर्जन से अधिक खाद की दुकानों पर छापेमारी कर नमूने लिए है साथ ही शिवा खाद भण्डार पालन अड्डा की दुकान को सीज किया। इस संबंध में जिला कृषि अधिकारी इटावा प्रमोद कुमार ने बताया कि सूचना पर शिवा खाद भण्डार की दुकान में रखी खाद के नमूने लेकर दुकान सीज की गई साथ ही क्षेत्र से एक दर्जन दुकानों से भी नमूने लिए गये हैं। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## पंचनद दीप महापर्व 26 नवंबर से

### चंबल संग्रहालय ने पोस्टर किया जारी



इटावा। चंबल संग्रहालय, पंचनद द्वारा विश्व के अनोखे पांच नदियों के महासंगम पर आयोजित पंचनद दीप महापर्व का पांचवां संस्करण आगामी 26 नवंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन संग्रहालय पदाधिकारियों ने साझे तौर पर किया। इस वर्ष के पंचनद दीप महापर्व को भारतीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य में चंबल अंचल के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में विशेष तौर पर आयोजित किया जा रहा है। इसके सफल आयोजन के लिए औरैया, इटावा, जालौन, बाह, भिंड, मुरैना सहित बीहड़ के इलाकों में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया गया है। विभिन्न टीमें प्रचार-प्रसार सामग्री के साथ इस कार्य में जुटी हुई हैं। चंबल संग्रहालय के प्रयासों की सराहना करते हुए, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और उत्तर प्रदेश पर्यटन निदेशालय के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। पंचनद दीप महापर्व के दौरान संकल्प सभा, सलामी मशाल, क्विज प्रतियोगिता, डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन, दुर्लभ दस्तावेजों की प्रदर्शनी आदि कार्यक्रम आयोजित होंगे। चंबल संग्रहालय के महानिदेशक और प्रसिद्ध दस्तावेजी लेखक डॉ. शाह आलम राना ने जानकारी दी कि इस वर्ष का महापर्व 1857 के महान क्रांतिकारी और महाकालेश्वर मंदिर के प्रधान पुजारी गुसांई कुट्टीबक्स की स्मृति में समर्पित है। उन्होंने बताया कि जब इटावा कलेक्ट्रेट के क्रिमिनल रिकॉर्ड की गदर फाइल का उत्खनन किया गया, तो अनेक गुमनाम योद्धाओं के वीरता के किस्से सामने आए। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान गढ़िया कालेश्वर मंदिर को महंत गुसाई कुट्टीबक्स ने एक दुर्ग के रूप में परिवर्तित कर दिया था, जिसमें उन्होंने विद्रोही सैनिकों के साथ पड़ाव डाला। तातारपुर और हनुमतपुरा से अंग्रेजी सेना के खिलाफ मोर्चा संभाला गया, जिससे यह क्षेत्र लंबे समय तक स्वतंत्र रहा। लेकिन 10 अगस्त 1858 को अंग्रेजी सेना ने सैकड़ों पैदल सैनिकों और तोपों के साथ जलमार्ग से हमला किया। महंत के पास मात्र 150 नियमित सैनिक और आसपास के बंदूकधारी थे। भीषण युद्ध के बाद ही अंग्रेजी सेना मंदिर पर अधिकार कर सकी। मुकदमे के दौरान पंचनद घाटी में अंग्रेजी सरकार कोई गवाह पेश नहीं कर पाई। पोस्टर विमोचन के अवसर पर चंबल संग्रहालय से जुड़े वीरेंद्र सिंह सेंगर, मुहम्मद एहसान, देवेन्द्र सिंह, मनोज सोनी, राजेश सक्सेना, आदिल खान आदि कई वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य विशिष्टजन उपस्थित रहे।


## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जनपद ललितपुर

**पत्रांकः– मु.चि.अ./एन.एच.एम./सं.चिकित्सक (एमबीबीएस)–नियुक्ति/2024-25/5874** **दिनांकः 12 नवम्बर, 2024**

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ.प्र., लखनऊ के पत्रांक संख्या 179/एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./डिस्ट्रिक वॉक-इन/2023-24/4150 दिनांक 18.08.2023 एवं मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ.प्र., लखनऊ के पत्रांक संख्या 179/एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./डिस्ट्रिक वॉक-इन/2024-25/2728 दिनांक 09.08.2024 के अनुपालन के क्रम में जनपद ललितपुर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ.प्र., में संचालित विभिन्न कार्यक्रमो के अन्तर्गत रिक्त संविदा पदो हेतु विषेशज्ञो/चिकित्सको (एम.बी.बी.एस.) की नियुक्ति वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से की जानी है, जिसका विवरण निम्नवत है। इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 14.11.2024 से दिनांक-04.12.2024 तक अपना आवेदन सम्बन्धित शैक्षिक एवं अन्य आवश्यक प्रमाण-पत्रों सहित कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी ललितपुर में जमा करा सकते हैं।

| क्र. सं. | कार्यक्रम का नाम | पदनाम | फैसिलिटि का नाम | अर्ह शैक्षिक योग्यता | वांछित अनुभव (यदि आवश्यक हो) | रिक्त पद की संख्या (आरक्षण सहित) | रिक्त पद के सापेक्ष अनुमोदित मानदेय (रू. प्रतिमाह) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मातृ स्वास्थ्य | महिला चिकित्सा अधिकारी | DH/ Medical College | MBBS | - | I OBC | 100000/- |
| 2 | रक्त कोष | चिकित्सा अधिकारी | DH/ Medical College | MBBS | 1- One Year Experience in Blood Bank (regular Service and also has adequate knowledge and experience blood group serology, methodology.) 2- Preference to be given to candidates with PG diploma/ degree in Pathology/ Transfusion Medicine | 1 UR | 100000/- |
| 3 | एन.पी.-एन.सी.डी (CHC) | फिजीशियन | CHC Madawara CHC Mahroni CHC Birdha CHC Jakhaura | MBBS | 2 year | I UR 1 OBC 2 SC | 100000/- |
| 4 | मातृ स्वास्थ्य | स्त्री रोग विशेषज्ञ/ निश्चेतक ऑन कॉल | DH/ Medical Collge CHC Madawara CHC Mahroni CHC Talbehat | Diploma/ Degree in Obsand gynae | 3 year | - | 2000 से 4000 प्रति सिजेरियन प्रसव* |
| 5 | बाल स्वास्थ्य (NRC) | चिकित्सा अधिकारी | DH Lalitpur | MBBS | - | 1 Gen | 100000/- |
| 6 | ई संजिवनी | Tele Medicine | DH/Medical Collge | MBBS | 1 year | 1 SC | 100000/- |
| 7 | एन.यू.एच.एम. PM-ABHIM कार्यक्रम | चिकित्सा अधिकारी | Urban Area | MBBS | - | 01 UR 01 OBC 01 SC | 80000/- -20000 PBI* |
| 8 | चाइल्ड हैल्थ कार्यक्रम (SNCU) | चिकित्सा अधिकारी | DH/Medical Collge | MBBS | (Preference given to Experience Candidate) | 1 SC 01 OBC 1 SC | 100000/- |

**आवेदन हेतु निर्देश :-**

- उपरोक्त समस्त पदो पद वॉक-इन-इंटरव्यू 06.12.2024 को अपराहन 12.30 बजे से अपराहन 04. 00 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ललितपुर में सम्पन्न कराया जायेगा।
- इच्छुक अभ्यार्थी वॉक-इन-इंटरव्यू के समय नवीनतम बायोडाटा, समस्त वाछित मूल अभिलेख, रजिस्ट्रेशन, दो नवीनतम फोटोग्राफ तथा वांछित प्रमाण-पत्रो की स्वप्रमाणित प्रतियों के 01 सेट के साथ साक्षात्कार में प्रतिभाग कर सकते है।
- यह पद पूर्णतयाः नियत मानदेय पर संविदा शर्तो के अधीन है तथा इस पर स्थायीकरण कर कोई दावा स्वीकार नहीं होगा। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर रिक्त पदो की सं. में परिवर्तन हो सकता है।
- उपरोक्त पदो पर नियुक्ति एक वित्तीय वर्ष तक के लिये मान्य होगी, जिसे भारत सरकार से अनुमोदनोपरान्त आगे बढाया जा सकता है।
- साक्षात्कार हेतु किसी प्रकार का यात्रा-भत्ता देय नहीं होगा।
- इच्छुक अभ्यार्थी की आयु विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि पर 65 वर्ष से अधिक न हों।
- चयन प्रक्रिया में उ.प्र. शासन द्वारा लागू आरक्षण नीति का पालन करते हुए भर्ती प्रक्रिया की जायेगी।
- कोई भी प्रतिकूल तथ्य पाये जाने पर जिला स्वास्थ्य समिति/राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ.प्र. शासन द्वारा 01 माह का नोटिस या नोटिस के बदले 01 माह के वेतन के बराबर राशि देकर चयनित अभ्यर्थी की संविदा/सेवा समाप्त करने का अधिकार होगा। संविदानियुक्ति गठित चयन समिति का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा।
- उ.प्र. मेडीकल कॉसिल में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
ललितपुर

संक्षेप

## आवेदन कर रोजगार मेले का उठायें लाभ

आजमगढ़। सहायक निदेशक (सेवा0) राममूर्ति ने बताया है कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय आजमगढ़, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आजमगढ़ एवं कौशल विकास मिशन आजमगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में 14 नवम्बर 2024 को राजकीय आईटीआई आजमगढ़ में रोजगार मेंले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे आशा इन्डट्रीज, मारूति इण्टरप्राइजेज, निम्सन हर्बल इण्डिया प्रालि आदि अन्य निजी क्षेत्र की कम्पनिया प्रतिभाग कर रही है। ऐसी स्थिति में सेवायोजन कार्यालय आजमगढ़ में पंजीकृत जॉब सीकर (बेरोजगार अभ्यर्थी) रोजगार हेतु पोर्टल पर क्लिक कर आन-लाईन आवेदन करते हुये रोजगार मेले में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करे।

## योजना लाभ के लिए करें प्रतिभाग

आजमगढ़। उप कृषि निदेशक मुकेश कुमार ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि यंत्रीकरण के समस्त योजनाओं के अन्तर्गत रूपया 10000 से अधिक अनुदान वाले समस्त कृषि यंत्रों/कृषि रक्षा उपकरण, कस्टम हायरिंग सेन्टर, हाईटेक हबफॉर कस्टम हायरिंग, थ्रेसिंग फ्लोर एवं स्माल गोदाम इत्यादि की बुकिंग कृषकों द्वारा विभागीय पोर्टल पर की गयी है, जिनका चयन ई-लाटरी के माध्यम से जनपद स्तर पर डीएम की अध्यक्षता में 14 नवम्बर 2024 को 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न करायी जायेगी।

## संदिग्ध अवस्था में मिली किशोर की लाश

जौनपुर। घर से ननिहाल के लिए निकले की की संदिग्ध अवस्था में लाश लखनऊ में मिली। बताया गया है कि जफराबाद थाना क्षेत्र के टकटकपुर गांव निवासी मुनीब कुमार चैहान का 16 वर्षीय पुत्र किशन कुमार चैहान कुछ साथियों के साथ तीन दिन पूर्व अपने ननिहाल के लिए निकला था। उसका ननिहाल वाराणसी जनपद के सिंधोरा थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव बताया गया है। तीन दिन से लापता रहे इस किशोर के ननिहाल ना पहुंचने पर परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू किया है। सोमवार को पता लगा कि उसकी लाश लखनऊ में मिली है। उसके साथ रहे साथियों ने मृतक युवक के घर वालों को बताया कि इस करंट मार दिया है जिसके कारण इसकी मृत्यु हो गई है। जैसे ही इस बात की जानकारी परिजनो को हुई परिजन लखनऊ के लिए रवाना हो गए और वहां से लाश लेकर सीधे जाफराबाद थाने पर पहुंचे और पुलिस को पूरी जानकारी दी। पुलिस ने इस लड़के के साथ गए थे युवकों को हिरासत में देकर पूछताछ शुरू कर दिया है। दूसरी तरफ पुलिस ने मौत का सही कारण जानने के लिए लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## ट्रैक्टर गड्ढे में गिरा युवक ने दम तोड़ा

जौनपुर। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के खलसहा निवासी 22 वर्षीय सूरज यादव बीती रात 11 बजे अपना ट्रैक्टर लेकर वह सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जमीन पकड़ी किसी कार्य के लिए गया था जहां ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और ट्रैक्टर समेत वह 10 फीट गड्ढे में जाकर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने अपनी निजी वाहन से जिला चिकित्सालय लाया जहां डॉक्टरों ने देखते ही मृत्यु घोषत कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है घरवालों ने बताया कि नवरात्रि मे अपना नया ट्रैक्टर निकलवाया था वहीं मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया है।

## दो थानेदार किये गये लाइन हाजिर

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक डॉ अजयपाल शर्मा ने मंगलवार की देर रात कई थानेदारों का तबादला कर दिया। इस तबादले में दो थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर कर दिया गया है जबकि दो चौकी प्रभारी को थानेदारी की जिम्मेदारी सौपी गयी है। पुलिस विभाग द्वारा जारी सूची के अनुसार लाइनबाजार के थानाध्यक्ष के के चौबे और गौराबादशाहपुर के थानेदार राजाराम द्विवेदी को लाइन हाजिर कर दिया गया, केराकत कोतवाल को लाइनबाजार की कमान सौपा गया, मीडिया सेल में तैनात अवनीश को राय को केराकत का प्रभार मिला है। सरायख्वाजा के एसओ मनोज कुमार सिंह को सरपतहां भेजा गया। सरायपोख्ता के चौकी इंचार्ज फूलचंद पांडेय को गौराबादशाहपुर का थानेदार बनाया गया। बक्शा के प्रभारी उदय प्रताप सिंह को जन सूचना सेल में भेज दिया गया। पुरानी बाजार के चौकी प्रभारी को बक्शा थानाध्यक्ष बनाया गया।

# कम्पोजिट विद्यालय में लकड़ी पर पकता मिला भोजन



जिला संवाददाता(vol)

बीजपुर(सोनभद्र) खंड शिक्षा अधिकारी म्योरपुर विश्वजीत कुमार ने मंगलवार को न्याय पंचायत जरहा के आधा दर्जन परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कंपोजिट विद्यालय बीजपुर प्राथमिक विद्यालय राय कॉलोनी प्राथमिक विद्यालय बीजपुर कॉलोनी कंपोजिट विद्यालय सिरसोती तथा प्राथमिक विद्यालय नकटू का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान कंपोजिट विद्यालय बीजपुर में कुल 340 नामांकित बच्चों के सापेक्ष 275 छात्र ही उपस्थित पाए गए शिक्षकों में सहायक अध्यापक देवनारायण आकस्मिक अवकाश अध्यापिका सरोज चिकित्सकीय अवकाश पर थी। कंपोजिट विद्यालय बीजपुर में मल्टीप्ल हैंड वॉश यूनिट जीर्ण शीर्ण अवस्था में निष्प्रयोज्य पाया गया तो भोजन गैस चूल्हे की जगह लकड़ी पर बनता पाया गया जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी का पारा चढ़ गया और खूब खरी खोटी सुनाई गयी प्रधानाध्यापिका आशा रानी को व्यवस्थाओं में सुधार लाने की चेतावनी दी गयी प्रधानाध्यापिका आशा रानी द्वारा बताया गया कि समर्सिबल चोरी हो गया है खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा कंपोजिट ग्रांट की धनराशि खर्च का विवरण जानने की कोशिश की गई तो प्रधानाध्यापिका बगले झांकने लगी। निपुण लक्ष्य ऐप पर बच्चों का असेसमेंट भी नहीं किया जा रहा था। प्राथमिक विद्यालय राय कॉलोनी पर प्रधानाध्यापिका कुसुम सिंह अध्यापक पूनम कुमारी जायसवाल उपस्थिति पाई गई वहीं छात्र उपस्थित 87 के सापेक्ष 70 पाई गई। प्राथमिक विद्यालय बीजपुर कॉलोनी में 65 नामांकित बच्चों के सापेक्ष 55 बच्चे उपस्थित थे तीनों शिक्षिकाएं सुमित्रा नंदनी प्रियंका मिश्रा उपस्थिति पाई गई। प्राथमिक विद्यालय नक्टू पर कुल 23 नामांकित छात्रों के सापेक्ष 21 छात्र उपस्थित पाए गए खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों से किताब पड़वा कर गुणवत्ता जानने का प्रयास किया गया तो बच्चों ने भी उन्हें निराश नहीं किया और किताब पढ़कर सुनाया जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रसंशा की प्राथमिक विद्यालय नकटू में शिक्षामित्र रंजना सिंह एक अगस्त से लगातार अनुपस्थित पायी गयी जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई कंपोजिट विद्यालय सिरसोती में कुल 283 नामांकन के सापेक्ष 216 छात्र उपस्थित थे यहाँ भी खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा कंपोजिट ग्रांट की पंजिका मांगे जाने पर प्रधानाध्यापिका द्वारा प्रस्तुत करने में असमर्थता जताई गई।

## झूठी निकली ड्रोन से हमले की कहानी बेटे ने ही रची थी साजिश

जिला संवाददाता(vol)

सिंगरौली। व्यापारी के घर में ड्रोन से हमला किये जाने की घटना झूठी निकली। पिछले करीब एक सप्ताह से चुनौती बने ड्रोन हमले का पटाक्षेप करते हुए पुलिस ने बताया कि व्यापारी का बेटा ही एयर गन से फायर करता था और घर के आंगन में हथौड़ी से छर्रे गाड़ देता था।

पुलिस ने व्यापारी के बेटे के कमरे से एयर गन, हथौड़ी व अन्य उपकरण जब्त किये हैं। पुलिस ने बताया कि नाबालिग बेटे के दिमाग में अचानक यह फितूर उपजा और वह एयरगन से फायर करने लगा। घर वालों ने जब घर के आंगन और दीवार में लगी खिड़कियों के कांच को टूटा देखा तो उसने अज्ञात ड्रोन आने और हमला करने की झूठी कहानी रच डाली ड्रोन से हमला करने की शिकायत व्यापारी द्वारा एसपी निवेदिता गुप्ता से भी की गई थी। एसपी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए हर बिंदु की बारीकी से जांच कराई तो यह असली कहानी सामने आ गई, क्योंकि ड्रोन से हमले की बात को लेकर पुलिस भी चिंतित थी।

एसपी ने बताया कि ड्रोन को पकड़ने के लिए वे भोपाल और जबलपुर से जैमर मंगाने तक की बात वरिष्ठ अधिकारियों से कर चुकी थीं। कोतवाली थाना प्रभारी अशोक सिंह परिहार ने बताया कि व्यापारी के नाबालिग बेटे को समझाइश दी गई है कि वह इस तरह की हरकतें न करें अन्यथा उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है।

## मानव हितकारी शतचण्डी महायज्ञ : मंहत गिरी




आजमगढ़। समेदा में श्री दुर्गा जी मानव सेवा समाज ट्रस्ट द्वारा आयोजित पांच दिवसीय शतचण्डी महायज्ञ एवं संत प्रवचन के पहले दिन शतचण्डी महायज्ञ के महात्मय को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। संत प्रवचन का शुभारंभ पूर्व सांसद संतोष सिंह, पूर्व आईएएस नरेंद्र बहादुर सिंह, पूर्व सांसद कनकलता सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया।

मुख्य कथा वाचक महंत गिरी जी ने बताया कि शक्ति की देवी मां दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए शत चंडी यज्ञ किया जाता रहा है। इस यज्ञ के अनुष्ठान से देवी-देवताओं की विशेष कृपा प्राप्त होती है और मानव का कल्याण होता है। इसके बाद कथावाचक ने भगवान शिव की त्याग, मोह और मुक्ति की कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहाकि एक बार भगवती पार्वती के साथ भगवान शिव पृथ्वी पर भ्रमण कर रहे थे। भ्रमण करते हुए वे एक वन-क्षेत्र से गुजरे विस्तृत वन-क्षेत्र में वृक्षों की सघन माला के मध्य उन्हें एक ज्योतिर्मय मानवाकृति दिखाई दी, जिसे देख जगत जननी पार्वती ने मुग्ध भाव से कहा इतने विस्तृत साम्राज्य का अधिपति, इतने विशाल वैभव और ऐश्वर्य का स्वामी तथा त्याग की ऐसी अपूर्व निःस्पृह भावना! धन्य हैं भर्तृहरि। वस्तुओं को देखकर पार्वती ने खेद भरे स्वर में कहा प्रभो! निश्चय ही मैंने प्रतिक्रिया अभिव्यक्ति में शीघ्रता कर दी। इसके साथ ही कथावाचक ने कथा को त्याग की इस संगीतमयी कथा को सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। इसी के साथ कथा को विश्राम दिया गया।

इस अवसर पर नरेन्द्र बहादुर सिंह, प्रशांत सिंह, विजय बहादुर सिंह, स्वतंत्र सिंह मुन्ना, किशन सिंह, अनिकेत परिहार, कुणाल सिंह, तुषार सिंह, डा ऋत्विक परिहार, आलोक, रामचरण गौतम, सुधीर सिंह, लकी सिंह, रिंकू सिंह, धरभरन चौहान, अजय गौड़ सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## क्षेत्र में किया गया एरिया डॉमिनेशन फ्लैग मार्च



मीरजापुर।पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल व पीएसी बल के अधिकारी व कर्मचारीगण के साथ विधानसभा उप निर्वाचन मझवां- 397 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं निर्विघ्न रुप से भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत थाना कोतवाली देहात, चील्ह, कछवां, पड़री, विन्ध्याचल व मड़िहान क्षेत्र में फ्लैग मार्च व एरिया डॉमिनेशन किया गया।

उक्त फ्लैग मार्च व एरिया डॉमिनेशन के दौरान थाना स्थानीय पुलिस बल अधिकारी व कर्मचारीगण द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस व पीएसी बल के साथ क्षेत्र के सामप्रदायिक, राजनैतिक, संवेदनशील, क्रिटिकल, बल्नरेबिल से चिह्नित क्षेत्रों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया। जहाँ अराजक व असामाजिक तत्वों तथा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों में कड़ी कार्यवाही का संदेश दिया गया, वहीं आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुए उनसे वार्ता कर शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखने तथा भयमुक्त वातावरण में निर्भीक होकर मतदान करने का संदेश दिया गया।

## दो दुकानों में लगी आग, दमकल ने काबू पाया



जौनपुर। जिले के मुंगराबादशाहपुर, जंघई रोड थाना-मुंगराबादशाहपुर के अंतर्गत बालाजी ज्वैलर्स और वस्त्रालय की दुकान में आग लगने से अफरातफरी मच गयी। एक घण्टे बाद दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। बताते है कि आग लगने की सूचना प्राप्त होते ही फायर स्टेशन सतहरिया से यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुई तथा रेस्क्यू/एक्सीडेंट घटनास्थल कुंअरपुर टोलटैक्स के पास थाना पवारा से वापस आ रही फायर ब्रिगेड की गाडी भी उक्त घटनास्थल के लिए रवाना हुई, घटनास्थल पर पहुंच कर आग बालाजी ज्वैलर्स और वस्त्रालय दुकान में लगी हुई थी लोगों ने पंपिंग सेट चालू कर आग को बुझाने का कार्य प्रारंभ किया गया, मकान के अंदर दो सिलेंडर रखे हुए थे, जिसे तत्काल बाहर निकाला गया।

## कार्तिक पूर्णिमा पर 51 हजार दीयों से जगमग होंगे चुनार के घाट

- नयनागढ़ महोत्सव समिति व चुनार क्लब के तत्वाधान में किया जाएगा तीन दिवसीय आयोजन

मीरजापुर। कार्तिक पूर्णिमा व देव दीपावली के उपलक्ष्य में नयनागढ़ महोत्सव समिति व चुनार क्लब के तत्वावधान में 13, 14 व 15 नवंबर को गंगा घाट पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुक्त आयोजन के क्रम में कार्तिक पूर्णिमा पर चुनार के घाट 51 हजार दीयों से जगमग होंगे।

चुनार के बालूघाट पर नयनागढ़ महोत्सव समिति व किला घाट साहित्य संत धाम में चुनार क्लब के सदस्यों की तरफ से देव दीपावली मनाने की तैयारियां की जा रही हैं। क्लब के सदस्य किला घाट, साहित्य संत धाम, संतोषी माता मंदिर व उसके आसपास सफाई आदि काम में जुटे हुए हैं। घाट के ऊपरी दीवार पर क्लब के सदस्यों की तरफ से पेंटिंग की जा रही है। गंगा घाट पर मिट्टी को समतल कर रंगोली सजाई जा रही है। बताया जा रहा है कि इस बार देव दीपावली महोत्सव के दौरान क्लब की ओर से किला घाट स्थित साहित्य संत धाम में विश्व शांति एवं मिशन शक्ति पर आधारित रंगोली सजाई जाएगी। जो लोगों के लिए प्रेरणादायी सिद्ध होगी। उधर, सोमवार को क्लब के सदस्य देव दीपावली महोत्सव की तैयारियों में जुटे रहे। इस बार नयनागढ़ महोत्सव समिति, चुनार क्लब व अन्य पूजा समितियों की तरफ से देव दीपावली मनाने के दौरान गंगा घाटों पर 51 हजार दीये जलाएं जाएगे। इस दौरान गंगा आरती होगी। महोत्सव के पहले दिन 13 नवंबर को शाम को इसका शुभारंभ किया जाएगा। इस दौरान कथक नृत्य एवं रात में अखिल भारतीय ठहाका कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। दूसरे दिन 14 नवंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक नमामि गंगे कार्यक्रम, दोपहर 12.30 बजे से अपराह्न तीन बजे तक भारतीय लोकतंत्र में जाति गणना का औचित्य विषय पर संगोष्ठी, शाम को गंगा प्रतिमा का नगर भ्रमण तथा गंगा तट पर अवस्थापना, शाम सात बजे से जादूगर राठी का मैजिक शो कार्यक्रम है। तीसरे दिन 15 नवंबर को गंगा में स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए सुबह सात बजे से अपराह्न तीन बजे तक घाट पर बिरहा दंगल का आयोजन किया गया है। शाम सात बजे से गंगा दर्शन, गंगा पूजन, आतिशबाजी, भव्य गंगा आरती कार्यक्रम है। प्रसाद वितरण के साथ ही रात आठ बजे से नामचीन कलाकारों की तरफ से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे।

## भगवान शालिग्राम संग हुआ तुलसी का विवाह



जौनपुर। देवउठनी एकादशी के अवसर पर भगवान विष्णु की पूजा की जाती है. लोग व्रत रखते हैं. देवउठनी एकादशी की व्रत कथा सुनते हैं. पौराणिक और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस शुभ अवसर पर विष्णु भगवान चार महीने की योग निद्रा से जागते हैं और पुनः से सृष्टि की व्यवस्थाओं को संभालते हैं. सबसे महत्वपूर्ण बात तो ये है कि कल ही देवउठनी एकादशी के दिन तुलसी विवाह भी है. ऐसे में देवउठनी एकादशी पर तुलसी जी की भी पूजा की जाती है।

मंगलवार को सांय काल घरों में महिलाओं ने तुलसी को सजाकर विवाह रचाया और विधि विधान से पूजन किया। बताया गया है देवउठनी एकादशी व्रत के बारे में भगवान स्वयं कहते हैं कि इस संसार में उसी मनुष्य का जीवन सफल है, जिसने देवउठनी एकादशी का व्रत कर लिया. जिसने अभी तक एकादशी का व्रत नहीं किया, उसके अभी तक जीवन में किए गए जितने भी पुण्य है, वे सभी व्यर्थ हैं. मन, वचन और कर्म तीनों प्रकार के पापों को नष्ट कर देता है ये व्रत. एकादशी व्रत के दिन सिर्फ एक बार ही फलाहार लें. द्वादशी के दिन सूर्य निकलने के बाद सबसे पहले तुलसी पत्र अपने मुंह में डालकर ही व्रत का पारण करें और फिर कुछ अन्न खाया जाता है। इसी दिन तुलसी जी के विवाह का भी शुभ मुहूर्त होता है. ऐसे में ये तुलसी जी का भी दिन है. मां तुलसी की भी पूजा अवश्य करें. मां तुलसी का विवाह कराने से घर में सुख-समृद्धि, अखंड सौभाग्य आता है। ज्ञात हो कि हिंदू पंचांग के अनुसार हर वर्ष कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी, जिसे देवउठनी, देवोत्थान और देवप्रबोधिनी के नाम से जाना जाता है तुलसी विवाह का आयोजन किया जाता है। हिंदू धर्म के अनुसार सृष्टि के पालनहार श्रीहरि भगवान विष्णु देवउठनी एकादशी पर चार महीने की अपनी योगनिद्रा से जागते हैं। भगवान विष्णु के जागने पर इस दिन तुलसी विवाह किया जाता है। भगवान विष्णु के शालिग्राम स्वरूप संग तुलसी विवाह विधि-विधान के साथ किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवउठनी एकादशी पर तुलसी विवाह करना बहुत ही शुभ और मंगलकारी माना जाता है। देवउठनी एकादशी पर सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु के शालिग्राम स्वरूप के साथ तुलसी जी का विवाह कराने पर सभी तरह के कष्टों से मुक्ति मिलती और भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवउठनी एकादशी पर भगवान शालिग्राम संग तुलसी विवाह का बहुत ही विशेष महत्व होता है। ऐसा करने पर वैवाहिक जीवन में आ रही बाधाएं खत्म होती है और जिन लोगों के विवाह में रुकावटें आती हैं वह भी दूरी हो जाती है। शास्त्रों के अनुसार तुलसी-शालिग्राम का विवाह करने पर कन्यादान के बराबर का पुण्य लाभ मिलता है।

## दो बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

आजमगढ़। देवगांव कोतवाली क्षेत्र के रेतवां चद्रभानपुर गांव के समीप सोमवार की रात को दो बाइकों में भिड़ंत हो गयी। इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी। जबकि दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया गया है। देवगांव कोतवाली क्षेत्र के लालगंज बाई पास मार्ग पर स्थित रेतवा चंद्रभानपुर गांव के समीप सोमवार की रात करीब 9:30 बजे दो बाइकों में टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में मेहनाजपुर क्षेत्र के नई कटरा निवासी शिवम सिंह पुत्र नंदकिशोर सिंह और देवगांव कस्बा निवासी इम्तियाज पुत्र स्व. मुमताज की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में दूसरा बाइक पर सवार अरमान पुत्र एकखलाक ग्राम मंगरावा थाना गंभीरपुर निवासी गंभीर रूप से घायल से हो गया। उसे आनन-फानन में लोग लालगंज सौ सैया हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। डाक्टर ने हालत गंभीर देख उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। परिवार के लोग अरमान को वाराणसी के एक अस्पताल में भर्ती कराया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

आजमगढ़। जनपद के देवगांव थाना क्षेत्र में बीती रात हुए भीषण सड़क हादसे में जहां दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल युवकों को पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनकी हालत को देखते हुए डॉक्टर ने हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मोटरसाइकिल की स्थिति को देखते हुए यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि दुर्घटना के समय स्पीड काफी तेज थी। हादसा देवगांव थाना क्षेत्र के हाइडिल तिराहा के पास हुआ। इस दुर्घटना में अपाचे मोटरसाइकिल और पैशन मोटरसाइकिल की आमने-सामने तगड़ी टक्कर हुई है जिसमें अपाचे मोटरसाइकिल सवार दोनों युवकों की मौत हो गई है। पैशन सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इस दुर्घटना में दोनों मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। देवगांव पुलिस ने दोनों मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में ले लिया है। मरने वालों में शिवम सिंह 29 वर्ष पुत्र नंदकिशोर सिंह निवासी थाना मेहनाजपुर और इम्तियाज अहमद 30 वर्ष पुत्र मुमताज थाना देवगांव है। घायलों में मोहम्मद अरमान उम्र 25 वर्ष पुत्र अकबाल थाना सिपाह जौनपुर, हुजैफा उम्र 20 वर्ष पुत्र अबुल फैज थाना देवगांव हैं। घटना की जानकारी मृतक और घायलों के परिजनों को दे दी गई हैं।

## पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, सनसनी

आजमगढ़। दीदारगंज थाना क्षेत्र के बनगांव ग्राम के सिवान में मंगलवार की सुबह पेड़ पर लटका एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी। बनगांव गांव निवासी 25 वर्षीय ऋषिकेश उर्फ अतुल राजभर की बहन की 26 नवंबर को शादी है। शादी की तैयारी में परिवार के लोग लगे हुए हैं। शादी में देने के लिए परिजनों ने नई बाइक खरीदी थी। परिवार के लोगों का कहना है कि ऋषिकेश उक्त बाइक लेकर सोमवार को कहीं चला गया था। वह शराब के नशे में बाइक लेकर वापस आ रहा था कि नरखें गांव के समीप हुए दुर्घटना में बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। बाइक क्षतिग्रस्त होने पर पिता ने उसे डांट-फटकार दिया था। रात में जब परिवार के लोग सो गए तो ऋषिकेश घर से बाहर निकल गया। गांव के सिवान में स्थित बबुल के पेड़ पर रस्सी के सहारे उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने पेड़ पर लटका शव देख परिजनों के साथ ही पुलिस को भी सूचना दिये। इधर ऋषिकेश के आत्महत्या कर लिये जाने से परिवार में कोहराम मच गया। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों का द्वितीय व्यय लेखा का कराया गया मिलान

मीरजापुर। मुख्य कोषाधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी व्यय अनुवीक्षण मीरजापुर ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया है कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी के द्वारा पूर्व निर्धारित तिथियों के अनुसार उप निर्वाचन 397-मझवॉ विधानसभा मीरजापुर में चुनाव लड़ रहें समस्त प्रत्याशियों द्वारा दिन प्रतिदिन चुनाव सम्बन्धित व्ययों का द्वितीय लेखा मिलान कराया गया।

## स्वास्थ्य शिविर में 388 मरीजों की जांच

जौनपुर। केराकत में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अरुण कुमार कनौजिया की अध्यक्षता में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में क्षेत्र से आए कुल 388 मरीजों का जांच परीक्षण करने के साथ ही निःशुल्क दवा वितरित कर लोगों को जागरूक भी किया गया। जिला चिकित्सालय से मानसिक रोग विशेषज्ञ राम प्रकाश पाल (मनोवैज्ञानिक) एवं विकास कुमार सिंह के द्वारा मानसिक बीमारियों से ग्रसित रोगियों का काउंसिल कर उपचार किया गया। इस अवसर पर डॉ आलोक सिंह, डॉ सत्य मित्र चतुर्वेदी, डॉ अंकित श्रीवास्तव, गुंजन कुमार स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी व अस्पताल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## एनटीपीसी-विंध्याचल का मना 43वां स्थापना दिवस समारोह

सोनभद्र। प्रशासनिक-भवन परिसर मे आयोजित इस कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार ने एनटीपीसी ध्वजारोहण किया और सभी ने एनटीपीसी गीत गाया। साथ ही मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा एवं नामित परियोजना प्रमुख (सिमाद्री), मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बी सी चतुर्वेदी के साथ केक काटकर हवा मे रंग-बिरंगे गुब्बारों को उड़ाया गया, जिसने आसमान को जश्न में रंग दिया। इस शुभ अवसर पर महाप्रबंधक (आर एल आई) त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक (हरित रसायन) सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक (मेंटीनेंस) ए जे राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री) डी के अग्रवाल, महाप्रबंधक (परियोजना) अतिन कुंडु, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) राकेश अरोड़ा, अन्य विभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष, अध्यक्षा सुहासिनी संघ सरोजा फणि कुमार, उपाध्यक्षा (सुहासिनी संघ) नीता शर्मा व सारिका चतुर्वेदी एवं सुहासिनी संघ की अन्य पदाधिकारीगण, सीआईएसएफ उप कमांडेंट शिव कुमार एवं उनकी टीम, यूनियन/एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, सभी स्कूलों के प्राचार्यगण, मीडिया प्रतिनिधिगण, सभी कर्मचारी एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहें। अपने उद्बोधन में श्री कुमार ने कहा कि 12 नवंबर, 1982 को तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के कर-कमलों से हमारी परियोजना की नींव रखी गई थी। 01 सितंबर, 1987 को एनटीपीसी-विंध्याचल की प्रथम यूनिट 1/ 210 मेगावाट का कामर्शियल आपरेशन आरंभ हुआ। विगत वर्षों में एनटीपीसी विंध्याचल ने उत्पादन क्षमता को कई गुना बढ़ाया है और आज एनटीपीसी ही नहीं, अपितु राष्ट्र की विशालतम विद्युत परियोजना होने के भाव से अभिभूत है। शून्य से लेकर 4783 मेगावाट के माइल-स्टोन को प्राप्त करने के लिए विंध्याचल के कर्मठ कर्मचारियों ने विपरीत परिस्थितियों में असीम धैर्य, त्याग, तपस्या और बलिदान दिया है। विंध्याचल परियोजना ने प्लांट प्रदर्शन एवं विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में कई बेंच-मार्क स्थापित किए हैं।

## संतोष बने सर्व वैश्य समाज विंध्याचल मंडल अध्यक्ष

बीजपुर/सोनभद्र। जायसवाल समाज ऊर्जान्चल के अध्यक्ष म्योरपुर ब्लॉक के बीजपुर निवासी संतोष जायसवाल को सर्व वैश्य समाज मिजार्पुर मण्डल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया. जानकारी मिलते ही वैश्य समाज के मित्रो व कार्यकर्ताओ में शुभकामनायें प्रेषित करने की होड़ मच गई उन्होंने कहा की छोटे के क्षेत्र बीजपुर के युवा समाजिक क्षेत्र में आगे बढ़ रहें है यह क्षेत्रवासियों के लिए गर्व की बात है निश्चित ही संतोष जायसवाल पुरे वैश्य समाज को एकजुट करने में सफल होंगे।

## डीएम ने हरी झंडी दिखाकर आपदा मित्रों को प्रशिक्षण के लिए किया रवाना




मीरजापुर। चयनित आपदा मित्रों का मनोबल बढ़ाते हुए लखनऊ बस से भेजते समय जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा बस को हरी झंडी दिखाते हुए रवाना किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रशिक्षित आपदा मित्रों द्वारा विभिन्न आपदाओं के अंतर्गत पूर्ण मनोयोग से राहत एवं बचाव कार्य के सकुशल संचालन हेतु जिला प्रशासन का सहयोग किया जाएगा और यह भी अवगत कराया कि यह सभी प्रशिक्षित आपदा मित्र ट्रेनिंग के बाद जनपद में विभिन्न आपदाओं जैसे कि अग्निकांड, बाढ़, भूकंप, डूबना, औद्योगिक दुर्घटना, सड़क दुर्घटना इत्यादि आपदाओं से बचाव के संबंध में जागरूकता इत्यादि सम्बंधित कार्यक्रम का संचालन भी करेंगे। ज्ञात हो कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मीरजापुर द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ के माध्यम से आपदा मित्र प्रशिक्षण हेतु जनपद से चयनित कुल 95 स्वयंसेवकों को आपदा मित्र प्रशिक्षण हेतु लखनऊ भेजा गया है। चयनित स्वयंसेवकों का आपदा मित्र के रूप में प्रशिक्षण राज्य आपदा मोचन बल द्वारा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कि निर्धारित रूपरेखा के अनुसार कराया जाएगा। जनपद से भेजे गए कुल 95 स्वयंसेवकों में कई स्वयंसेवक नेहरू युवा केंद्र संगठन, एनएसएस, एनसीसी, भारत स्काउट एंड गाइड के वालंटियर्स भी शामिल हैं। उपरोक्त चयनित 95 स्वयंसेवकों को राज्य आपदा मोचन बल उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा 12 दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मीरजापुर द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्धारित मानकों के अनुसार विभिन वालंटियर संगठनो तथा तहसील स्तर से आपदा मित्रों का चयन कराया गया है। कार्यक्रम में शिव प्रताप शुक्ल- अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), अंकुर गुप्ता- जिला आपदा विशेषज्ञ, अनूप सान्तुवाला- प्रधान सहायक कलेक्ट्रेट व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## अखिल भारतीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 18 से

**कुशीनगर।** महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान उज्जैन द्वारा प्रायोजित एवं श्रीनाथ संस्कृत महाविद्यालय के संयोजन में त्रिदिवसीय अखिल भारतीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 18नवंबर से प्रारंभ होगी। आयोजन समिति के संरक्षक, प्रबंधक अग्निवेश मणि एवं महाविद्यालय के मंत्री गंगेश्वर पाण्डेय एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष गंगेश्वर पाण्डेय ने बताया कि महर्षि सांदीपनि वेद विद्या प्रतिष्ठान उज्जैन के द्वारा प्रायोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के ख्यातिलब्ध विद्वानों की उपस्थिति होगी जिसमें वेदोपवेद एवं तन्मूलक भारतीय चिंतन विषय पर चर्चा होगी। संगोष्ठी में कुल आठ सत्र होंगे।संगोष्ठी में एलबीएस राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो मुरली मनोहर पाठक, प्रोफेसर राममूर्ति चतुर्वेदी पूर्व अध्यक्ष संस्कृत, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ काशी,प्रो ओमप्रकाश पाण्डेय पूर्व अध्यक्ष संस्कृत लखनऊ विश्वविद्यालय, प्रो बनारसी त्रिपाठी डीडीयू गोरखपुर, प्रो जयप्रकाश नारायण द्विवेदी द्वारका, प्रो मनोज कुमार मिश्र अध्यक्ष वेद विभाग केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय गंगानाथ झा परिसर प्रयागराज, सहित अनेक ख्यातिलब्ध विद्वानों की उपस्थिति होगी। प्रथम दिवस पर सायंकाल संस्कृत कवि गोष्ठी एवं द्वितीय दिवस पर संगीत संध्या आयोजित की जाएगी संगोष्ठी में शोध छात्र एवं शैक्षिक संस्थान के अध्यापक भी अपना पंजीकरण कराकर प्रतिभाग कर सकते हैं।

## यशवंत ने तैयार की ताप रोधी व अग्नि रोधी ईंट

**रुद्रपुर,देवरिया।** क्यों नहीं हो सकता आसमां में सुराखएक पत्थर तो तबियत से उछालो यारो। कवि दुष्यंत कुमार की लिखी ये पंक्तियां दोआबा के नारायणपुर निवासी सेवानिवृत्त आयुक्त यशवन्त राव पर सटीक बैठती हैं। सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने घर बैठकर जीवन बिताना उचित नहीं समझा बल्कि कुछ कर गुजरने की ठान ली। उन्होंने लखनऊ से सटे बाराबंकी में प्रकृति की गोद में एक फार्म हाउस बनाया। जहां उन्नत व जैविक खेती के साथ ही सिंह गौ पालनए मुर्गी पालन व मछली पालन का कार्य भी शुरू किया। खेती.बाड़ी से समय निकालकर वे लेखन भी करते हैं। वर्तमान में वे दुग्धेश्वर नाथ मंदिर पर एक पुस्तक लिख रहे हैं। साथ ही साथ उन्होंने गायों के गोबर का सदुपयोग करने की सोची। श्री राव ने गोबर में चूनाए गुड़एभिण्डी या एलोवेरा का गूदा तथा गोबर का छठवां भाग मिट्टी मिलाकर ईंट तैयार किया। एक मुलाकात के दौरान उन्होंने बनी हुई ईंट दिखाते हुए बताया कि ये ईंट तापरोधी और अग्नि रोधी भी है जिसे प्राकृतिक तरिके से तैयार किया गया है। ये ईंट हल्की भी है। ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए ये ईंट काफी अच्छी है। कान्क्रीट के बने घरों में गर्मी के महीनों में तापमान और बढ़ जाता है जिससे घरों में रहना मुश्किल हो जाता है। भीषण गर्मी से बचने के लिए लोग एसी का सहारा लेते हैं जिसका दुष्प्रभाव पर्यावरण के साथ ही साथ मानव शरीर पर भी पड़ता है। उन्होंने अपने फार्म हाउस पर विभिन्न प्रकार के चावलए गेहूंए सरसोंएमोटे अनाज और फलों की खेती भी की है जो गर्मियों के बाद सुविधा युक्त जीवन शैली छोड़कर फार्म पर दिन.रात मेहनत करके लकीर से हटकर काम करना उन युवाओं के लिए मिशाल है जो बेरोजगारी का रोना रोकर अपना बहुमूल्य समय बर्बाद कर रहे हैं।

# डीएम की निगरानी में क्रॉप कटिंग का हुआ आयोजन

### धान की औसत पैदावार 48.266 क्विंटल प्रति हेक्टेयर मापी गयी



**देवरिया।** डीएम दिव्या मित्तल की उपस्थिति में देवरिया जिले की सदर तहसील के ग्राम रघवापुर में खरीफ फसल धान की उत्पादकता का सही आंकलन करने हेतु क्रॉप कटिंग का आयोजन किया गया। इस प्रक्रिया के तहत जनपद में धान की औसत पैदावार 48.266 क्विंटल प्रति हेक्टेयर मापी गई। चयनित खेत में समबाहु त्रिभुज के प्रति 10 मीटर भुजा वाले क्षेत्र में धान की कटाई की गई। इस अवसर पर डीएम ने किसानों से संवाद करते हुए विभिन्न आवश्यक जानकारियां प्राप्त कीं। उन्होंने जानकारी दी कि जिले के सभी सरकारी क्रय केंद्रों पर धान की खरीदारी शुरू हो चुकी है और किसानों से अनुरोध किया कि वे अतिरिक्त उत्पादन को इन केंद्रों पर बेचें।

क्रॉप कटिंग के माध्यम से फसल की औसत पैदावार का आंकलन किया जाता है एवं जिसे शासन को भेजा जाता है। इन आंकड़ों के आधार पर फसल बीमा धारकों को मुआवजा मिलता है। क्रॉप कटिंग से प्राप्त आंकड़ों का उपयोग प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत नुकसान की भरपाई तथा आपदा की स्थिति में मुआवजा देने में भी किया जाता है। इसी आधार पर जनपद में विभिन्न फसलों की प्रति हेक्टेयर उत्पादकता का आंकलन होता है। इस अवसर पर एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी, मंडलीय सांख्यिकीय अधिकारी प्रकाश कुमार शुक्लाए प्रभारी अपर सांख्यिकीय अधिकारी संजीव सिंहए तहसीलदार केके मिश्रा समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## देव उठनी एकादशी पर हुआ तुलसी विवाह

**रुद्रपुर,देवरिया।** मंगलवार को देव उठनी एकादशी पर व्रती महिलाओं ने तुलसी विवाह किया। इस अवसर पर तुलसी के विरवे को मंडप बनाकर सजाया गया। तुलसी माता के रूप में प्रचलित तुलसी के पौधे का श्रृंगार किया गया और फूलोंएतोरण तथा बिजली के झालरों से सजाया गया। सिंघाड़ा व गंजी एकादशी के नाम से चर्चित एकादशी व्रत पर भगवान विष्णु को गंजीए सिंघाड़ाए गन्ना और गुड़ का भोग लगाया गया। ऐसा माना जाता है कि तुलसी विवाह के बाद से हिन्दुओं के घर विवाहादि मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं।

# निहाल सिंह हत्याकांड में गिरफ़्तारी के लिए करणी सेना का जोरदार प्रदर्शन

**देवरिया।** निहाल सिंह हत्याकांड में हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं होने पर करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरू सिंह मंगलवार की दोपहर में शहर के मुंसिफ कालोनी स्थित निहाल के घर पहुंचें। जहां उन्होंने पीड़ित परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया। यहां से करणी सेना समर्थक जुलूस की शक्ल में कचहरी चौराहा पहुंचे। प्रशासन ने उन्हें रोकना चाहा तो प्रदर्शनकारी डीएम आवास के सामने बैठ गए। इससे देवरिया गोरखपुर मुख्य मार्ग बाधित हो गया। यहां से प्रदर्शनकारी सुभाष चौक पहुंचे। यहां पर एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव व एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी को अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए दो दिन का अल्टीमेटम देकर प्रदर्शन समाप्त किया। इस दौरान करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरू सिंह ने कहा यह प्रदर्शन कोई राजनैतिक प्रदर्शन नहीं है। हत्या हुई है निहाल सिंह की नृशंस हत्या हुई है। पिछले 6 दिनों से पुलिस निकृष्टता के साथ काम कर रही है। एक भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। योगी आदित्यनाथ की सरकार में जहां यह कहा जाता है कि अपराधी या तो जेल में हैं या नेपाल या फिर भगवान के पास। उसी मंडल का जिला है। योगी के बगल से सटा जिला है। उनके विधानसभा से सटा हुआए जिले से सटा हुआ जिला है। इतनी बेरहमी से निहाल सिंह को मार दिया गया। इतनी हाई प्रोफाइल हत्या के बाद एक भी गिरफ्तारी न कर पाना शासन पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। ऐसे में शासन किसी अपराधी से मिलकर ऐसा कृत्य करवा रहा है या राजनैतिक प्रेशर में कर रहा है। यदि ये सब कर रहे हैंए तो एक बात बताना चाह रहा हूं मैं करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के नाते नहींए मैं इस मां का बेटा होने के नातेए निहाल सिंह का बड़ा भाई होने के नाते कह रहा हूं कि हम क्षत्रिय समाज से विलॉग करते हैं। हमारा और हमारे बाप दादाओं का ऐसा इतिहास रहा है। हम हूण, मुगल, यहूदी, अंग्रेजों के पिछवाड़े पर लट्ठ मारकर भगाए हैं। इस देश से तो ऐसे अपराधियों का क्या दम। प्रशासन ने दो दिन का समय मांगा है। 15 तारीख को हमलोग फिर वापस आएंगे। फिर पूरा देवरिया देखेगा कि इतिहास कैसे लिखा जाएगा। क्या योगी राज में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं के सवाल पर करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरू सिंह ने कहा कि यह तो हर कोई कहेगा कि पिछले छः दिन से एक भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। कहीं न कहीं यह सवाल खड़ा ही हो रहा है कि सरकार में भी अपराधियों का हौसला बढ़ा है। सरकार यह समझे यहां के सांसद विधायक आज तक नहीं आए। बीजेपी का हार्डकोर वोटर है क्षत्रिय समाज। लोस में जितने बुरी तरह से हारे हैं न ऐसा न हो आने वाले विस चुनाव में भी हमलोगों का विरोध झेलना पड़े।

# 5 हजार दीपों से जगमग हुआ कसया का राम जानकी मंदिर



**कुशीनगर।** सामाजिक, सांस्कृतिक व लोक कला संबर्द्धन के लिये समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा देव उठनी एकादशी की पूर्व संध्या पर दीपोत्सव में 5 हजार दीपों से कसया का श्री राम जानकी मंदिर जगमग हो उठा। सोमवार को मन्दिर परिसर में सोमवार की शाम को विधि-विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंगलाचरण आरती हुई। प्रबुद्ध जनों और गोरक्ष प्रान्त के महामंत्री डॉ अनिल कुमार सिन्हा ने गंगा मां की आरती उतारी।पुजारी देवनारायण शरण द्वारा ठाकुर जी के आरती के बाद सबको प्रसाद वितरित किया गया। मुख्य वक्ता प्रांत धर्म जागरण प्रमुख तारकेश्वर ने कहा कि दीपक सदैव अन्धकार रूपी बुराई से लड़ता है। मानव को भी समाज में सदैव प्रकाश रूपी अच्छाई देना चाहिए। जहां दीपक प्रज्वलित होता है वहां सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा दीपक ज्ञान का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति में किसी कार्यक्रम का शुभारंभ दीपक जलाकर करते हैं। मंत्री अशोक कुमार के नेतृत्व में कलाकारों ने भजन प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। दिव्यांशु श्रीवास्तव के नेतृव में फूलों व विभिन्न रंगो से बनी रंगोली आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अलावा डॉ. अनिल कुमार सिन्हा को गोरक्ष प्रान्त का महामंत्री बनने पर अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। समापन श्रीराम आरती व प्रसाद वितरण से हुआ।अध्यक्षता डॉ. सी पी गुप्ता ने किया। संचालन सहमंत्री विरेश राय एवं विकास कुमार श्रीवास्तव व आभार पूर्व न्यायाधीश संतोष श्रीवास्तव व उपाध्यक्ष एड. आलोक कुमार श्रीवास्त कार्यक्रम संयोजक ने व्यक्त किया। इस दौरान सह विभाग संघ चालक डॉ. चंद्रशेखर, सप्रांश सपरांत संपर्क प्रमुख आशीष श्रीवास्तव, संस्कार भारती गोरक्ष प्रांत की साहित्य विधा संयोजिका चारु शीला जिलाप्रचारक प्रवीण, जिला संघ चालक देवेन्द्र, विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख सुरेश प्रसाद गुप्त, नगर प्रचारक सुमित, प्रधानाचार्य गोविंद चौबे व रामजी सिंह, जेपी श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष त्रिभुवन मणि त्रिपाठी, एड. रविंद्र मणि त्रिपाठी, ओम प्रकाश सिंह, वीरेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. कालिंदी त्रिपाठी, शशि प्रभा सिन्हा, अरुण राय, सिया शरण पाण्डेय, उमेश चंद्र गुप्त, सुमित, डा सुमन मणि त्रिपाठी, रंजना मद्धेशिया, रामाशीष राय आदि लोग मौजूद रहे।

## अवकाश प्राप्त शिक्षक के निधन पर शोक



**कुशीनगर।** नगर पालिका कुशीनगर के वार्ड नम्बर 15 वीर सावरकर नगर (सबया) स्थित टीचर कॉलोनी निवासी अवकाश प्राप्त शिक्षक 79 वर्षीय रामधार सिंह पुत्र स्वर्गीय रामदयालु सिंह का सोमवार को निधन हो गया। स्व. सिंह लम्बी बीमारी से पीड़ित थे। जिनका गोरखपुर में इलाज चल रहा था। उनके निधन की जानकारी होते परिजनों, शुभेच्छुओं में शोक की लहर छा गई। मंगलवार को कसया कस्बे के भलुही मदारी पट्टी स्थित बुद्ध विद्या विहार विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा में शिक्षकों और छात्र - छात्राओं ने 2 मिनट मौन रखकर ईश्वर से मृतक की आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। विदित हो की रामधार सिंह सखवनिया इंटर कॉलेज में रसायन विज्ञान के प्रवक्ता थे तथा कसया विधानसभा सीट से बसपा के चुनाव चिन्ह पर एक बार विधायक का चुनाव भी लड़ चुके हैं। वह शिक्षक संघ रामचेत गुट का प्रांतीय उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। शिक्षकों की समस्याओं को दूर करने के लिए स्व0 सिंह ने जीवन भर संघर्ष किया। स्व. सिंह के निधन पर भाजपा नेता ओम प्रकाश जायसवाल, अधिवक्ता दिनेश सिंह, रामदेनी सिंह, उमेश सिंह, अधिवक्ता गौरव सिह शिक्षक विशाल, अनुराधा सिंह, रिंकी, पूनम राव, अंजलि त्रिपाठी आदि ने शोक प्रकट किया।

## नृत्य, गायन और ड्रामा प्रतियोगिता आयोजित



**देवरिया।** मिशन शक्ति फेज-5के तहत राजकीय इंटर कॉलेज, देवरिया में बाल कार्निवाल योजना के अंतर्गत नृत्य, गायन, और ड्रामा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री मनोज कुमार तिवारीए सचिवए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया उपस्थित रहे, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को गोल्ड मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से महिला कल्याण विभाग से श्रीमती नीतू भारती, केंद्र प्रशासक, और श्रीमती मीनू जायसवाल, वन स्टॉप सेंटर की प्रतिनिधि के साथ अन्य विभागीय कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## आज आयेंगी राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष

**देवरिया।** राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती चारु चौधरी 13 नवंबर को जनपद देवरिया आएंगी। प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार सबसे पहले वे प्रातः 11 बजे महिला कल्याण विभाग के अधिकारियों तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगीए जिसमें घरेलू हिंसाए महिला उत्पीड़न सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी। समीक्षा बैठक के पश्चात उपाध्यक्ष महोदया महिला जनसुनवाई करेंगीए जहां पीड़ित महिलाएं सीधे अपनी समस्याओं से अवगत कराकर त्वरित समाधान प्राप्त कर सकेंगी। इस सुनवाई का उद्देश्य पीड़ित महिलाओं की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान करना है।

# संस्कार संगम ने मनायी पद्मश्री शारदा सिन्हा की याद में स्वरांजलि



**कुशीनगर।** अखिल भारतीय संस्था संस्कार -संगम के तत्वावधान में संस्था परिवार के डॉ० अम्बरीष विश्वकर्मा के चित्रतूली-भवन पर बिहार की स्वर कोकिला, पद्मश्री शारदा सिन्हा की याद में स्वरांजलि कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम का आरम्भ दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं एकात्मता मंत्र- यं वैदिका मंत्रद्दशः पुराणा के गायन से हुआ। संस्था अध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने कहा बात चाहे प्रेम का हो या बेटी की बिदाई का, लोकसंगीत हो, छठ या लोकप्रिय उत्सव, इन सभी अवसरों पर शारदा जी ने जिन गीतों को अपनी आवाज दी, वो सभी गीत आज भी लोगों की जबान पर हैं। उनकी आवाज में गजब की संवेदनशीलता है। शारदा सिन्हा जी सदियों तक गीतों के माध्यम से लोगों के दिलों में जीवित रहेंगी। दिनेश तिवारी ₹भोजपुरिया₹ ने अपने सम्बोधन कहा कि शारदा सिन्हा जी ने मैथिलि, भोजपुरी, हिंदी के पारंपरिक लोकगीतों के अलावा हिंदी सिनेमा को भी अविस्मरणीय गीत दिए हैं, 72 वर्ष की उम्र में जब वह अपनी अंतिम साँसे गिन रही थीं कुछ गुनगुना कर हीं अपने पति की प्रति प्रेम संवेदना को व्यक्त किया था। डा० अम्बरीष विश्वकर्मा ने कहा कि जिस आवाज कि कोई तुलना नहीं, बिहार-कोकिला, पद्मविभूषण, पद्म शारदा सिन्हा ने लुप्तप्राय विधाओं के संरक्षण में मरते दम तक योगदान देते हुए 62 से अधिक छठ गीतों के साथ लगभग 2 हजार से अधिक गीत गाये। वंदना मद्धेशिया ने ₹बस राम राम बस राम राम...। किरण जायसवाल ने जगदम्बा घर में दीयना बारी अइली हो...सुनंदा शर्मा ने कोयल बिन बगिया ना सोहे राजा...। निधि शर्मा ने कहे तोसे सजना ई तोहरी सजनिया...। दिनेश तिवारी ने राम जी से पूछे जनक पुर के नारी...। डॉ.अम्बरीष विश्वकर्मा ने पटना से बैदा बुलाई द नजरा गइलें गोईयां...आदि अनेक गीतों की प्रस्तुति से स्वरांजलि दिया। संस्था मंत्री पवन गुप्ता ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित किया। संचालन शिक्षक राजू कुमार मद्धेशिया ने किया। इस दौरान धनंजय राव, नारायण जायसवाल, विवेक विश्वकर्मा, रमेश मद्धेशिया, धीरज जायसवाल, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कार्तिक पूर्णिमा को लेकर नामित किये गये मजिस्ट्रेट

**कुशीनगर।** कार्तिक पूर्णिमा त्यौहार 15 नवंबर को मनाए जाना है, कार्तिक पूर्णिमा के दिन नदियों के घाटों पर स्नान/पूजा पाठ किया जाता है,इस कार्यक्रम के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा व्यवस्था तथा शान्ति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु जिला मजिस्ट्रेट विशाल भारद्वाज ने जनपद में त्यौहारों के समाप्ति तक ड्यूटी पर सुपर जोनल मजिस्ट्रेट /जोनल मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट, नगर निकाय क्षेत्रवार/तहसील /पुलिस चौकीवार नियुक्त किए हैं।

जिला मजिस्ट्रेट ने सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कसया, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा, संपूर्ण तहसील क्षेत्र तमकुहीराज, हेतु सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट वैभव मिश्रा को नामित किया है, तथा सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र पडरौना, खड्डा, व कप्तानगंज हेतु सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक प्रेम कुमार राय को सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है। डीएम ने सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कसया हेतु उप जिलाधिकारी कसया को जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है, इसी प्रकार संपूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट हाटा को, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र तमकुहीराज के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट तमकुहीराज को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र पडरौना के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट पडरौना को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र खड्डा के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट खड्डा को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र कप्तानगंज के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट कप्तानगंज को जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है। सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में 38 अधिकारियों को नामित किया गया है जिसके अंतर्गत तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी तथा अन्य जनपद, ब्लॉक, तहसील स्तरीय अधिकारियों को पुलिस चौकी वार, कस्बा चौकी वार, प्रमुख चौक वाइज नामित नामित किए हैं। इसके आलावे रिजर्व में 05 जोनल व 05 सेक्टर मजिस्ट्रेट

**● 2 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, 06 जोनल, 38 सेक्टर मजिस्ट्रेट की हुई है तैनाती**

भी नामित किये है। उन्होंने बताया कि समस्त मजिस्ट्रेट अपने-अपने तैनाती क्षेत्र में भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लेगे कि नदियों/घाटों व सार्वजनिक स्थल पर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत वहाँ कोई विवाद न हो तथा सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। यदि कोई शान्ति व्यवस्था में बाधा आती है, तो उसके सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी को अवगत करायें तथा सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट व थाना प्रभारी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर वस्तुस्थिति से भी अवगत करायेंगे तथा सम्बन्धित चौकी क्षेत्र/थाना क्षेत्र में ही उपस्थित रहेगें तथा भीड़ वाले स्थलों तक कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेगें। *वर्तमान समय में धारा 163 लागू है। सार्वजनिक स्थल पर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शान्ति व्यवस्था बनाये रखेंगे। दिनांक 15 नवंबर को समाप्ति तक समस्त मजिस्ट्रेट अपने चौकी क्षेत्र/थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहेगें* तथा समय पर आवश्यकतानुसार सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट एवं थाना प्रभारी को सूचना देते रहेगें। समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट चौकी इन्चार्ज, थानाध्यक्ष, पुलिस क्षेत्राधिकारी, उप जिला मजिस्ट्रेट, मुख्य चिकित्साधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायतें, अधीक्षण अभियन्ता /अधिशासी अभियन्ता (विद्युत), अग्निशमन अधिकारी के दूरभाष मोबाईल / बेसिक नम्बर भी अपने पास रखेगें। समस्त मजिस्ट्रेट सकुशल त्यौहारों को सकुशल सम्पादन के पश्चात ही ड्यूटी स्थल से सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट को अवगत कराकर डयूटी तैनाती स्थल छोड़ेगे। यदि कोई समस्या उत्पन्न होती है. तो तत्काल पुलिस अधीक्षक, कुशीनगर व अपर जिला मजिस्ट्रेट तथा जिलाधिकारी को अवगत कराया जाना सुनिश्चित करेगें।

## कोहरे के कारण खड़ी ट्रक में दो ट्रक भिड़े, दो घायल

**कुशीनगर।** जिले के कसया थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राज मार्ग-28 पर मंगलवार को घने कोहरे के कारण तीन ट्रक आपस में भीड़ गए। इस दुर्घटना में दो ट्रकों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए, वही एक चालक ट्रक के केविन में घंटों फसा रहा, जिसे गैस कटर से काटकर निकाला गया। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए कसया सीएचसी पहुंचाया और तीनों ट्रकों को सड़क किनारे कराया। पंजाब के मोगा जिला निवासी 60 वर्षीय दलजीत सिंह कृषि यंत्र लदा ट्रक लेकर पंजाब से बिहार के मोतीहारी जा रहा थे। अभी वह मल्लूडीह ओवरब्रिज पर पहुंचे थे कि घना कोहरा होने के चलते पहले से खराब खड़ा ट्रक दिखाई नहीं दिया और पीछे से भिड़ंत हो गई। अभी चालक दलजीत निकलने का प्रयास कर रहे थे इसी दौरान दोनों ट्रकों में पीछे से एक तीसरे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह फंस गये। हादसे में तीसरा ट्रक ड्राइवर आलोक सिंह निवासी ग्राम संग्रामगढ़ जिला प्रतापगढ़ सहित दो लोग घायल हो गए।

## 3 साल के सफल कार्यकाल पर प्राचार्य सम्मानित



**रुद्रपुर,देवरिया।** स्थानीय रामजी सहाय पीण जी कॉलेज के प्राचार्य प्रोण्बृजेश कुमार पाण्डेय का प्राचार्य पद पर तीन वर्ष का सफल कार्यकाल पूरा होने पर महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। शिक्षको एकर्मचारियों एवम छात्रों ने उनके तीन वर्ष के कार्यकाल को महाविद्यालय के लिए उपलब्धियों भरा बताया। जिसमें कई राष्ट्रीय सेमिनारध्कार्यशालाओं का आयोजन करने के साथ ही स्नातक स्तर पर गृह विज्ञान तथा स्नातकोत्तर स्तर पर शिक्षा शास्त्र एवम इतिहास विषय में मान्यता प्राप्त हुई। वहीं इनके आने के बाद कालेज में पठन पाठन का माहौल भी बना। छात्र छात्राओं में अनुशासन का विकास हुआ और सह शिक्षण गतिविधियों में भी उनकी रूचि बनी। शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो संतोष कुमार यादव ने शिक्षको की तरफ से हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। प्राचार्य ने इस अवसर पर कालेज परिसर में वृक्षारोपण भी किया। डॉ मनीष कुमारए डॉ नरेंद्र कुमार शर्माए डॉ विमल कुमारए डॉ शरद वर्माए डॉ आनंद मोहनए डॉ अजय पांडेयए डॉ देवेंद्रएडॉ अशोक सिंहएमुकेश चौधरीएधीरज कुमारएशीतल कुमारए श्री कांत श्रीवास्तवएसुशील श्रीवास्तवएरमाकांतएराम प्रतापएतनुजएशेषनाथएअजय पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति : बाल कार्निवाल आयोजित



**कुशीनगर।** मंगलवार को मिशन शक्ति 5.0 अंतर्गत कसया स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बाल कारनीवाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में बाल कल्याण समिति कुशीनगर के अध्यक्ष अमित कुमार शाही, प्रसिद्ध कुमार राहुल वरिष्ठ सहायक जिला प्रोबेशन कार्यालय एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन डॉ.अंबू सिंह रही। कार्यक्रम की शुरूआत द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में कस्तूरबा व उच्च प्राथमिक विद्यालय कसया के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चों के द्वारा एकल गायन, एकल नृत्य, संयुक्त गायन, संयुक्त नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी गई। इसके उपरांत बच्चों को पुरस्कार स्वरूप मोमेंटो, मेडल एवं जलपान उपलब्ध कराया गया। पूरे कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी के डीसी पंकज गौतम का सराहनीय सहयोग रहा। इस दौरान अभिषेक कुमार सिंह प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) कुशीनगर, श्रीमती रीता यादव सेंटर मैनेजर वन स्टाफ सेंटर, आदर्श सिंह केस वर्कर चाइल्ड हेल्पलाइन कुशीनगर, मुनीष कुमार कुशवाहा कंप्यूटर ऑपरेटर वन स्टाफ सेन्टर एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालय एवं एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक गण उपस्थित रहे।

**● कसया स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

# बिना पंजीकरण और नम्बर प्लेट के दौड़ रहे वाहन

बृजबिहारी त्रिपाठी

**कुशीनगर।** जनपद के एआरटीओ विभाग के जिम्मेदारो और वाहन एजेंसियों के बीच मोटी डिलिंग का जीता-जागता प्रमाण जिले की सडको पर बडी ही बेरुखी के साथ देखी जा रही है। सबब यह है कि धनतेरस व दीपावली मे खरीदी गयी विभिन्न कम्पनियों के दोपहिया और चार पहिया वाहन बिना पंजीकरण और बिना नम्बर प्लेट की अवैध रूप से फरार्टे से सडको पर दौड रही है। कहना न होगा कि इन वाहनों से कोई घटना-दुर्घटना होती है तो न कोई पुरसाहाल होगा और न ही किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई की जायेगी। इसके बाबजूद विभाग और वाहन एजेंसी वाले अपने फायदे के लिए आम लोगो की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे है।

बतादे कि 29 अक्टूबर धनतेरस और 31 अक्टूबर दीपावली को हीरो, टीवीएस, होण्डा, रायल बुलेट, बजाज, सुजुकी आदि कम्पनियों के एजेन्सियों द्वारा पडरौना नगर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में दोपहिया वाहन बिना पंजीकरण व बिना नम्बर प्लेट की नियम विरुद्ध तरीके से बेची गयी है। इसके अलावा मारुति, महेन्द्रा, टाटा, फोड, टोयटा आदि शोरुमो से सैकड़ों की संख्या मे चार पहिया व विभिन्न कम्पनियों के सैकडों तीन पहिया बाहन बिना पंजीकरण और नम्बर प्लेट लगाये अवैध रुप से गाडियों का बिक्री किया गया है जो सडको पर नियम विरुद्ध तरीके से फरार्टे से दौड रही है जबकि मोटर व्हीकल एक्ट के मुताबिक कोई भी वाहन बिना पंजीकरण व बिना नम्बर के एजेन्सी अथवा शोरुम से बाहर सडक पर नही आ सकती है। ऐसे में सवाल यह है कि धनतेरस व दीपावली पर हजारो की संख्या मे दोपहिया और सैकडों की संख्या में चार पहिया वाहन एजेंसी व शोरुम मे बाहर निकलकर सडको पर कैसे दौड़ने लगी। इसके लिए जिम्मेदार कौन है ? किसके विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। जानकारों का कहना है कि अगर यह दुस्साहस विभाग के बिना जानकारी मे एजेंसी व शोरुम द्वारा किया गया है तो विभाग को चाहिए कि वह तत्काल उन एजेंसी व शोरुम के खिलाफ कार्रवाई करते है एजेंसी के निरस्त्रीकरण के लिए नोटिस जारी करे जिन एजेंसी व शोरुमो द्वारा धनतेरस और दीपावली पर बिना पंजीकरण और नम्बर प्लेट की गाडियां नियम विरुद्ध तरीके से एजेन्सी से बाहर निकाली गयी है। जानकर बताते है कि अगर एआरटीओ विभाग ऐसा नही करता है तो मतलब साफ है वाहन एजेंसी व विभाग के बीच मोटी डिलिंग के बाद ही नियम विरुद्ध तरीके से गाडियां शोरुम से बाहर निकलकर अवैध रुप से बेखौफ सडको पर दौड रही है।

**● धनतेरस और दीपावली में हजारों की संख्या में बिके बिना पंजीकरण और नम्बर प्लेट गाडियां**

**वाहन बेचने के क्या नियमः-**कहना न होगा कि बिना पंजीकरण और नंबर प्लेट के कोई एजेंसी अथवा शोरुम कोई भी गाड़ी नहीं बेच सकती है। ऐसा करना मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है जिसके खिलाफ परिवहन विभाग को कार्रवाई करने का प्राविधान है। इसके अलावा, बिना नंबर प्लेट की गाड़ी चलाना भी गैरकानूनी अपराध है अगर पुलिस आपको बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ी चलाते हुए पकड़ती है, तो आपको जुमार्ना भरना होगा।

**गाड़ी से जुड़े कुछ और नियमः-**जानकार बताते है कि चार पहिया वाहन कंपनियों को प्रत्येक गाड़ी पर हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट लगानी होगी। जब कार तैयार होकर फैक्ट्री से शोरूम में बिकने के लिए पहुंचेगी तो उसमें नंबर प्लेट होना जरूरी है। शोरूम में कार खरीदने के बाद उसमें रजिस्ट्रेशन नंबर की एंबोजिंग भी करानी होगी। इसका मतलब साफ है कि अब बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के गाड़ी शोरूम से नहीं निकल पाएगी। नंबर प्लेट पर किसी विभाग या सांकेतिक चिह्न नहीं होना चाहिए।इसके अलावा प्राइवेट वाहनों पर नंबर प्लेट सफेद या काले रंग में होनी चाहिए और व्यावसायिक वाहनों पर नम्बर प्लेट पीले रंग में होना अनिवार्य है। इस तरह दोपहिया वाहनों के लिए पंजीकरण व नंबर प्लेट लगाना कानूनी तौर पर जरूरी है।अगर कोई बिना नंबर प्लेट के बाइक चलाते हैं, तो ट्रैफि क पुलिस रोककर और जुमार्ना लगायेगी और परिवहन विभाग बिना पंजीकरण और बिना नम्बर प्लेट की गाडियां बेचने वाले शोरुम व एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। किन्तु अफसोस कुशीनगर जिले में अब तक कोई कार्रवाई नही की गयी जो अपने आप में सवाल है।

# भाषायी मर्यादा तार-तार

सियासत में नैतिकता, ईमानदारी और चारित्रिक गुणों का ह्रास तो बीते कई दशकों से एक सतत् प्रक्रिया सी बन गयी है, लेकिन हाल के वर्षों में जिस तरह वैचारिक, सैद्धान्तिक और मुद्दो के आधार पर आरोप-प्रत्यारोप के बजाय निजी खुन्नस निकालने के लिए बयानबाजियां होती हैं, उससे राजनीतिक में भी कटुता बढ़ी है। नेताओं की बदजुबानी से लोकतंत्र की गरिमा गिरी है। दुर्भाग्य से चुनाव के समय नेताओं, पार्टियों, प्रवक्ताओं और प्रत्याशियों के बीच यह कटुता और बदजुबानी बहुत बढ़ जाती है। इस पर पार्टियों, नेताओं और चुनाव आयोग को रोक लगाने और चुनाव के दौरान प्रचार अभियान में मर्यादा और भाषा पर संयम रखने का प्रयास करना चाहिए। एक कहावत है कि कमान से निकला तीर और जुबान से निकले शब्द कभी वापस नहीं हो सकते। हालिया चुनावों में तीर तो नहीं, लेकिन जुबां से निकले शब्द बेलगाम, अमर्यादित और अशालीन जरूर हो रहे हैं। तमाम लक्ष्मण-रेखाएं लांघी जा रही हैं। संवैधानिक पदों पर आसीन नेता भी अपशब्दों, अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन भारत का चुनाव आयोग महात्मा गांधी के तीन बंदरों की तरह चुप ही रहता है। जनप्रतिनिधित्व कानून की धाराएं हैं, आयोग को संवैधानिक अधिकार हासिल हैं, लेकिन आयोग सियासी बदजुबानी पर रोक लगाने के लिए गंभीर नहीं दिख रहा है। मीडिया डीबेट में एक विशेष विचार और वर्ग के बुद्धजीवी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की भाषा और भाषण शैली पर प्रायः आपत्ति करते हैं। लेकिन सीएम योगी आदित्यनाथ को लेकर किस-किस तरह की टिप्पणियां की जाती हैं, उसको नजर अंदाज कर दिया जाता है। योगी आदित्यनाथ देश के सबसे बड़े राज्य के मुख्यमंत्री हैं। पूरे देश में उनकी लोकप्रियता है। सांविधानिक पद पर रहने और अत्यधिक लोकप्रिय नेता होने के बावजूद उनपर अभद्र टिप्पणियां की जाती हैं। अभी कांग्रेस अध्यक्ष ने योगी की वेशभूषा पर जिस तरह की टिप्पणी की, वह लोकतंत्र में स्वीकार्य भाषा नहीं है। खरगे सनातन धर्म पर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी आपत्तिजनक टिप्पणी कर चुके हैं। अब तो नेतागण गोली और लाठी की भाषा तक बोलने लगे हैं। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक सभा में कहा कि ईवीएम का बटन इतनी जोर से दबाना कि राहुल गांधी के गाल पर थप्पड़ पड़े। क्या एक सीएम के लिए यह भाषा उचित है? महाराष्ट्र में शिवसेना (उद्धव) के एक सांसद ने प्रतिद्वंद्वी शिंदे की शिवसेना की तरफ से विधानसभा चुनाव लड़ रही एक महिला उम्मीदवार को 'आयातित माल' कह दिया। यह महिला बीते 20-25 सालों से भाजपा के साथ जुड़ी हैं, लेकिन गठबंधन के तहत शिवसेना (शिंदे) के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। क्या कोई महिला 'माल' हो सकती है? महाराष्ट्र के ही पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री रहे नारायण राणे ने बकरीद और दीपावली के एक संदर्भ में कहा कि आज बाला साहब होते, तो उद्धव ठाकरे को गोली मार देते। बिहार में चुनाव नहीं हैं, लेकिन राजद झारखंड में झामुमो गठबंधन के एक घटक के तौर पर चुनाव लड़ रहा है, फिर भी पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के इस बयान के निहितार्थ समझ से परे है-जब भैंस हमें नहीं पटक सकी तो ये भाजपा वाले क्या पटकेंगे? एक राजद सांसद ने लाठी-डंडे से हड्डी तोड़ देने की बात कही है। अभी एक जनसभा में झारखंड के मुख्यमंत्री ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि 'इन नालायकों ने हमे जेल तक भेज दिया।' सोरेन किसे नालायक कह रहे थे, इसे समझा जा सकता है। इन जहरीले बोलों और गालीनुमा शब्दों की सूची बहुत लंबी है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं इन जहरीले शब्दों के सबसे अधिक शिकार रहे हैं। बीते दिनों भाजपा ने कांग्रेस अध्यक्ष को उन शब्दों की पूरी लिस्ट भेज दी जिनका उपयोग कांग्रेस और उनके नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के लिए किया। मोदी देश में सबसे अधिक वोटों के साथ प्रधानमंत्री बने हैं। लेकिन उन पर जिस तरह के हमले किये जाते हैं, उससे सारी मर्यादा तार-तार हो जाती है। मौत का सौदागर और चौकीदार चोर है, भस्मासुर, राक्षस और न जाने कितने अभद्र शब्द मोदी के लिए प्रयोग किये गये। यह जहरीले शब्द सियासत में नीति, नियम और मर्यादा के पतन को बयां करते हैं।



**चुनावों के दौरान जिस तरह नेता अपने विरोधियों के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं उससे लोकतांत्रिक मर्यादा पूरी तरह तार तार हो जाती है।**

# लोकतंत्र में छात्रों की हो सार्थक भागीदारी



लोकमित्र



**बाल संसद के कारण संसद के चलने, चलाने और लोकतंत्र के गतिशील रूप से आगे बढ़ने, बढ़ाने की इस अप्रत्यक्ष भूमिका के चलते हमारे नौनिहालों को लोकतंत्र की सही सीख और शिक्षा मिल जाती थी। यही बात बाल परिषदों के गठन और उस पर काम करने के चलते संभव होती थी। अब वक्त आ गया है कि एक बार हम फिर से इस गति विधियों को गंभीरता से लें और बाल दिवस की सार्थकता को सिद्ध करें।**

परिवर्तनों के वैश्विक इतिहास की कई कामयाब कहानियों के नायक बच्चे हैं। ग्लोबल वार्मिंग जैसे पर्यावरणीय संकट के जहन में आते ही ग्रेटा थनबर्ग और उनका फ्राइडे फॉर फ्यूचर जैसा आंदोलन आंखों के सामने रस्क करने लगता है। स्वीडन की इस किशोरी ने ग्लोबल वार्मिंग को लेकर अपने जुनूनी कंसर्न से पूरी दुनिया के राजनेताओं को झकझोर करके रख दिया है। जिन दिनों बच्चियां गुड़ियों से खेलती हैं, दिन में कई कई बार बनती संवरती हैं, उस उम्र में ग्रेटा थनबर्ग ने जलवायु के मुद्दे पर वैश्विक आंदोलन का नेतृत्व किया और अपने इस आंदोलन को गंभीरता से लिए जाने के मकसद से उन्होंने स्कूल छोड़कर संसद भवन के बाहर धरना देना शुरू कर दिया, जो जल्द ही फ्राइडे फॉर फ्यूचर नाम का एक वैश्विक आंदोलन बन गया और लाखों युवक व बच्चों ने इस पर भाग लेकर राजनेताओं से ऐसे ऐस सवाल पूछे कि उनसे जवाब देते नहीं बना। सिर्फ स्वीडेन ही नहीं बल्कि एक दर्जन से ज्यादा देशों की सरकारों पर ग्रेटा थनबर्ग और उनके इस आंदोलन ने दबाव बनाया। यहां तक कि बाद के दिनों में जर्मनी और अमेरिका ने ग्लोबल वार्मिंग की क्षतिपूर्ति के लिए जो रकम देनी मंजूर की, उसमें भी इस आंदोलन का बड़ा योगदान है।

परिवर्तनों के वैश्विक इतिहास में एक अकेले ग्रेटा थनबर्ग की कहानी ही नहीं है, जिसने किसी बड़े आंदोलन में बड़ी भूमिका निभायी हो। न ही यह सिर्फ इस डिजिटल दौर का ही फिनोमिना है, जब बच्चों के आपस में जुड़ने के लिए कई तरह के रिमोट संसाधन मौजूद हैं। भारत में आजादी की लड़ाई के दौरान यानी आज से करीब 80 साल पहले इंदिरा गांधी ने 'वानर सेना' का गठन करके आजादी के आंदोलन में एक अनूठा योगदान दिया था। इसमें कोई दो राय नहीं है कि आजादी की लड़ाई के दौरान बच्चों के इस संगठन को बड़े स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का संरक्षण हासिल था, लेकिन इंदिरा गांधी की वानर सेना की सारी गतिविधियों को बच्चे ही अंजाम देते थे। उनकी इन तमाम गतिविधियों को बच्चे ही अपने ढंग से कैसे करना है, इसे तय करते थे। निश्चित रूप से वानर सेना की इस पूरी अवधारणा में महात्मा गांधी जैसे आजादी की लड़ाई के महान सेनानियों का दिमाग और नेतृत्व भी लगा हुआ था। फिर भी जिस तरह से बच्चों ने दी गई भूमिकाओं को या इशारे से बताये गये कामों को आजादी की लड़ाई के दौरान अंजाम दिया, उसके जिक्र के बिना भारत की आजादी की लड़ाई का इतिहास नहीं लिखा जा सकता। हाल के सालों में हम ऐसा ही एक चुबंकीय किशोर नेतृत्व अपने पड़ोस के कट्टरपंथी देश अफगानिस्तान में भी देख सकते हैं। पाकिस्तान में जन्मीं मलाला यूसुफ जई ने लड़कियों की शिक्षा के अधिकार के लिए उस तालिबान के सामने डटकर आवाज उठायी, जिस तालिबान के सामने आने से बड़े बड़े आंदोलनकारी डरते और झिझकते थे। हालांकि तालिबान ने मलाला को खूब डराया और सिर्फ डराया ही नहीं जब वह किसी तरह से भी नहीं मानी, तो उसने उन्हें गोली मार दी। लेकिन जबर्दस्त आत्मविश्वास से भरी मलाला ने अपवाद के तौरपर भी तालिबान के सामने झुकना मंजूर नहीं किया। उनकी इस दृढ़ता ने पूरी दुनिया को प्रभावित किया और जब तालिबान ने इस युवा बच्ची को गोली मार दी, तो पूरी दुनिया, तालिबान के विरूद्ध खड़ी हो गई। मलाला को दुनिया की बेस्ट मेडिकल सुविधा हासिल हुई। वह मरने से बच गईं और सिर्फ अफगानिस्तान या दक्षिण एशिया में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में बाल अधिकारों की लड़ाई का सबसे प्रसिद्ध चेहरा बन गई। नोबेल समिति ने उन्हें भारत के कैलाश सत्यार्थी के साथ नोबेल पुरस्कार से नवाजा। ये सिर्फ मुट्ठीभर छुटपुट कहानियां नहीं हैं। अगर बारीकी से देखने की कोशिश करेंगे तो पूरी दुनिया में और हर क्षेत्र में ऐसे बच्चों और किशोरों की लंबी सूची सामने आ जायेगी, जहां इन्होंने बेहतर भविष्य के लिए वह सब किया, जो बड़े और चेतना सम्पन्न लोग करते हैं। सवाल है किसी जीवंत लोकतंत्र में आखिर बच्चों की सक्रिय भागीदारी कैसे संभव हो? आखिरकार बाल दिवस के मौके पर हमें इस पर गंभीरता से विचार क्यों नहीं करना चाहिए? यह इसलिए जरूरी है, क्योंकि दुनिया में जो कुछ भी होता है, वह भविष्य की पीढ़ियों के नाम पर होता है। इसलिए लोकतंत्र को ज्यादा मूल्यपरक और जवाबदेह बनाने के लिए जरूरी है कि हम इसमें बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करें। यह असंभव नहीं है बल्कि हकीकत तो यह है कि यह पहले से ही एक तयशुदा प्रक्रिया के तहत हो रहा है। बस बात इतनी है कि इसे और गंभीरता से किया जाना चाहिए।

**चिंतन**

जिस तरह किसी समाज के इतिहास और संस्कृति को जानने, समझने का सबसे ठोस और व्यवहारिक जरिया है कि उस देश की कला और संस्कृति में व्यापक रूप से भागीदारी की जाए, उसी तरह किसी देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बनने के लिए और इस प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए भी जरूरी है कि लोकतंत्र के विभिन्न रूपों और तौर तरीकों का बचपन से ही बच्चे वैसे ही रिहर्सल करें, जैसे कला और संस्कृति की समझ के लिए आंताक्षरी से लेकर नुक्कड़ नाटक तक किये जाते हैं। इसी तरह किसी देश को अगर अपनी भविष्य की पीढ़ियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में जीवंत ढंग से हिस्सेदारी करवाना है तो बचपन से ही छोटे बच्चों को लोकतंत्र की विभिन्न गतिविधियों का रिहर्सल करते रहना चाहिए। वास्तव में आजादी की लड़ाई के दौरान गांधी जी के साथ दूसरे महान स्वतंत्रता सेनानियों ने स्कूलों में जो बाल संसद और बाल परिषदों के गठन का कार्यक्रम चलाया था, जो आगे चलकर विश्व बाल संसद तथा परिषदों तक में तब्दील हुईं, उसके पीछे बच्चों में बहुत सोची, समझी रणनीति के तहत लोकतांत्रिक चेतना का विकास और उसे मजबूत करना शामिल था।

यह तरीका अभी भी शानदार और नतीजापरक है। बच्चों में अगर लोकतांत्रिक मूल्य विकसित करने हैं, तो उन्हें स्कूल के स्तर से ही हमें बाल संसद, बाल परिषद और दूसरी स्वस्थ बहसों में जीवंत भागीदारी करते रहना चाहिए। महान अमरीकी राजनेता और लोकतंत्र के व्याख्याकार थॉमस जेफर्सन कहा करते थे, अगर अपने देश में लोकतंत्र की पौध लगानी है, उसे फलता फूलता और विकसित होते हुए देखना है, तो बच्चों को लोकतांत्रिक गतिविधियों में नाटक के तौरपर ही सही, भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। ठीक यही सोच महात्मा गांधी की भी थी। वह भी चाहते थे बच्चों को बचपन में ही खेल खेल की तरह बाल संसद में पक्ष विपक्ष के रूप में बहस कराना चाहिए, इससे न सिर्फ उनमें लोकतंत्र की प्रक्रिया की समझ बढ़ेगी बल्कि यह सोच और लोकतंत्र के लिए चाहत बढ़ेगी। चाहे अभिनय के तौरपर ही क्यों न किसी प्रक्रिया को अपनाया जाए, लेकिन इंसान का दिल दिमाग उसे लगातार जांचता, परखता और आत्मसात करता रहता है। इसलिए अगर देश में लोकतंत्र के भविष्य को मजबूत करना है, तो बाल दिवस के मौके पर देशभर के स्कूलों को यह संकल्प लेना चाहिए कि वे अपने यहां हर शनिवार, बाल संसद और बाल परिषद के प्रक्रियाओं का अभिनय जरूर कराएं। तकनीकी रूप से यह सब होता है, लेकिन धीरे धीरे कॅरियर संबंधी दबाव के चलते ज्यादातर स्कूलों के लिए अब ये गतिविधियां महत्वपूर्ण नहीं रहीं। हमें लगातार छीजते और संकटग्रस्त होते लोकतंत्र को बचाना है तो एक बार फिर से पिछली सदी के 60 और 70 के दशक में लौटना होगा, जहां करीब करीब हर स्कूल में बाल संसद लगा करती थी, जिसमें जबर्दस्त उत्साह के साथ बच्चे पक्ष विपक्ष की भूमिका में भागीदारी किया करते थे।

## सोशल मीडिया

क्या उत्तर प्रदेश के पास एक समय में परीक्षा कराने की बुनियादी सुविधाओं का इतना अभाव है कि पीसीएस आदि जैसी विशिष्ट परीक्षा को दिन में करानी पड़ रही है। मायावती.



धरती आबा बिरसा मुंडा जी की पावन भूमि झारखंड के बगोदर विधानसभा के जनसभा में यह उत्साह भाजपा के लिए जनता जनार्दन के प्रचंड समर्थन का उद्घोष है। जेपी नड्डा.



मैं प्रो नौकरी, प्रो व्यापार प्रो प्रतियोगिता और प्रो नवाचार हूं, एकाधिकार विरोधी मैं हूं। जब सभी व्यवसायों के लिए स्वतंत्र और उचित स्थान होगा तो हमारी अर्थव्यवस्था सफल होगी। राहुल गांधी.



# हर घर ऑनलाइन दस्तक दे रहा है साइबर अपराध



सामयिक

संजय श्रीवास्तव

देश में साइबर क्राइम का शिकार कोई भी हो सकता है। अति सुरक्षित और बाहुबली व्यक्ति हो या कमजोर आम आदमी। पढ़ा लिखा शहरी चतुर सुजान हो या फिर गांव कस्बे का अनपढ़ और तकनीक मामलों से अनजान। इसे कोई भी, कहीं से भी अंजाम दे सकता है। देश में घटित साइबर अपराध की जो खबरें सुर्खियां बन सकीं और जिन तक पहुंचा जा सका, ये उनकी शतांश है। साइबर क्राइम के बहुत से मामले रिपोर्ट ही नहीं होते और तमाम खबरों तक पहुंच नहीं बन पाती अथवा वे महत्वपूर्ण खबरों के चलते अपनी जगह नहीं बना पाते। भले ही साइबर अपराध में शातिरपने के क्षेत्र में कुछ जगहों ने कुख्याति अर्जित कर ली हो, लेकिन जहां तक अपराध का प्रश्न है वह देशव्यापी है।

कानपुर आईआईटी में एक गैर-लाभकारी स्टार्टअप, फ्यूचर क्राइम रिसर्च फाउंडेशन के अध्ययन 'ए डीप डाइव इनटू साइबर क्राइम ट्रेंड्स इम्पैक्टिंग इंडिया' की रिपोर्ट देश के उन दस जगहों की तस्दीक करती है, जहां से देश के 81 फीसद साइबर क्राइम ऑपरेट होते हैं, चौंकाने वाली है, क्योंकि इसमें मथुरा, देवघर जैसी पवित्र, प्रसिद्ध नगरी शामिल है तो सुदूर गिरिडीह तथा करमाटांड जैसा अनजान सा कस्बा भी। आईटी के जानकारों से भरा अमीर गुरुग्राम है तो साइबर अपराध अड्डे का सिरमौर भरतपुर, नूह भी। इससे पहले आई इंडियन कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम के आंकड़ों ने बताया था कि बीते बरस भारत में सबसे अधिक साइबर अपराध हुए और इस बरस इसमें 26 फीसद की बढ़ोत्तरी हो चुकी है। पिछले कुछ बरसों से त्वरित और तकनीकि युक्त सरकारी उपायों के बावजूद साइबर अपराध की दर दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। 2023 की पहली तिमाही तक साइबर क्राइम का ग्राफ 18 प्रतिशत चढ़ चुका है। आम आदमी सहित कई सरकारी विभाग, सेवाएं, संस्थाएं बुरी तरह इसकी शिकार हो रहीं हैं। देश का शायद ही ऐसा कोई क्षेत्र हो जो इस अपराध से अछूता हो। साइबर अपराधों की यह व्याप्ति और सरकारी प्रयासों, बने कानूनों तथा प्रावधानों एवं विशेष पुलिस व्यवस्था होने के बावजूद इसका अबाध फैलाव गहरी चिंता पैदा करता है।

प्राइज वाटर हाउस कूपर्स के एक सर्वे के मुताबिक बीते वर्ष भारत में साइबर हमलों के बढ़ने की वजह से 26 प्रतिशत भारतीय कंपनियों को ऑनलाइन फ्रॉड की वजह से एक मिलियन डॉलर यानी करीब सवा आठ करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हो चुका है। देश में जनवरी 2020 से जून 2023 तक हुए साइबर अपराधों में 77 प्रतिशत से अधिक वित्तीय धोखाधड़ी के हैं। इनमें से आधे से अधिक यूपीआई और इंटरनेट बैंकिंग से संबंधित हैं, जिनसे आमजन और फिनटेक कंपनियां प्रभावित होती हैं, ये नुकसान देश की अर्थव्यवस्था को चोटिल करता है। ऑनलाइन अपराधों में 12 प्रतिशत मामले सोशल मीडिया से संबंधित अपराधों के हैं जैसे पहचान बदलकर धोखाधड़ी, साइबर बुलिंग, सेक्सटिंग और ईमेल फिशिंग वगैरह। एक रिपोर्ट बताती है कि किशोर और युवा लड़कियों के साथ सोशल मीडिया पर जिस तरह का आपराधिक व्यवहार हो रहा है, उससे उन्होंने इस माध्यम के प्रति व्यवहार बदल लिया है। इसी तरह से इसके कई बुरे सामाजिक प्रभाव देखे जा रहे हैं। एक रिपोर्ट 'चेक पॉइंट रिसर्च' के अनुसार शिक्षा और शोध सेक्टर पर सबसे ज्यादा साइबर अटैक हो रहे हैं। मिलिट्री सेक्टर भी इससे नहीं बचा है। हेल्थ केयर सेक्टर में साइबर हमले पहले की तुलना में 22 प्रतिशत तो रिटेल और होलसेल सेक्टर में पहले के मुताबिक ये 49 प्रतिशत ज्यादा हुआ। हर संगठन को हर हफ्ते तकरीबन दो हजार साइबर हमले झेलने का आंकड़ा यह बताता है कि साइबर अपराध और हमलों की न सिर्फ व्याप्ति बहुत ज्यादा है बल्कि इसकी मात्रात्मक, संख्यात्मक उपस्थिति भी चिंताग्रस्त करने वाली है। सरकारी मशीनरी, मंत्रालय, संगठन, संस्थाएं तो क्या कई राजनीतिक हस्तियां सरकार पर आरोप लगा चुकी हैं कि उसने इजरायली सॉफ्टवेयर कम्पनी एनएसओ के बनाए पेगासस के जरिये उनकी जासूसी की है। उनके अनुसार यह साइबर हथियार के सहारे लोकतंत्र पर हमला है यानी साइबर अपराधों का प्रभाव सामाजिक आर्थिक और व्यवस्थागत तो है ही यह लोकतंत्र को भी लूट सकता है।

# वासना के गुलाम न बनें

भोग प्रधान संस्कृति के जो दास बन चुके हैं और वासनाओं ने मनोमस्तिष्क पर कब्जा कर लिया है, उनका चरित्र और व्यक्तित्व इससे बहुत प्रभावित होता है। वासनाएं व्यक्तित्व, चरित्र का क्षय करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्वप्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

**अंतर्दृष्टि**

# एक कुत्तान्वेषी से मुलाकात

**व्यंग्यलोक**

बड़े दिनों से मन कर रहा था कि आदमियों से अलग होकर कुछ दिन किसी अच्छे से कुत्ते के साथ जी लिया जाए। इसे ऑफ जस्ट फॉर चेंज ही समझिए। इसी चेंज के लिए कहां-कहां सस्ते और अच्छे और सस्ते कुत्ते के लिए नहीं भटका? जिसने भी जहां बताया कि उसकी कुतिया ने बच्चे जने हैं, वहां वहां नंगे पांव दौड़ पड़ा। पर वहां जाकर देखा तो कहीं वे मन को पंसद नहीं आए तो कहीं जेब को पसंद नहीं आए। तब पता चला कि आजकल आदमियों के बच्चों से महंगे कुत्तों के बच्चे हो चले हैं। तय मानिए, जो अच्छा होता है वह सस्ता नहीं होता, और जो सस्ता होता है वह अच्छा नहीं होता। गलती से कोई अच्छा सस्ते में दे रहा हो तो वह बात जुदा है। ऐसे में वह या तो देशी पर इम्पोर्टिड का ठप्पा लगाकर उल्लू बना रहा है या फिर नंबर दो का माल दे रहा है पर मैं इस समाज के उस वर्ग से संबंध रखता हूं जो हर समय सस्ते और अच्छे की ताक में रहता है। मेरे जैसा बंदा सस्ती और अच्छी सब्जी के चक्कर में दो किलोमीटर बाजार तक मजे से घूम लेता है भीड़ में धक्का मुक्की करता हुआ और बाद में सड़ा सब्जी को ही ताजा मान अच्छे रेट में उसे खरीद घर आता है। सच पूछो तो यहां वोट के सिवाय कुछ भी सस्ता और अच्छा नहीं। इसी सस्ते और अच्छे के पाटों में पिसते सस्ते और अच्छे कुत्ते की ताक में अमेजन, फ्लिपकार्ट से लेकर हर धोखाधड़ी वाली साइट पर बहुत विचरण किया, पर मुझे सस्ता और अच्छा कुत्ता कहीं नहीं मिला। अरे बाजार को यह क्या हो गया? कहीं भी सस्ता और अच्छा कुत्ता नहीं। शर्ट देखो तो बाय वन एंड गेट फ्री फाइव! पतलून देखो तो बाय वन एंड गेट टेन फ्री। वे कुत्ता मर्मज्ञ हैं। कुत्तों की नस्लों और उनके स्वभाव के बारे में उन्हें अजब का ज्ञान है। वे कुत्तों के सिवाय किसी और में कतई भी दिलचस्पी नहीं रखते। वे किसी भी ऑफिस के गेट पर खड़े हों वहां के कुत्तों के पैरों के निशान देखकर ही मजे से बता सकते हैं कि वहां किस किस किस्म के कुत्ते हैं। वे सड़क से गुजरते हुए सड़क में कुत्तों के पंजों को देखकर सौ प्रतिशत सही बता सकते हैं कि अभी अभी जो यहां से गुजरा है वह किस किस्म का कुत्ता था। मैंने आदमियों से तंग आकर उन्हें सस्ता और अच्छा कुत्ता खरीदने की अपनी इच्छा जताई तो उनकी मुझमें दिलचस्पी जगी। गुड! कुत्ते के साथ रहना चाहते हो? सही सोच रहे हो। बंधु! कुत्ते के साथ रहने में जो आनंद है, वह समझदार से समझदार आदमी के साथ रहने में भी नहीं। समझदार से समझदार आदमी भी वक्त आने पर बदतमीजी कर ही जाता है। लेकिन कुत्ता रखने से पहले कुत्ता ज्ञान होना बहुत जरूरी है। किस टाइप का कुत्ता रखना चाहते हो? सोच रहा हूं विदेशी नस्ल का हो। अपनी नस्ल वालों के बीच रहते रहते अब ऊब गया हूं।



अशोक गौतम

## विचार

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

-फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

-भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

-चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

-रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग-द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

-विनोबा भावे.

## आपकी बात

### रूस की सीमा तक नाटो

नाटो का लगातार हो रहा है विस्तार एक और शीतयुद्ध का खतरा पैदा कर रहा है। रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने पड़ोसी देश यूक्रेन पर हमला इसलिए किया था ताकि यूक्रेन को नाटो का सदस्य बनने से रोका जा सके। रूस का तर्क था कि अगर यूक्रेन नाटो का सदस्य बनता है, तो नाटो रूस की सीमा तक पहुंच जायेगा और यह रूस की सुरक्षा और स्थिरता के लिए खतरा है। जिस नाटो को रूस की सीमा से दूर रखने के लिए पुतिन ने यूक्रेन पर हमला किया। एक प्रगति शील देश को तबाह कर दिया। लाखों लोगों की जान ले ली। बड़ी संख्या में पलायन हुआ। मानवता को गहरा जख्म दिया। युद्ध से दुनिया भर की अर्थव्यवस्था और आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई। उस काम को फिनलैंड की प्रधानमंत्री सना मरीन ने चुटकियों में कर दिया। रूस की आये दिन परमाणु धमकियों और बात-बात पर दूसरे देशों पर हमला करने की पुतिन की फितरत को नेस्तनाबूत करने के लिए फिनलैंड की प्रधानमंत्री सना मरीन ने नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी आर्गेनाइजेशन अर्थात नाटो का सदस्य बनने का फैसला किया और एक साल के अंदर नाटो के सभी 30 सदस्य देशों ने आपसी संवाद के जरिए मतभेदों को हल कर फिनलैंड को नाटो में शामिल कर लिया। अब बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में नाटो मुख्यालय पर 31 सदस्य देशों का झंडा फहरा रहा है और इसमें सबसे नया अर्थात 31वां सदस्य देश है फिनलैंड। फिनलैंड की करीब डेढ़ हजार किमी सीमा रूस से लगती है और इस तरह नाटो रूस की सीमा तक पहुंच गया है। अब अगर नाटो देश चाहें तो रूस के एकदम बॉर्डर पर अपने अत्याधुनिक तोप, आर्टिलरी, मिसाइल डिफेंस से लेकर न्यूक्लीयर स्ट्राइकर तक तैनात कर सकते हैं। कुल मिलाकर नाटो को रूस की सीमा तक आने से रोकने के लिए पुतिन यूक्रेन से लड़ते रहे और नाटो पुतिन की धमकियों को नजरअंदाज कर रूस की सीमा तक पहुंच गया।

**विनोद कुमार सिंह, लखनऊ.**

### संसाधनों का वितरण

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। इसमें हमे समावेशी नीति अपनाने की जरूरत है ताकि प्रगति के लाभों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जा सके।

**मनीष कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## चोरी करते पकड़ा गया युवक

**जगदीशपुर, अमेठी।** दुकान में चोरी करते एक युवक को दुकानदार ने रंगे हाथों पकड़ लिया सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को हिरासत मे लेकर पूछताछ मे जुटी। कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर कस्बा स्थित निरीक्षण भवन के सामने सरार्फा व्यवसाई तुलसीराम कौशल अपने दुकान पर आराम कर रहे थे इसी दौरान चुपके से एक युवक दुकान मे घुसकर सामान चुराने लगा और एकाएक व्यापारी का पुत्र राजेंद्र भी इसा दुकान वहां आ गया और दुकान मे घुसे युवक को चोरी करते देख हक्का बक्का रह गया और अंदर जाकर उसे पकड़ लिया ।मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत मे लेकर जांच पड़ताल कर रही है। इस सम्बंध मे पुलिस ने बताया कि उसकी मानसिक स्थित ठीक नहीं है जिसके बाद व्यापारी कि सहमति से कोई कार्यवाही ना करते हुए किशोर को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

## पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तार

**अमेठी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को उनि महेन्द्र सिंह थाना जगदीशपुर मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मुअसं 282/24 धारा 74,352,351(3) बीएनएस व 9/10 पॉक्सो एक्ट थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त मो. अनीस पुत्र मो. नक्की निवासी चहेती नगर थाना जगदीशपुर जनद अमेठी को सिधियांवा गांव के पास से समय करीब :30 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी के संबंध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया ।

## रोजगार के खुले अवसर

**अमेठी।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय अमेठी एवं राष्ट्रीय कौशल विकास केंद्र वाराणसी के सौजन्य से बीटेक, एमटेक, व डिप्लोमा धारक बेरोजगार अभ्यर्थियों के लिए जापान में जॉब करने का सुनहरा अवसर उपलब्ध है, एनएसडीसी द्वारा जापान में 45 रिक्तियों की सूचना उपलब्ध कराई गई है जिसका मासिक वेतन लगभग 170000 भारतीय रुपए हैं, जॉब करने की इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थियों को तीन माह की जापानी भाषा की ट्रेनिंग एनएसडीसी वाराणसी के माध्यम से प्रदान की जाएगी जिसकी फीस रुपए 30000 है, इच्छुक अभ्यर्थी जिला सेवायोजन कार्यालय अमेठी से संपर्क कर सकते हैं।

## करंट से युवक की मौत

**अमेठी ।** सोमवार की देर रात खेत मे पानी देखने गये युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गयी। सूचना पाकर पहुंची अमेठी कोतवाली की पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेजा दिया। विकास खंड भेटुआ के अंतर्गत सहरी गाँव निवासी विराग यादव (22) पुत्र राजेंद्र यादव मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात करीब 9 बजे घर हम रवी की फसल बुआई की तैयारी के लिए खेत मे भरे जा रहे पानी को देखने गया था खेत के मेड पर एक एल टी लाइन का खम्भा लगा हुआ है । वह जैसे ही खेत पर पहुँचा और पानी मे अपना पैर रखा कि करंट कि चपेट मे आ गया और वह बुरी तरह से झुलस गया जिससे उसकी मौत हो गयी। जब वह काफी देर तक घर वापस न लौटा तब परिवारीजन उसे ढूढ़ने खेतो कि तरफ गये तब उन्होंने विराग को करंट से झूलसा पाया। परिवारिजनों ने इसकी सूचना तत्काल अमेठी कोतवाली को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पी एम के लिए भेज दिया। अमेठी कोतवाल बृजेश सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला करंट से झूलसा ही लग रहा है। इस घटना से परिवारिजनों का रो रो कर हाल बेहाल है वही गाँव मे भी सन्नाटा पसरा हुआ है।

## विपक्षियों ने गला दबाकर महिला को पीटा

**कादीपुर, सुलतानपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने गला दबाकर एक महिला को मारा पीटा। जिससे उसे काफी चोट आई। कोतवाली क्षेत्र के बछैया गांव की निशा पत्नी मगतू की विपक्षियों से पुरानी रंजिश चली आ रही थी। आरोप है कि बीते सोमवार की शाम विपक्षियों ने निशा का गला दबाकर लात घुसो से उनकी जमकर पिटाई की। मौके पर बीच बचाव करने पहुंचे उनके पति मगतू को भी जान से मारने की धमकी देते हुए विपक्षी मौके से फरार हो गए। मंगलवार को पीड़ित्य की दी गई। तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही दिनेश एवं दुर्गेश के विरुद्ध नाम जद केस दर्ज कर लिया है।

# सीडीओ ने दी 3.59 करोड़ की परियोजनाओं की स्वीकृति

## कलेक्ट्रट में हुई शासी निकाय व कार्यकारी समिति की बैठक



- सीडीओ ने पीएम आवास योजना के तहत आवास पूर्ण न करने वाले 126 डिफाल्टर लाभार्थियों को जल्द आवास पूर्ण कराने या आरसी जारी करने के निर्देश दिये

**सुलतानपुर (वीओएल)।** मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की अध्यक्षता में तथा अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), सुलतानपुर की शासी निकाय एवं कार्यकारी समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना एवं एस0सी0एस0पी योजना के अंतर्गत सूडा मुख्यालय से प्राप्त लक्ष्य के अनुसार 3 करोड़ 59 लाख रुपये की परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई। इन परियोजनाओं का उद्देश्य सुलतानपुर जिले की नगरीय विकास को बढ़ावा देना और वहां के वासियों के जीवनस्तर में सुधार लाना है। मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत आवास पूर्ण न करने वाले 126 डिफाल्टर लाभार्थियों को जल्द आवास पूर्ण कराने या आरसी जारी कर धनराशि वसूली करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सम्बंधित नगर निकाय के एसडीएम और अधिशासी अधिकारी को यह कार्य शीघ्र पूरा करने का आदेश दिया। इसके अतिरिक्त, सीडीओ ने पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्वनिधि से समृद्धि कार्यक्रम के तहत वेण्डर्स और उनके परिवारों की शत-प्रतिशत प्रोफाइलिंग करने का निर्देश दिया। साथ ही, इन परिवारों को 08 अन्य केंद्रीय योजनाओं का लाभ भी दिलवाने की योजना बनाई गई। इसके अलावा, मान्यवर श्री कांशीराम जी शहरी गरीब आवास योजना के तहत अपात्र व्यक्तियों के आवासों की जांच कर उन्हें निरस्त करने के भी निर्देश दिए गए। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, एसडीएम सदर/लम्भुआ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला सेवा योजन अधिकारी, नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के अधिशासी अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग, कार्यदर्शक आईटीआई आदि मौजूद रहे।

## देव उठनी एकादशी पर रखा गया व्रत, महिलाओं ने किया तुलसी विवाह

**सुलतानपुर (वीओएल)।** भगवान विष्णु के तुलसी को शिरोधार्य करने के प्रतीक पर्व देवोत्थानी एकादशी मंगलवार को मनाई गई। कार्तिक शुक्ल पक्ष एकदशी व्रत के साथ घर-घर तुलसी विवाह हुआ। किसान अपने गन्ने की नई फसल का पूजन कर सुख-समृद्धि के लिए प्रकृति की देवी का आह्वान किया। श्रद्धालुओं ने एकादशी का व्रत रखकर मंदिरों में दान-पुण्य किया।

सीताकुंड घाट पर श्रद्धालुओं ने मां तुलसी माता का विवाह किया जाता है। इस विवाह को देवताओं के आशीर्वाद का प्रतीक माना जाता है। इस दिन से किसान नई फसल की कटाई का काम शुरू करते हैं। मौसम के बदलने के साथ ही लोग गुड़ का सेवन करने को बहुत लाभकारी मानते हैं। गुड़ गन्ने के रस से बनाया जाता है इसलिए इस दिन गन्ने की पूजा का महत्व और भी बढ़ जाता है। मान्यता है इस दिन गुड़ का सेवन करने से घर में सुख शांति और समृद्धि बनी रहती है।



गोमती के दर्शन कर दीप जलाया। घाट के मंदिरों को सजाया गया। देवउठनी एकादशी के दिन गन्ने का विशेष महत्व होता है। इस दिन तुलसी चैरा के ऊपर गन्ने का मंडप बनाया जाता है। जो एक प्रतीकात्मक मंडप होता है। गन्ने के मंडप के नीचे भगवान सालिग्राम (भगवान विष्णु का प्रतीक) और इसको लेकर शहर के चैक, सब्जीमंडी, पंचरास्ता, शाहगंज, बाधमंडी चौराहा, पारकींसगंज आदि जगहों पर दिन भर गन्ने की दुकानों पर लोगों ने खरीदारी की। सीताकुंड घाट पर श्याम खाटू जन्मोत्सव को लेकर सजा त्रिदेव मंदिर पर्व में चार चांद लगा रहा था।

## निःशुल्क शिविर में 231 मरीजों की हुई जांच



**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** क्षेत्र के पंडित लालता प्रसाद पब्लिक स्कूल हरीपुर में मंगलवार को निःशुल्क नेत्र प्रशिक्षण शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। शिविर का उद्घाटन विद्यालय प्रबंधक अम्बरीश मिश्र ने सरस्वती पूजन कर किया। इस अवसर पर इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल मुंशीगंज अमेठी से आए डॉक्टरों व उनकी टीम ने 231 मरीजों की आंखों का परीक्षण किया। परीक्षण में 53 मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए। कैंप इंचार्ज उमाशंकर मिश्र ने बताया कि मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को बस द्वारा मुंशीगंज ले जाकर ऑपरेशन कर पुनः चिन्हित स्थान पर पहुंचाया जाएगा। निःशुल्क नेत्र शिविर में मरीजों के सहयोग में शिवकुमार, अन्तिम मिश्र, चन्द्रमणि मिश्र, एसपी सिंह, दीपेश सिंह, सुधाकर, महेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने अज्ञात चालक पर दर्ज किया केस

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। सड़क दुर्घटना में सचिन विश्वकर्मा की हुई मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के पदारथपुर उपाध्याय गांव के सचिन विश्वकर्मा को बीते 7 नवंबर की रात शेषपुर पंचायत भवन के पास टेलर ने टक्कर मार दी थी। जिससे उनकी मौत हो गई थी। मंगलवार को मृतक के चाचा चंद्रभान विश्वकर्मा की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

## पुरस्कार वितरण के साथ स्पोर्ट्स कॉर्निवल का समापन

- डीएम-एसपी ने किया विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत
- पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजय सिंह व पूर्व मंत्री डॉ. अमीता सिंह ने स्पोर्ट्स कार्निवल में बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह




**अमेठी।** मंगलवार को राजर्षि रणंजय सिंह ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस (आरआरएसजीआई) की ओर से आयोजित चार दिवसीय स्पोर्ट्स कार्निवल का पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी निशा अनन्त, विशिष्ट अतिथि के रूप में एसपी अनूप कुमार सिंह तथा आरआरएसजीआई के अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय सिंह एवं उपाध्यक्ष पूर्व मंत्री डॉ अमीता सिंह शामिल हुए।

समापन दिवस को हुए खेलों में बैलून बस्टिंग रेस में कार्तिक यादव ने प्रथम स्थान, अविरल सिंह ने दूसरा स्थान तथा सूर्य मिश्र ने तीसरा स्थान हासिल किया। वॉटर बॉटल फिलिंग रेस में सात्विक सिंह ने पहला स्थान, अना फातिमा ने दूसरा स्थान तथा अनन्य तिवारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। दौड़ की 100 मीटर प्रतियोगिता में आराध्या सिंह ने पहला स्थान, हर्षित ने दूसरा तथा चैतन्य ने तीसरे स्थान पर जीत दर्ज किया। सभी विजयी खिलाड़ियों को डीएम निशा अनन्त, पूर्व मंत्री डॉ अमीता सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय सिंह तथा एसपी अनूप कुमार सिंह ने मेडल, प्रशस्ति पत्र तथा बैग देकर पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री डॉ अमित सिंह ने कहा कि स्पोर्ट्स व्यक्तित्व का एक अंतर्निहित तत्व है। खेल में भारत की अलग पहचान बनाने का प्रधानमंत्री जी का विचार सराहनीय है। डॉ अमीता सिंह ने कहा कि खेल में सफलता के लिए अनुशासन और परिश्रम बहुत आवश्यक है। बड़ी घोषणा करते हुए डॉ अमीता सिंह ने कहा कि अमेठी में स्पोर्ट्स सेंटर जल्द बनने जा रहा है।

डीएम निशा अनन्त ने स्पोर्ट्स कार्निवल को सबोधित करते हुए कहा कि यह स्पोर्ट्स कार्निवल अमेठी के लिए बड़ी देन है। खेल के भविष्य के लिए यह एक नींव साबित होगा। वास्तव में यदि हर नागरिक अपना काम अच्छे से करे और अच्छी सोच रखे तो देश का नाम रोशन कर सकता है। डीएम ने कहा कि आपका संघर्ष आपको आगे लेकर जाता है। कार्यक्रम के दौरान आरआरएसजीआई के सभी प्रिंसिपल, शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

## भाजपा का अंत नियर जितना चुनाव टालोगे उतना बुरी तरह हारोगे सपा महिला जिलाध्यक्ष ने लगवाये पोस्टर




**अमेठी ।** उत्तर प्रदेश में होने वाले उप चुनाव के पहले पोस्टर वॉर लागतार जारी है ।लखनऊ समेत प्रदेश के कई अन्य शहरों के बाद अब अमेठी में भी पोस्टर वार शुरू हो गया है ।अमेठी में समाजवादी पार्टी की महिला जिला अद्यक्ष द्वारा अमेठी कस्बे में अलग अलग जगहों पर पोस्टर लगवाए गए है जिसमे लिखा गया कि 27 के सत्ताधीश अखिलेश यादव ।इसके अलावा भाजपा पर भी हमला किया गया।

यूपी में होने वाले उपचुनाव के पहले के पहले पोस्टर वार लगातार है ।प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में सपाइयों द्वारा पोस्टर लगाकर प्रदेश की योगी सरकार पर हमला किया गया तो अब अमेठी में भी पोस्टर वार का सिलसिला शुरू हो चुका है ।अमेठी की समाजवादी पार्टी की महिला जिलाध्यक्ष गुंजन सिंह द्वारा अमेठी कस्बे के अंबेडकर तिराहे पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री को 27 का सत्ताधीश बताते हुए पोस्टर लगाए गए है ।पोस्टर में लिखा गया है कि अखिलेश जी का फियर है भाजपा का अंत नियर है ।इसके अलावा पोस्टर में ये भी लिखा है कि जितना चुनाव टालोगे उतना बुरी तरह हारोगे ।पोस्टर में अखिलेश यादव को 27 का सत्ताधीश बताया गया है ।पोस्टर को लेकर सपा महिला जिलाध्यक्ष ने कहा कि 2027 में अखिलेश यादव सीएम बनेंगे क्योंकि उनके पास मैन पॉयर है जबकि योगी जी के पास सिर्फ झूठ बोलने और बुलडोजर की पावर है ।सपा के कार्यकर्ता इस बार पूरी मेहनत करके अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाएंगे और भाजपा प्रत्याशियों की जमानत जब्त कराने का काम करेंगे।

## भक्तों ने बाबा श्याम को धोक लगाकर लखदातार को जन्मदिन की बधाई दी

**देवरिया।** हारे के सहारे बाबा श्याम के जन्मदिन के मौके पर मन्दिर को कारीगरों ने फूलों से खास सजाया वहीं बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार ने भक्तों का मन मोह लिया। मंदिर के पुजारी पाठक जी के द्वारा शीश के दानी को छप्पन भोग लगाया गया और बाबा श्याम को मेवा केक समर्पित कर प्रभु के भजन गुणगान से उनका जन्मदिन मनाया गया। शाम 7 बजे की आरती कर भजन कलाकार अरुण पाण्डे जी के भजन प्रथम मनावा गणपति की वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत हुई उसके बाद कोलकाता से आये कुमार दीपक नेष प्रभु का जिसने भरोसा किया तूफानों में भी जलता उसका दियाष ष्वंशी वाले तेरा शुक्रियाष और ष्तुं डर मत ओ पगले तेरा श्याम आयेगाष आदि भजनों से परिसर को भक्तिमय माहौल मे रंग दिया। अर्धरात्रि में स्टेज पर आई प्रसिद्ध मंगलपाठ गायक करिश्मा चावला ने ष्जी नहीं लागे थारे बिनाष ष्दिल ले गया खाटू वालाऔर हार के आवे जो इसके शरण में गाया तो भक्त भाव विभोर हो गए और फिर कुमार दीपक व करिश्मा चावला की युगल जोड़ी ने जब बाबा के जन्मदिन पर सामूहिक भजन ष्जन्मदिन आज मनायेंगे हैप्पी बर्थडे सांवरिया ष गाया तो उपस्थित लोग झूम झूम कर नाचने लगेए ष घणो ही मिजाजी रे नखरालियोष भजन ने तो धमाल ही मचा दिया। सुबह की आरती तक श्याम शर्मा और प्रसन्न शर्मा की जोड़ी ने भी भक्तों को भजनों की गंगा में डुबकी लगवाई। इस अवसर पर कृष्ण मुरारी शर्माए रामगोपाल शर्माए अशोक अग्रवालए वेद कनोडियाए अनूप कनोडियाए सज्जन केजरीवालए सुधीर गोयलए त्रिवेणी गुप्ताए अजय गुप्ताएविवेक कमानीए नवनीत अग्रवालए रोशन नांगलियाए विष्णु अग्रवालए बबलू केजरीवालए शरद अग्रवालए मंजरी गोयल रंजना केजरीवालए कमलेश उदयपुरिया मनोज सेठ राकेश गाड़िया कैलाश जैन विकास कनोडियाए आशीष कनोडियाए मनोज वर्माए आदि प्रमुख रूप से ब्यवस्था मे लगे रहे।

# जर्जर एएनएम सेंटर में स्वास्थ्य सेवाओं का संकट

- ग्रामीण महिलाओं को हो रही कठिनाइयाँ, प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपील

**अमेठी।** जगदीशपुर ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं का गंभीर संकट ,ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित एएनएम (आधिकारिक नर्स मिडवाइफ) सेंटर अब जर्जर हो चुके हैं। इन सेंटरों की बिगड़ती हालत के कारण, एएनएम स्टाफ यहाँ निवास करने से कतरा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप गांव की महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर-दराज के केंद्रों का रुख करना पड़ता है।

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत एएनएम सेंटर की स्थिति**

सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की देखभाल, प्रसव पूर्व और प्रसव पश्चात सेवाओं के लिए एएनएम सेंटर स्थापित किए गए थे। मंगौली ग्राम सभा में तीन दशक पहले स्थापित एएनएम सेंटर शुरू में समर्पित रूप से कार्य करता था, जहां डोमड़ीह, परवेजपुर और मंगौली ग्राम सभाओं के एएनएम स्टाफ सेवा देते थे। लेकिन अब यह सेंटर पूरी तरह से जर्जर हो चुका है, जिससे महिलाओं को टीकाकरण और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं के लिए चार से पाँच किलोमीटर दूर जगदीशपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जाना पड़ता है।

**शिकायतों के बावजूद प्रशासन की उदासीनता**

क्षेत्रीय पत्रकार गंगेश पाठक, पूर्व प्रधान चंद गोपाल और अन्य



ग्रामीणों ने कई बार इस एएनएम सेंटर की जर्जर स्थिति को लेकर प्रशासन को लिखित शिकायत दी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। 2014-15 में तत्कालीन अधीक्षक जीए खान के समय में भी इस सेंटर की स्थिति पर शिकायत की गई थी। इसके बाद डॉ. महेंद्र तिवारी ने अधीक्षक का पद संभाला और अब वर्तमान में डॉ. प्रदीप तिवारी हैं, लेकिन इस सेंटर की मरम्मत का कार्य आज तक शुरू नहीं किया गया है।

**विधायक से की गई अपील, फिर भी कोई सुधार नहीं**

2015 में इस सेंटर के मरम्मतीकरण के लिए ग्रामीणों ने पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी को आवेदन दिया था। विधायक ने इसे संबंधित अधिकारियों तक भेजा था, लेकिन अब तक न तो किसी अधिकारी ने सेंटर का निरीक्षण किया और न ही कोई ठोस कदम उठाया गया।

**जिला अधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमेठी से महिलाओं का निवेदन :** इन तीन ग्राम सभाओं की महिलाएं आज भी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर-दराज के केंद्रों पर निर्भर रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का आह्वान है कि अमेठी की महिला जिला अधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी इस एएनएम सेंटर का निरीक्षण कर इसके मरम्मतीकरण के कार्य को शीघ्र शुरू करें। इस कदम से गांव की महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अन्य स्थानों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और उन्हें घर के पास ही चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

**सार्वजनिक हित में शीघ्र कार्यवाही की आवश्यकता**

इस जर्जर सेंटर की स्थिति का सुधार ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह कार्यवाही सरकारी योजनाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है, जो ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं के समुचित वितरण को सुनिश्चित करेगी। सरकार द्वारा किए गए स्वास्थ्य सुधारों की दिशा में यह एक अहम कदम साबित होगा अगर इस सेंटर का मरम्मत कार्य किया जाता है। यह न केवल यहां की महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार लाएगा, बल्कि यह सुनिश्चित करेगा कि ग्रामीण महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं समय पर और उनके घर के पास मिल सकें।

## मंगल गीतों के साथ हुआ श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह



**भेटुआ (अमेठी)।** धरई माफी गांव में चल रही श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन भगवान श्री कृष्ण की रास लीला एवम रुक्मिणी विवाह की कथा को सुनाया गया। रुक्मिणी विवाह कथा में श्रद्धालुओं ने मंगल गीत गाए। धरई माफी गांव में चित्रकूट धाम से आए कथा व्यास रामनुजाचार्य वैदिक सत्य प्रताप बाजपेई ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने अधर्म को मिटाकर धर्म की स्थापना की। व्यास ने श्री कृष्ण की रास लीला के साथ रुक्मिणी विवाह की कथा को सुनाया ।व्यास ने कहा कि धन और मान होने पर भी जो विनम्र रहता है वही भू मंडल में सर्वश्रेष्ठ होता है। श्रोताओं ने रुक्मिणी और श्रीकृष्ण विवाह में उपहार भेंट कर विवाहोत्सव मनाया। विवाह प्रसंग में श्रोताओं ने पूजन कर उपहार भी भेंट किए। मुख्य यजमान कर्मावती एवम कमल किशोर जायसवाल ने आए हुए लोगों का स्वागत किया। इस मौके पर डॉ पंकज कुमार, डॉ अनिल कुमार, सुनील कुमार, नीरज, सुशील, राजेंद्र कुमार, योगेंद्र प्रसाद तिवारी , दिनेश सिंह के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजोदगी रही।

## कोटेदार कर रहा घटतौली का वीडियो वायरल

**गौरीगंज, अमेठी।** केन्द्र व प्रदेश सरकार कोटेदारो को घटतौली रोकने के ई पास मशीन लागू जरूर कर दिया है लेकिन कोटेदार घटतौली करने से बाज नहीं आ रहें हैं। मामला मुख्यालय गौरीगंज के कटरालागंज के कोटेदार धर्मेंद्र कुमार का नायाब तरीका घटतौली करने का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें कोटेदार ई पास मशीन से इलेक्ट्रॉनिक कांटे पर बीस किलो, दस किलो, पांच किलोग्राम का बांट रखकर कार्ड धारकों से अंगूठा लगवाते हैं उसके बाद दूसरे इलेक्ट्रॉनिक कांटे से पांच किलोग्राम घटतौली कर रहे हैं यह घटतौली करने तरीका लोगों में आश्चर्य हो रहा है। बताते चलें कि कोटेदार की दुकान जनपद मुख्यालय पर जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय से मात्र दो किमी. दूर स्थित है। कोटेदार को अधिकारी का खौफ नहीं है जो अमेठी चौराहे पर रोड



पर स्थित दुकान से खुलेआम घटतौली कर रहा है जहां जनपद उच्चाधिकारी बैठते हैं। वहीं कार्ड धारकों ने बताया कि कोटेदार धर्मेंद्र की शिकायत पूर्व में कई बार की जा चुकी है कोटेदार जिन कार्ड धारकों के परिजनों की ई केवाईसी नहीं है उनका राशन भी नहीं देता है ।इस सम्बन्ध में जब जिला पूर्ति अधिकारी से बात गयी तो उन्होंने अंभिज्ञता जाहिर करते हुए जांच करायें जाने की बात कही।

## ट्रेन की चपेट में आया युवक, दोनों पैर कटे गंभीर हालत में रायबरेली एम्स रेफर

**अमेठी ।** जिला मुख्यालय गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हुआ, जब शौच के लिए रेलवे लाइन की ओर गए युवक को ट्रेन ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में युवक के दोनों पैर कट गए और उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। युवक को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत बिगड़ते देख उसे रायबरेली के एम्स रेफर कर दिया गया है। हादसा गौरीगंज के वाराणसी-लखनऊ रेलखंड स्थित बनी रेलवे स्टेशन के पास देर रात करीब 10 बजे हुआ। कुलदीप पासी (25) पुत्र राजाराम, जो बाछिल एंधी गांव का निवासी है, घर से लगभग 500 मीटर दूर रेलवे लाइन की तरफ शौच करने गया था, तभी अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे की जानकारी मिलते ही आस-पास के ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची गौरीगंज कोतवाली पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से युवक को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए रायबरेली के एम्स रेफर कर दिया गया। युवक की स्थिति नाजुक बनी हुई है, और परिजनों में हादसे के बाद से ही गहरा दुःख छाया हुआ है।

## पृथ्वी पर मां का स्थान सर्वोच्च होता है



**सुलतानपुर (वीओएल)।** श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ महोत्सव का मंगलवार को प्रथम दिन आयोजन किया गया, जिसमें श्रीधाम वृंदावन से पधारे बालव्यास मधुर जी ने भागवत माहात्मय की कथा एवं शुकदेव आगमन के बारे में महत्वपूर्ण विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति इस संसार में आकर श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से वंचित रहते हैं, उनके बारे में देवता स्वर्ग में चर्चा करते हैं। उन्होंने बताया कि जो भागवत देवताओं के लिए भी दुर्लभ है, वही कथा हम मनुष्यों को श्रवण के लिए उपलब्ध है। ऐसे लोग जो इस कथा से दूर रहते हैं, वे पृथ्वी पर भार के समान होते हैं और उनका जन्म केवल अपनी मां को प्रसव पीड़ा देने के लिए होता है। बालव्यास जी ने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस कथा के श्रवण से बांस की गांठें फट सकती हैं, वहीं कथा हमारे हृदय के कल्मषों की गांठ को कैसे नहीं खोल सकती ? भागवत कथा से संसार का कल्याण होता है, क्योंकि श्रीकृष्ण की वाङमयी मूर्ति ही स्वयं भागवत है। उन्होंने आगे बताया कि इस कथा के श्रवण से न केवल व्यक्ति का जीवन शुद्ध होता है, बल्कि समाज का भी कल्याण होता है। कथा का आयोजन ब्लॉक धनपतगंज के ग्राम सभा बड़नपुर के ग्राम पूरे पंडित आचार्य में पूर्व प्राचार्य पंडित जगदेव प्रसाद पांडेय शास्त्री के आवास पर किया गया है। यह श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह 12 नवंबर से 18 नवंबर तक चलेगा, जिसमें क्षेत्रीय लोग बालव्यास मधुर जी महाराज की अमृत वाणी का श्रवण करेंगे। 19 नवंबर को हवन और 20 नवंबर को महाप्रसाद का आयोजन भी किया जाएगा।

## भगवान का स्मरण करने से सभी कष्टों समाधान होता है : अंजनी दास

**कादीपुर, सुलतानपुर ।** श्रीमद् भागवत कथा को जीवन की औषधि बताते हुए हरिद्वार से पधारे संत स्वामी अंजनी दास महाराज ने कहा कि भगवान का स्मरण सभी कष्टों और समस्याओं का समाधान करता है। वे लक्ष्मणपुर गांव में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर प्रवचन कर रहे थे। पूज्य संत ने कहा कि भगवत स्मरण ही सभी कुविचारों को समाप्त करने में सक्षम है। भगवत स्मरण से साधारण व्यक्ति भी अपने जीवन को उन्नति और कल्याण की दिशा में ले जा सकता है। स्वामी अंजनी दास जी ने यह भी कहा कि जीवन की कठिनाइयों का समाधान भगवद् स्मरण में छिपा हुआ है। जब व्यक्ति भगवान के नाम का उच्चारण करता है, तो वह न केवल मानसिक शांति प्राप्त करता है, बल्कि उसके भीतर से सभी नकारात्मक विचार भी नष्ट हो जाते हैं। इसके बाद, अयोध्या से पधारे स्वामी मृत्युंजय जी महाराज ने वाणी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शब्दों का बहुत प्रभाव होता है, इसलिए वाणी में संयम रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विनम्रता और अनुशासन ही वाणी का आभूषण होते हैं, और हमें इनका पालन हमेशा करना चाहिए। कार्यक्रम में पंडित नारायण तिवारी, सिविल जज धर्मराज मिश्र और बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंधक देवराज मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।

# अब व्यापारियों को डरने की नहीं जरूरत

## झारखंड के भ्रष्ट नेताओं को उल्टा लटका देंगे, कोयले की तस्करी रोकेंगे : अमित शाह



झरिया (झारखंड)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने झारखंड में कथित भ्रष्टाचार और कोयला तस्करी के लिए झामुमो नीत गठबंधन की आलोचना करते हुए मंगलवार को राज्य के मतदाताओं से भाजपा के हाथ मजबूत करने का आग्रह किया ताकि भ्रष्ट नेताओं को उल्टा लटकाया जा सके। शाह ने यह भी घोषणा की कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य में प्रत्येक घुसपैठिए की पहचान करेगी और उसे खदेड़ देगी। उन्होंने राज्य के कोयला खनन क्षेत्र झरिया में भाजपा की एक रैली में कहा कि झारखंड में भाजपा के सत्ता में आने पर कोयले की तस्करी रोकी जाएगी, व्यापारियों को अब डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद जनता का पैसा लूटने वाले झारखंड के भ्रष्ट नेताओं को बख्शा नहीं जाएगा।

शाह ने दावा किया, हम भ्रष्ट नेताओं को सीधा करने के लिए उन्हें उल्टा लटका देंगे। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया, हेमंत बाबू घुसपैठियों के लिए लाल कालीन बिछाकर उनका स्वागत करते हैं। हम झारखंड में भाजपा के सत्ता में आने पर उनकी पहचान करेंगे और उन्हें राज्य से बाहर खदेड़ देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि घुसपैठिए आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे हैं और उनकी जमीन हड़प रहे हैं। शाह ने रैली को संबोधित करते हुए कहा, आपका एक वोट झारखंड की किस्मत तय करेगा। यह भी तय करेगा कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाएं लखपति बनेंगी या झारखंड के भ्रष्ट नेता अपनी तिजोरियां भरेंगे। शाह ने दावा किया, मोदी की गारंटी पत्थर की लकीर है। झारखंड में भाजपा के सत्ता में आने पर महिलाओं का संपत्ति पंजीकरण एक रुपये में किया जाएगा। कांग्रेस पर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति का आरक्षण छीनकर मुस्लिमों को देने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा अल्पसंख्यक समुदाय को आरक्षण नहीं देने देगी जैसी कि कांग्रेस की योजना है। भाजपा नेता ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी पर भी कटाक्ष किया और मतदाताओं से भाजपा के प्रतीक चिन्ह कमल के लिए इतनी जोर से बटन दबाने का अनुरोध किया कि उसका करंट इटली में महसूस हो।

### वक्फ बोर्ड में बदलाव का समय आ गया हैः गृहमंत्री

बाघमारा (झारखंड)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को वक्फ बोर्ड पर कर्नाटक में मंदिरों, ग्रामीणों और अन्य लोगों की जमीन हड़पने का आरोप लगाया और कहा कि अब समय आ गया है कि बोर्ड में बदलाव किया जाए और संबंधित अधिनियम में संशोधन किया जाए। उन्होंने यह भी दावा किया कि कोई भी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू होने से नहीं रोक सकता, जो घुसपैठियों को रोकने के लिए आवश्यक है, और उन्होंने आदिवासियों को आश्वासन दिया कि उन्हें इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा। झारखंड के बाघमारा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, वक्फ बोर्ड को जमीन हड़पने की आदत है। कर्नाटक में इसने ग्रामीणों की संपत्ति हड़प ली है... इसने मंदिरों, किसानों और ग्रामीणों की जमीनें हड़प ली हैं... मुझे बताइए कि वक्फ बोर्ड में बदलाव की जरूरत है या नहीं। हेमंत बाबू और राहुल गांधी कहते हैं, नहीं।

# पर्यावरण बचाने की जरूरत का अहसास कराती हैं महाकवि कालिदास की रचनाएं : उपराष्ट्रपति



इंदौर (मध्यप्रदेश)। जलवायु परिवर्तन की गंभीर समस्या से निपटने के लिए जागरूकता बढ़ाए जाने पर जोर देते हुए उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि महाकवि कालिदास की रचनाएं पर्यावरण बचाने की जरूरत का अहसास कराती हैं।

धनखड़ ने उज्जैन में 66वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह के उद्घाटन समारोह में कहा कि आज की ज्वलंत समस्या पर्यावरण की है। महाकवि कालिदास की रचनाओं से हमें बोध होता है कि पर्यावरण का संरक्षण हमारे अस्तित्व के लिए अहम है। उप राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि जलवायु परिवर्तन की गंभीर समस्या से निपटने के प्रति सबको ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें याद रखना चाहिए कि हमारे पास पृथ्वी के अलावा कोई दूसरा रहने के लिए नहीं है। धनखड़ ने कहा कि कालिदास को समग्र कवि समुदाय का कुलगुरु कहा जाता है और अभिज्ञान शाकुन्तलम, मेघदूतम, कुमार संभव और ऋतु संहार तथा मालविका अग्निमित्रम सरीखी उनकी अमर कृतियों में मानवीय भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। उप राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि दुनिया में भारत के अलावा दूसरा कोई भी देश नहीं है जिसके पास इतनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत हो। उन्होंने कहा कि देश की सांस्कृतिक जड़ें नागरिकों को जीवन के दर्शन, सार और मूल्य के साथ ही अपने अस्तित्व का महत्व बताती हैं। धनखड़ ने कहा कि यह बात ध्यान रखने वाली है कि जो देश और समाज अपनी संस्कृति और सांस्कृतिक धरोहर को संभाल कर नहीं रखता, वह ज्यादा दिन नहीं टिक सकता। हमें हमारी संस्कृति पर पूरा ध्यान देना होगा। समारोह को सूबे के राज्यपाल मंगू भाई पटेल, मुख्यमंत्री मोहन यादव और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि ने भी संबोधित किया।

## संक्षेप

### अमेरिकी सेना ने किये सीरिया में मिलिशिया के ठिकानों पर हमले

वाशिंगटन। अमेरिका ने ईरान समर्थित मिलिशिया द्वारा पिछले 24 घंटे में उसके कर्मियों पर किए गए हमले के जवाब में सोमवार को सीरिया के दो स्थानों पर नौ ठिकानों पर हमले किए। यूएस सेंट्रल कमांड ने यह जानकारी दी। हमलों में कोई भी अमेरिकी कर्मी घायल नहीं हुआ। सोमवार देर शाम तक पेंटागन ने न तो यह जानकारी दी कि सीरिया में अमेरिका के किन स्थानों पर हमला किया और न ही यह बताया कि बदले में अमेरिका ने किन स्थलों पर हमला किया। सीरिया में इस्लामिक स्टेट के आतंकवादियों के खिलाफ कार्वाई में सहयोगी बलों की सहायता करने के लिए अमेरिका के लगभग 900 कर्मी तैनात हैं। फरवरी में उसने जॉर्डन में ड्रोन हमले के जवाब में सीरिया में ईरान समर्थित मिलिशिया ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हमला किया था, जिसमें तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। इजराइल में सात अक्टूबर को हमास द्वारा किए गए हमले और गाजा में इजराइल के बड़े सैन्य अभियान के बाद से हमास के साथ संबद्ध ईरान समर्थित लड़ाकों ने इराक और सीरिया में अमेरिकी सैनिकों के ठिकानों पर ड्रोन तथा रॉकेट दागकर हमले किए हैं।

# संविधान को खत्म करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं भाजपा और आरएसएस



गोंदिया (महाराष्ट्र)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संविधान को खत्म करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। गांधी ने कहा कि वह गारंटी के साथ कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान नहीं पढ़ा है, अन्यथा वह उसमें लिखी बातों का सम्मान करते। कांग्रेस नेता गांधी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के पूर्वी हिस्से में स्थित गोंदिया में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। गांधी ने कहा कि लोगों को मोदी से पूछना चाहिए कि पिछले 10 सालों में उन्होंने कितने किसानों का ऋण माफ किया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र में यदि विपक्षी महा विकास आघाडी की सरकार सत्ता में आयी तो सोयाबीन और कपास के किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम एवं गरीबों को स्वास्थ्य बीमा मिलेगा।

# जी20 देशों को जलवायु कार्रवाई तेज करने की जरूरत

अजरबैजान। अजरबैजान की राजधानी बाकू में आयोजित संयुक्त राष्ट्र के वार्षिक जलवायु सम्मेलन सीओपी29 में मंगलवार को जारी जलवायु जवाबदेही मैट्रिक्स के मुताबिक अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, सऊदी अरब और तुर्किये सहित अधिकांश जी20 सदस्यों को जलवायु कार्वाई में अहम तेजी लाने की जरूरत है। जलवायु जवाबदेही मैट्रिक्स (सीएएम) ग्लोबल साउथ का अपनी तरह का पहला आकलन तंत्र है, जो अनुकूलन और कार्यान्वयन के साधनों सहित शमन से परे जलवायु पहलुओं में देशों के प्रदर्शन का विश्लेषण करता है। सीएएम में कहा गया कि अमीर देशों के मुकाबले ग्लोबल साउथ के देशों जैसे भारत और दक्षिण अफ्रीका ने प्रमुख समझौतों में सक्रिय रूप से हिस्सा लेकर, घरेलू स्तर पर उचित प्रयास करके और अपने दायित्वों का पालन करके जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने के लिए अहम प्रयास किए हैं। यह रिपोर्ट नयी दिल्ली स्थित थिंक टैंक काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) ने स्वतंत्र रूप से तैयार की है।

सीईईडब्ल्यू की रिपोर्ट क्या जी20 देश जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त कर रहे हैं? यहां सीओपी29 में जारी की गई है जिसमें पेरिस समझौते को मजबूत करने की प्रतिबद्धताओं पर प्रगति की निगरानी की गई और जलवायु प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए सीएएम को एक मानक के रूप में पेश किया गया है। वार्षिक जलवायु वार्ता के 29वें दौर सीओपी29 में शामिल होने के लिए 190 से अधिक देशों के प्रतिनिधि अजरबैजान की राजधानी बाकू में एकत्र हुए हैं। सीईईडब्ल्यू के सीईओ अरुणाभ घोष ने सीओपी28 के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के बावजूद, विकसित देशो के जवाबदेही के मामले में पीछे रहने के अहम पहलु पर प्रकाश डाला है। उन्होंने सीओपी29 से देशों को जवाबदेह ठहराने को प्राथमिकता देने का आग्रह करते हुए कहा, सीओपी29 जवाबदेही के बारे में होना चाहिए। ऐतिहासिक रूप से सबसे बड़े उत्सर्जक विकसित देशों को ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन में कमी लाने के प्रयास में तेजी लानी चाहिए।

# चीन में कार ने भीड़ को रौंदा 35 की मौत, 43 अन्य घायल

बैंकॉक। दक्षिणी चीनी शहर झुहाई में एक व्यक्ति ने अपनी कार से एक खेल परिसर में व्यायाम कर रहे लोगों को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में 35 लोगों की मौत हो गयी और 43 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि 62 वर्षीय चालक को हिरासत में ले लिया गया, हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि यह हमला था या फिर हादसा। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच जारी है। सोमवार रात को हुई इस घटना के बाद से इलाके में निगरानी कड़ी कर दी गई है क्योंकि झुहाई एयरशो मंगलवार से शुरू हो चुका है। पुलिस ने व्यक्ति की पहचान केवल उसके उपनाम फैन से की। पुलिस ने बयान में बताया कि वाहन ने सोमवार शाम को कई पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी थी। घटना से जुड़े एक वीडियो में अग्निशमन विभाग के एक कर्मी को एक व्यक्ति पर सीपीआर देते हुए देखा जा सकता है। समाचार ब्लॉगर ली यिंग ने वीडियो साझा किया, जो एक्स पर टीचर ली के नाम से जाने जाते हैं। वीडियो में दर्जनों लोग खेल परिसर में दौड़ने वाले ट्रैक पर पड़े हुए दिखाई दे रहे थे।

# महायुति लोकसभा चुनाव में हुए नुकसान की करेगी भरपाई



पालघर। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियां विधानसभा चुनाव विजयी बनकर उभरने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगी तथा लोकसभा चुनाव के दौरान हुए नुकसान की भरपाई करेंगी।

राज्य में 20नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के सिलसिले में पालघर जिले में तीन स्थानों पर रैलियों में फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में चुनाव के बाद सत्ता में महायुति के लौटने पर उसकी सरकार कृषि ऋण माफ कर देगी। उन्होंने कहा कि इस साल लोकसभा चुनाव में हमने जो भी नुकसान उठाया, उसकी हम भरपाई करेंगे। हमें विश्वास है कि महायुति गठबंधन सत्ता में बना रहेगा। भारतीय जनता पार्टी, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की राकांपा के गठबंधन महायुति ने लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की कुल 48 में से केवल 17 सीट जीती थीं। उसके विपरीत कांग्रेस, शिवसेना और राकांपा के गठबंधन महा विकास आघाडी ने 30 लोकसभा सीट पर विजय हासिल की थी।

भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में 23 सीट जीती थी लेकिन 2024 के संसदीय चुनाव में उसकी सीट घटकर नौ पर आ गयी। फडणवीस ने कहा कि राज्य में महायुति की सरकार बन जाने के बाद कृषि ऋण को माफ करने का निर्णय लिया जायेगा जिससे कृषि समुदाय के वित्तीय बोझ को दूर करने में मदद मिलेगी। अगले पांच सालों तक किसानों को बिजली बिल से छूट दी जाएगी एवं एक समर्पित कंपनी उनके लिए 24 घंटे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करेगी।

# इजराइली हमलों में 14 फलस्तीनी मरे

दीर अल बलाह। गाजा में इजराइल द्वारा किये गये दो हमलों में दो बच्चे और एक महिला सहित कम से कम 14 लोगों की मौत हो गयी। फलस्तीनी चिकित्सा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, ये हमले जिन क्षेत्रों में किये गये, उनमें से ज्यादातर इलाका इजराइल द्वारा घोषित मानवीय क्षेत्र है। घायलों को नासिर अस्पताल और अल-अवदा अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों के अनुसार, सोमवार देर रात खान यूनिस शहर के पश्चिम में तथाकथित मुवासी मानवीय क्षेत्र में एक भोजनालय पर हमला हुआ, जिसमें दो बच्चों सहित कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई।

# कांग्रेस, झामुमो, राजद वंशवाद की राजनीति के पर्याय



बगोदर (झारखंड)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा ने मंगलवार को झारखंड में सत्तारूढ़ झामुमो, कांग्रेस और राजद गठबंधन पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि यह गठबंधन भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और वंशवाद की राजनीति का पर्याय बन गया है।

उन्होंने मौजूदा सरकार को चोरों की सरकार करार दिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए नड्डा ने कहा कि वह अभी आरोपों से मुक्त नहीं हुए हैं और सिर्फ जमानत पर बाहर हैं। सोरेन को भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। झारखंड उच्च न्यायालय ने 28 जून को उन्हें जमानत दे दी थी। नड्डा ने आरोप लगाया कि सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार ने न केवल कई घोटालों को बढ़ावा दिया, बल्कि घुसपैठ को भी बढ़ावा दिया। भाजपा प्रमुख ने कहा कि कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और वंशवाद की राजनीति के पर्याय हैं। ये वे लोग हैं जो आपके अधिकारों को हड़पते हैं। झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार चोरों की सरकार है जो लोगों के अधिकारों को लूटने के लिए तैयार है। नड्डा ने गिरिडीह के बगोदर में एक रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया,उन्होंने 5,000 करोड़ रुपये का खनन घोटाला, 4000 करोड़ रुपये का जल जीवन मिशन घोटाला, 236 करोड़ रुपये का भूमि घोटाला और अन्य घोटाले किए। उन्हें उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। झारखंड में झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन की वजह से घुसपैठ का ग्रहण लगा हुआ है। इसे भाजपा हटाएगी।

## इंटरटेनमेंट...

# पटना में 17 को लॉन्च होगा 'पुष्पा-2' का ट्रेलर



**मुंबई।** अल्लू अर्जुन की मच अवेटेड फिल्म पुष्पा 2 के ट्रेलर का इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है। मेकर्स के मुताबिक, फिल्म का ट्रेलर 17 नवंबर, 2024 को शाम 6:03 बजे लॉन्च किया जाएगा। इससे पहले खबर थी कि ट्रेलर 15 नवंबर को जारी किया जाएगा, लेकिन अब इसकी नई तारीख 17 नवंबर तय की गई है।

फिल्म के मेकर्स ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें लिखा गया है, 'सिनेमाघरों में एमएएसएस त्योहार शुरू होने से पहले हम एक धमाकेदार ट्रेलर लॉन्च कर रहे हैं।॥ पटना में ट्रेलर शाम 6 बजकर 3 मिनट पर रिलीज होगा।' हाल ही में सोशल मीडिया पर मेकर्स ने फिल्म को लेकर नया अपडेट भी दिया था। इसमें बताया गया था कि फिल्म में साउथ की ब्यूटी श्री लीला का एक आइटम सॉन्ग भी होगा। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर श्री लीला का एक पोस्टर भी शेयर किया था। बता दें, पिछले दिनों पिंकविला की रिपोर्ट में बताया गया था कि अल्लू अर्जुन 15 नवंबर से 15 दिनों के लिए पटना, कोच्चि, चेन्नई, बेंगलुरु, मुंबई और हैदराबाद जाएंगे। इस दौरान वह फिल्म का प्रमोशन करेंगे। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो पटना में फिल्म पुष्पा-2 का ट्रेलर लॉन्च किया जाएगा। हालांकि, उस वक्त ट्रेलर की लॉन्च डेट 15 नवंबर बताई गई थी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पुष्पा-2 की टीम फिल्म का हर स्तर पर प्रमोशन करना चाहती है, ताकि किसी तरह की कमी न रह जाए। फिल्म के निमार्ता चाहते हैं कि 5 दिसंबर को जब यह फिल्म सिनेमाघरों में आए, तो इसे बड़ी सफलता मिले। 2021 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी 'पुष्पा' 2021 में रिलीज हुई 'पुष्पाः द राइज' साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म थी। सभी वर्जन मिलाकर इस फिल्म ने इंडिया में 313 और वर्ल्डवाइड 350 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। यह सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्मों की लिस्ट में छठे नंबर पर है।

# माधुरी दीक्षित के साथ डांस पर बोलीं विद्या बालन

मुंबई। विद्या बालन ने 17 साल बाद भूल भुलैया 3 में अपने फेमस किरदार मंजुलिका को फिर से निभाया है। हाल ही में एक्ट्रेस ने माधुरी दीक्षित के साथ डांस करने को लेकर अपने डर के बारे में बात की। साथ ही यह भी शेयर किया कि फिल्म की सफलता उनके लिए कितनी जरूरी है। विद्या ने कहा कि वह चाहती हैं कि महिला-केंद्रित फिल्में लोगों को ज्यादा से ज्यादा पसंद आएं। विद्या बालन ने फिल्म भूल भुलैया 3 को लेकर कहा, जितना मैंने सोचा था, उससे कई ज्यादा अच्छा महसूस हो रहा है। ईमानदारी से कहूं तो मैंने यह कभी सोचा ही नहीं था कि 17 साल बाद मैं फिर से भूल भुलैया करूंगी और मंजुलिका को जिंदगी में वापस लाऊंगी। मुझे यह भी उम्मीद नहीं थी कि मुझे इसके लिए इतनी मोहब्बत मिलेगी।





# बॉलीवुड बनाम साउथ इंडस्ट्री पर बोले वरुण तेज



**मुंबई।** तेलुगु सिनेमा के स्टार वरुण तेज फिल्म 'मटका' के जरिए एक बार फिर हिंदी दर्शकों के बीच आ रहे हैं। इससे पहले वो फिल्म 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' में नजर आ चुके हैं। खास बातचीत के दौरान एक्टर ने बताया कि उनके पिता ने कभी भी उनके लिए फिल्म प्रोड्यूस नहीं की। उन्होंने यह भी बताया कि तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में मैनेजर और टैलेंट एजेंसी का चलन नहीं है।

बता दें कि वरुण तेज के पिता नागेंद्र बाबू तेलुगु सिनेमा के बहुत बड़े प्रोड्यूसर हैं। चिरंजीवी और पवन कल्याण उनके चाचा लगते हैं। राम चरण, अल्लू अर्जुन, अल्लू सिरीश, साईं तेज और पंजा वैष्णव तेज उनके चचेरे भाई हैं। इतने बड़े फिल्मी परिवार से ताल्लुक रखने के बावजूद वरुण तेज ने इंडस्ट्री में अपनी पहचान अपने दम पर बनाई है। यह फिल्म 1970 के दशक के मशहूर मटका किंग रतन खत्री के जीवन से प्रेरित है।

# अजय देवगन और रोहित शेट्टी ने सुनाए प्रैंक के किस्से



**मुंबई।** अजय देवगन की फिल्म 'सिंघम अगेन' हाल ही में रिलीजे हुई है। इस फिल्म में बॉलीवुड के कई बड़े सितारे नजर आए हैं। इसी बीच, एक इंटरव्यू में अजय देवगन ने अपने कुछ जोक्स के किस्से शेयर किए। उन्होंने कहा कि कई बार उनके प्रैंक इतने खतरनाक हो जाते थे कि वे किसी के तलाक का कारण भी बन जाते थे।

यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया के साथ बातचीत में अजय देवगन ने कहा, ह्यआजकल लोग इस बात से परेशान रहते हैं कि हम मजाक करेंगे तो कोई नाराज हो जाएगा। लेकिन हम इन सबके बारे में नहीं सोचते थे। हमारे मजाक इतने खतरनाक होते थे कि एक-दो तलाक भी हो चुके हैं। इतना ही नहीं, प्रैंक की वजह से फिल्म ओमकारा के सेट पर कई लोग बेहोश तक हो गए थे।' प्रैंक की वजह से हुई पति-पत्नी में लड़ाई - रोहित रोहित शेट्टी ने कहा, 'मुझे याद है, मैं और अजय एक बार किसी फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। उस दौरान हमने एक महिला और उसके साथ बच्चों को प्रोडक्शन टीम के एक मेंबर के घर भेज दिया। वह भी उसकी पहली पत्नी बनाकर, जिस कारण उनके बीच काफी लड़ाई हुई थी। अजय ने फिल्म के सेट पर खिलाए भांग के लड्डू बता दें, इससे पहले एक इंटरव्यू में एक्टर और कॉस्ट्यूम डिजाइनर डॉली अहलूवालिया ने भी अजय देवगन का एक प्रैंक शेयर किया था।

उन्होंने कहा था कि फिल्म 'ओमकारा' के सेट पर अजय देवगन सबसे बड़े प्रैंकस्टर थे। फिल्म के सेट पर अजय ने इतना सीरियस प्रैंक किया था कि कुछ लोग बेहोश हो गए थे। डॉली ने कहा, 'अजय सेट पर भांग से बने लड्डू लाए थे और जिसने भी उन लड्डुओं को खाया, वह बेहोश हो गया। इस कारण फिल्म के डायरेक्टर विशाल भारद्वाज थोड़े परेशान हो गए थे।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com